राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 03 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 151, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

खबर का असरः पानी की बर्बादी रुकी! अटौरा में पाइपलाइन मरम्मत शुरू...03

कच्ची शराब बरामद, 02 क्विंटल लहन नष्ट! लहबड़ी में होली से पहले आबकारी टीम की बड़ी कार्रवाई...06

## यूथ कांग्रेस के 9 कार्यकर्ताओं को बेल, कोर्ट ने कहा- एआई समिट में प्रदर्शन राजनीतिक आलोचना थी

**● दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने एआई समिट में शर्टलेस होकर प्रदर्शन करने वाले यूथ कांग्रेस के 9 कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है. इस दौरान कोर्ट ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक राजनीतिक आलोचना का रूप था**





एआई समिट में शर्टलेस होकर प्रदर्शन करने वाले यूथ कांग्रेस के 9 कार्यकर्ताओं को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी है. इस दौरान कोर्ट ने कहा कि युवा कांग्रेस का विरोध राजनीतिक असहमति के बराबर था, न कि बार-बार की जाने वाली हिंसा या संगठित अपराध था।

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रवि ने कृष्ण हरि, नरसिम्हा यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ ??बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान को रिहा करने का आदेश दिया. इस दौरान जज रवि ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक राजनीतिक आलोचना का रूप था. पकड़े गए लोगों के खिलाफ संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या प्रतिनिधियों में दहशत फैलने का कोई सबूत नहीं मिला. सुरक्षाकर्मियों के साथ सही तरीके से सभी लोग बाहर निकले।

**अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन**

जज रवि ने आगे कहा कि बिना किसी जांच की आवश्यकता के लंबे समय तक विचाराधीन हिरासत में रखना संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन है. इसीलिए सभी को रिहा किया जाता है. जज ने कहा कि पुलिस का तर्क इस अंतरिम जमानत के मोड़ पर न्यायशास्त्रीय आधार से रहित है, जहां न्यायिक दृष्टि संभावित दोषसिद्धि के भ्रम पर नहीं बल्कि मुकदमे से पहले की स्वतंत्रता की कठोर वास्तविकताओं पर टिकी है।

**अब तक 14 लोग गिरफ्तार**

पुलिस ने इस मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया है और उन पर सुरक्षा में सेंध लगाने और घटनास्थल पर कथित तौर पर राष्ट्र-विरोधी नारे लगाने का आरोप लगाया ह. कोर्ट ने गौर किया कि आरोपियों के खिलाफ लगाए गए किसी भी आपराधिक प्रावधान में सात वर्ष से अधिक कारावास की सजा का प्रावधान नहीं है. कोर्ट ने पुलिस के इस तर्क को खारिज कर दिया कि सजाएं क्रमिक रूप से चलाई जा सकती हैं।

**क्या है पूरा मामला?**

आई वाई.सी के कार्यकर्ता 20 फरवरी को एआई समिट की जगह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट पहनकर या हाथ में लेकर घुसे, जिन पर 'इंडिया-US ट्रेड डील ', 'एपस्टीन फाइल्स' और 'PM इज कॉम्प्रोमाइज्ड' जैसे नारे लिखे थे. प्रदर्शनकारियों ने वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों और पुलिस स्टाफ के साथ भी हाथापाई की. साथ ही पीएम मोदी और सरकार की नीतियों के खिलाफ नारे लगाए।

## खामेनेई की मौत के बाद कश्मीर में प्रदर्शन पर सख्ती, लाल चौक सील, स्कूल-कॉलेज बंद

**● ईरान में खामेनेई की मौत के बाद भारत में जम्मू-कश्मीर से बड़ी खबर सामने आ रही है. शिया समुदाय के व्यापक प्रदर्शन को देखते हुए शासन ने सड़कों पर अधिक संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की है**





ईरान में खामेनेई की मौत के बाद भारत में जम्मू-कश्मीर समेत विभिन्न राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं. इस बीच कश्मीर घाटी से बड़ी खबर सामने आ रही है. कश्मीर में रहने वाले शिया समुदाय के बड़े प्रदर्शनों के बाद प्रशासन ने घाटी में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए हैं और परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है. साथ ही श्रीनगर में लालचौक को सील कर दिया गया है.

शिया समुदाय के व्यापक प्रदर्शन को देखते हुए शासन ने सड़कों पर अधिक संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है. ताकि किसी भी गड़बड़ी से तेजी से निपटा जा सके. प्रशासन ने लालचौक तक पहुंचने वाले सभी रास्ते सील कर दिए हैं, जबकि शिया बहुल इलाकों में सुरक्षा के मल्टीपल लेयर तैनात किए गए हैं. इन इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों को तैनात किया गया है. बताया जा रहा है कि मोबाइल इंटरनेट स्पीड को फिलहाल बहुत कम रखा गया हैं.

**सड़कों पर पुलिस के साथ सेना भी तैनात**

दरअसल, रविवार को ईरान में शिया समुदाय के बड़े नेता खामेनेई के इजरायली हमले में मारे जाने के बाद देश के कई राज्यों समेत कश्मीर में भी अमेरिका और इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं. रविवार से ही राज्य के श्रीनगर समेत अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले शिया समुदाय के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं. सोमवार को प्रदर्शन जारी है. जिस देखने हुए प्रशासन ने एहतियातन कदम उठाया हैं. जिसके बाद सड़कों पर भारी पुलिस बल के साथ सेना को भी तैनात किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए शहर भर में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिए हैं ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे. उन्होंने कहा कि शहर में आने वाले जरूरी चौराहों पर तार और बैरिकेड लगाए गए हैं. घाटी के दूसरे जिलों में शिया बहुल इलाकों में भी इसी तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं

**उमर फारूक और मेहबूबा मुफ्ती ने समर्थन किया**

अयातुल्लाह के मारे जाने के बाद जहां कश्मीर घाटी में सभी बड़े नेताओं ने इजरायली हमले की निंदा की हैं. वहीं अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने आज हड़ताल की कॉल दी जिसका समर्थन जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मेहबूबा मुफ्ती ने किया हैं. स्थिति को देख शिक्षा मंत्री ने आज से खुलने वाले सभी शिक्षा केंद्रों में दो दिन की छुट्टी की घोषणा की हैं जबकि सभी चल रही परीक्षाओं को भी स्थगित किया गया हैं. बताया जा रहा है कि हालात बेहतर होने पर स्कूल खोले जाएंगे. जिसके बाद परीक्षाएं कराई जाएंगीं.

**मुख्यमंत्री ने गहरी चिंता जताई**

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईरान में हो रहे घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताई. उन्होंने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और ऐसे किसी भी काम से बचने की अपील की जिससे तनाव या अशांति हो. उन्होंने कहा कि ईरान में जम्मू-कश्मीर के निवासियों, छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार विदेश मंत्रालय के साथ संपर्क में है

**यहां भी निकाला जुलूस**

जुमन इमामिया जम्मू ने खामनेई की मौत पर दुख जताने के लिए विरोध जुलूस निकाला। जुलूस इमामबाड़ा सूफी शाह पीर मीठा से शुरू हुआ और जम्मू के कर्बला कॉम्प्लेक्स में खत्म हुआ। शिया मुस्लिम समुदाय की महिलाओं और बच्चों ने रविवार को जम्मू के बठिंडी इलाके में जुट कर खामनेई की मौत पर दुख जताया।

**घाटी में दो दिन शिक्षण संस्थान बंद**

हालात को देखते हुए शिक्षा मंत्री ने दो दिन के लिए कश्मीर के सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय दो दिन बंद रहेंगे।

## संक्षिप्त ख़बरें

**दिल्ली बार काउंसिल चुनावः 7 मार्च से शुरू होगी वोटों की गिनती, मतगणना स्थल में बदलाव**

**नई दिल्ली।** हाल ही में सम्पन्न हुए बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) चुनाव के मतों की गणना सात मार्च से शुरू होगी। रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी ताजा आदेश में कहा गया है कि पूर्व निर्धारित स्थान पर जगह कम होने के कारण मतगणना सात मार्च से शुरू होगी। आदेश में कहा गया कि बड़ी संख्या में हुए मतदान और प्रत्याशियों की अधिक संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। सात मार्च से शुरू होने वाली मतगणना के पूरे होने पर चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। बीसीडी चुनाव के मतों की गणना सातवें फ्लोर के लाउंज में होगी, जबकि मतगणना प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए प्रत्याशियों के लिए छठे तल के लाउंज में व्यवस्था की जाएगी। ऐसे में सभी मतपेटियों को सातवें तल पर सीसीटीवी फुटेज की निगरानी में रखा जाएगा। 21 फरवरी से 23 फरवरी के बीच हाई परिसर के अंदर मतदाताओं ने 23 पदों के लिए मैदान में उतरे 221 प्रत्याशियों के लिए भारी संख्या में मतदान किया था। बीसीडी के चुनाव में कुल 57,253 अधिवक्ताओं ने मतदान किया था और आखिरी दिन सर्वाधिक 22,357 मतदान हुआ था। बीसीडी के चुनाव के लिए 98 हजार से अधिक मतदाता हैं। बीसीडी चुनाव के दौरान चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर रिटर्निंग अधिकारी न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) तलवंत सिंह ने 79 प्रत्याशियों को निलंबित कर दिया था। हालांकि, प्रत्याशियों द्वारा मामले पर जवाब दाखिल करने के बाद सभी का निलंबन वापस ले लिया गया था। बीसीडी चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) तलवंत सिंह के साथ चुनाव के दौरान बदसलूकी करने के लिए बीसीडी ने अधिवक्ता दीपक त्यागी को अंतरिम निलंबित कर दिया है। आरोप है कि आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत मिलने पर न्यायमूर्ति तलवंत सिंह हाई कोर्ट के प्रवेश द्वार पर जा रहे थे, तभी दीपक त्यागी ने उनके साथ हाथापाई करने की कोशिश की और वकीलों की भीड़ को उकसाया। साथ ही चुनाव मशीनरी के खिलाफ नारे लगाए। बीसीडी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि मामले में लगाए गए आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अधिवक्ता को तत्काल प्रभाव से प्रैक्टिस से अंतरिम निलंबित किया जाता है। मामले में सक्षम अनुशासनात्मक कमिटी द्वारा विचार किया जा रहा है।

## नोएडा में नहर में डूबे चार वर्षीय बच्चे का चौथे दिन भी नहीं मिला सुराग, नारियल पकड़ने के दौरान हुआ था हादसा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**दनकौर।** क्षेत्र के दौला रजपुरा गांव का रहने नहर में डूबे चार वर्षीय बच्चे को सोमवार को भी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से नहर में तलाश लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका है। लगातार चार दिन से तलाशी के बाद भी बच्चे का सुराग नहीं लगने के कारण पीड़ित स्वजन की उम्मीद टूटती जा रही है। घटना के बाद से ही पीड़ित स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है। गांव निवासी इसरार मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं।

उनका आठ वर्षीय बेटा जुनैद और चार वर्षीय बेटा अदनान के अलावा दो वर्षीय एक बेटी भी है। शुक्रवार शाम करीब चार बजे इसरार का बड़ा बेटा बह रहे नारियल को पकड़ने के लिए गंग नहर में कूद गया था। इसी दौरान उसका चार वर्षीय छोटा भाई अदनान फिसलकर नहर में गिरकर डूब गया। घटना के बाद से ही उसकी तलाश की जा रही है। रविवार को भी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने करीब 14 किमी दूर बांजरपुर गांव तक उसे तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। सोमवार को भी दोनों टीमें बच्चे को तलाश करने के लिए जुटी रहीं। घटना के बाद से ही गांव में मातम पसरा हुआ है और पीड़ित परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

## बिजली लाइन से आग 10 बीघा गन्ना खाक चार किसानों का लाखों का नुकसान, जेई ने मानी तारों में खामी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगवन्तपुर गांव में सोमवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक लगी आग से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बिजली लाइन में स्पार्क के निकली चिंगारी से लगी इस आग की चपेट में आकर लगभग 10 बीघा से अधिक क्षेत्र में खड़ी गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया दोपहर के समय गांव के पास से गुजर रही बिजली लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे निकली चिंगारी पास की गन्ने की फसल में जा गिरी तेज हवा के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की कई खेतों तक फैल गई आग की लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर दौड़े और अपने स्तर से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। इस हादसे में रामसागर की करीब 3 बीघा, महेश की लगभग 6 बीघा, राममनोरथ की 2 बीघा तथा सुशीला देवी की करीब 2 बीघा गन्ने की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई कुल मिलाकर किसानों को लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी। घटना की सूचना संबंधित विभागों को दी गई। इस संबंध में बिजली विभाग के जूनियर इंजीनियर राजेश कुमार ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है उन्होंने स्वीकार किया कि गांव में कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे लटके हुए हैं, जिसे जल्द दुरुस्त कराया जाएगा जेई ने आश्वासन दिया कि होली पर्व के बाद गांव में झूलते और नीचे लटके बिजली के तारों को ठीक कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके वहीं, पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है घटना के बाद से किसान बेहद मायूस हैं!!

## दादरी में पुलिस से शिकायत करने पर बीबीए के छात्र को गोली मार किया घायल, चार पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर (नोएडा)।** पुलिस से शिकायत करने पर बीबीए के छात्र को गोली मार किया घायल, चार पर मामला दर्ज कोतवाली क्षेत्र के भट्टा गांव में मारपीट के मामले की पुलिस से शिकायत करने पर गुस्साए आरोपित पक्ष ने पीड़ित पक्ष के एक छात्र को गोली मारकर घायल कर दिया। पीड़ित का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। गोली पीड़ित के पैर में लगी है। इस मामले में पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार को तीन नामजद समेत चार आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। भट्टा गांव निवासी अचल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि गांव के रहने वाले सचिन समेत अन्य लोगों से उनके भाई सागर का विवाद हो गया था, जिसमें सागर घायल हो गए थे। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस से रविवार की देर रात पहुंचकर शिकायत की थी।

## खबर का हुआ असर 17 माह बाद गांव चिट्टियां रहमत अली को मिली पक्की सड़क निर्माण जारी





Vasudev Rathore
18 Sept 2024

खीरी

06
13 सितंबर 2024

देश की आजादी से लेकर अब तक तीन गांवों को नहीं मिली सड़क झेल रहे संकट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरेली/**विकासखंड भदपुरा के तीन ऐसे गांव हैं जिन्हें देश की आजादी के बाद आज तक पक्की सड़क का लाभ नहीं दिया गया था जिसके चलते 18 सितंबर 2024 को स्वतंत्र प्रभात अखबार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशन किया गया जिसमें विकासखंड के तीन ऐसे गांव जिम देश की आजादी से लेकर अब तक पक्की सड़क से नहीं जोड़ा गया था।

जिसमें ग्राम पंचायत बिजासन का गांव चिट्टियां रहमत अली इसी विकासखंड की ग्राम पंचायत बिहारीपुर पीतम राम का गांव मलूकपुर है ग्राम पंचायत माधौपुर का गांव जगतपुर यह तीन ऐसे गांव हैं जिन्हें देश की आजादी के बाद आज तक पक्की सड़क का लाभ प्राप्त नहीं हुआ था इस खबर को स्वतंत्र प्रभात अखबार ने 17 माह पूर्व 18 सितंबर 2026 को इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशन किया।

इसके बाद प्रशासन ब शासन की कुंभकर्णी नींद टूटी और सर्वे करने के बाद अब बिजासन के गांव चिट्टियां रहमत अली को लोक निर्माण विभाग से पक्की सड़क का निर्माण होना प्रारंभ हो गया है सबसे उत्तम बात तो यह रही चिट्टियां रहमत अली में पूरी बस्ती यादव समाज की है परंतु चार बार सपा की सरकार रहने के बाद भी गांव वालों को पक्की सड़क का लाभ नहीं मिला।

जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भदपुरा के एक गांव को सड़क देने का कार्य किया है इसको लेकर ग्रामीण गदगद है लोगों ने स्वतंत्र प्रभात अखबार को बधाई देते हुए कहा मीडिया के माध्यम से हमारे गांव को भी पक्का रास्ता मिल गया इसके लिए बधाई हो।

## दो माह में मुश्किल है गोल मार्केट संग्रहालय का काम, मुख्य इमारत का जीर्णोद्धार अभी अधूरा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में गोल मार्केट में निर्माणधीन संग्रहालय का कार्य धीमी गति से चल रहा है। यही वजह है कि मई 2026 की समय-सीमा में इसका कार्य पूरा होना मुश्किल लग रहा है। क्योंकि मौके पर अभी सब-वे की खोदाई हो रही है। वहीं, मुख्य गोल मार्केट इमारत का भी अभी काम जीर्णोद्वार का पूरा नहीं हुआ है। जिसकी वजह से अगामी तीन माह में पूरा काम होकर इसका उद्धाटन होना मुश्किल है। अगर, तीव्र गति से भी काम होता है तो न्यूनतम छह से आठ माह लगेंगे। जबकि दिल्ली में अक्टूबर के बाद से ग्रेप लगना शुरू हो जाता है इससे और भी देरी इस परियोजना को हो सकती है।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस परियोजना का शिलान्यास अक्टूबर 2023 में किया था। प्रारंभिक तौर पर इस कार्य के पूरी होने की समय-सीमा एनडीएमसी ने अक्टूबर 2025 रखी थी लेकिन इसे पहले 2026 की मार्च तक बढ़ाया गया। फिर दिसंबर में ग्रेप के कारण निर्माण कार्यों पर रोक का हवाला देकर एनडीएमसी ने इस कार्य की समय-सीमा मई 2026 कर दी थी। लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य में गति नहीं दिखाई दे रही है। जिसकी वजह से अभी भी तय समय-सीमा पर कार्य पूरा होना मुश्किल है। हालांकि परियोजना तय समय पर पूरी होगी या नहीं इस पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) से जवाब मांगा गया लेकिन कोई उत्तर नहीं आया।

21 करोड़ की राशि से गोल मार्केट में वीरांगना संग्रहालय बनाया जा रहा है। इसमें देश की तरक्की में विशेष योगदान देने वाली राजनीतिक पृष्ठ भूमि, समाजिक पृष्ठ भूमि और समाज सेवा और अन्य क्षेत्रों की महिलाओं के जीवन पर आधारित तैयार किया जा रहा है। इसमे सुषमा स्वराज, कल्पना चावला, किरण बेदी जैसी महिलाओं के जीवन की जानकारी होगी। इसमें कैफेटेरिया से लेकर स्मृति चिन्हन बिक्री की दुकान भी होगी। सब-वे चूंकि गोल चक्कर पर है इसलिए भूमिगत सब-वे बनाए जा रहे हैं। भाई-वीर सिंह मार्ग और दूसरे मार्गों पर बनने वाले सब-वे पर लिफ्ट के जरिये नागरिक सब-वे में पहुंच सकेंगे। साथ ही यहां पर एक प्लाट एलएंडडीओ से लेकर एनडीएमसी पार्किंग की सुविधा भी विकसित करेगा। ताकि दूर-दराज से आने वाली पर्यटकों की बसें और लोगों की निजी गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा मिल सके।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### एसटीएफ और सुल्तानपुर पुलिस ने 50 हजार का इनामी पकड़ा



**अयोध्या पुलिस टीम पर हमले के मामले में हुई गिरफ्तारी**

**सुल्तानपुर-** पुलिस और एसटीएफ लखनऊ की संयुक्त टीम ने सोमवार को 50,000 रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अयोध्या पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में हुई है। अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दशरथ सिंह उर्फ प्रदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद सिंह के रूप में हुई है। वह ग्राम लाला का पुरवा, मजरा डोभियारा, थाना हलियापुर, जनपद सुल्तानपुर का निवासी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर के निर्देश और थानाध्यक्ष वंदना अग्रहरि के कुशल नेतृत्व में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। दशरथ सिंह हलियापुर थाने में गंभीर धाराओं में दर्ज मामले में वांछित था। पुलिस के अनुसार, नवंबर माह में जब अयोध्या पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए आई थी, तब उसके पुत्र आदर्श सिंह ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया था और फरार हो गया था। हाल ही में, दशरथ सिंह के पुत्र आदर्श सिंह को बल्दीराय पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। इस मामले में पुलिस ने पहले ही दशरथ सिंह की पत्नी और बेटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### शिवरतनगंज पुलिस द्वारा बकरी चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी हुई बकरी बरामद



**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी पर 02 अभियुक्त लक्ष्मी प्रसाद पुत्र शत्रोघन निवासी कुसुम्भी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष व अर्जुन उर्फ टन्ना पुत्र भुल्ली निवासी कुसुम्भी टिकरी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । कब्जे से बकरी को बरामद किया गया ।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 27.02.2026 को उनदोनों ने उक्त बकरी को कुसुम्भी टिकरी गांव से चोरी किया था । मौका देखकर वह दोनों आज इस बकरी को बेचने के लिए जा रहे थे । बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में सुसंगत धाराओं की बढ़ोत्तरी करते हुये थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

### बलरामपुर में कोर्रा पुल का जीर्णोद्धार पूरा:हजारों ग्रामीणों को आवागमन में मिली सुविधा



**बलरामपुर-**जनपद बलरामपुर के गोपियापुर-सरदारगढ़ मार्ग पर स्थित कोर्रा पुल का जीर्णोद्धार कार्य पूरा हो गया है। इस पुल के मरम्मत कार्य से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।यह पुल कई गांवों को जोड़ता है, जिससे प्रतिदिन हजारों लोग गुजरते हैं। बरसात के मौसम में पुल के दोनों ओर तेज बारिश से किनारे कट गए थे, जिससे सड़क की चौड़ाई कम हो गई थी। पुल की खराब स्थिति के कारण जलभराव और फिसलन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती थीं।जीर्णोद्धार कार्य के दौरान पुल के बीच-बीच में बरसाती पानी की निकासी के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इससे बारिश का पानी आसानी से निकल सकेगा और पुल के बोल्डर सुरक्षित रहेंगे। इन उपायों से पुल की मजबूती और आयु दोनों में वृद्धि होगी।कोर्रा पुल की मरम्मत से अब आवागमन सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक हो गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए स्थानीय ग्रामीणों ने नहर विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में हर्षोल्लास के साथ मनाए होली - डीएम अमेठी

**●पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** होली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि होली रंगों, उमंग और आपसी भाईचारे का प्रतीक पर्व है, जिसे प्रेम, सद्भाव और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया जाना चाहिए। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का भी प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति ऐसा कार्य न करे जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे या सामाजिक सौहार्द प्रभावित हो। जबरन रंग न लगाएं, कीचड़ या गंदगी किसी पर न फेंके तथा तेज आवाज में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप ही करें। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को सुरक्षित ढंग से होली खेलने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।

## रंग-उमंगों का स्नेहभरी होली के रंगों में डुबने लगे प्रखण्डवासी

**●होली को सामाजिक सौहार्द में सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन अलर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः-** ऋतुराज बसंत की बासंती सौंदर्य से इठलाती प्राकृतिक सुषमा, सरसों के पीले पुष्पों और हरियाली बिखेरती गेहूँ की पत्तियों से मोहते मन के बीच होली के विविध रंगों का पर्व अपनी उमंगों की गहराई में प्रखण्डवासियों को डुबोने लगा है। होली को लेकर लोगों में उल्लास हिलोरें लेने लगा है और इसे और प्रगाढ़ बनाने की तैयारी में सभी जुटते दिख रहे हैं। होली को लेकर बच्चों में भी खुशियाँ उमड़ने लगी हैं और वे अपनी मनपसंद पिचकारी, रंग, टोपी और विविध सामानों की खरीदारी करने लगे हैं। होली के मनभावन सामानों से दुकानें सज चुकी हैं। वहीं होली के सुरीले गीतों से बाजारों में ऐसा माहौल बना है कि लोग रंगों की गहराई में गोता लगाने को विवश हो रहे हैं।

मिष्ठान की दुकानों में खोया और छेना की मिठाइयों से उठती भिन्न-भिन्न मिठास लोगों को होली के मीठेपन का एहसास करा रही है। होलिका दहन के बाद बुधवार 4 मार्च को रंग-गुलाल का स्नेहभरा त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विष्णु भक्त प्रह्लाद के पिता राक्षसराज हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को मृत्यु के घाट उतारने के लिए अपनी बहन होलिका की गोद में बैठा दिया था। परंतु होलिका द्वारा वरदान का दुरुपयोग करने के कारण चादर हवा में उड़कर प्रह्लाद की गोद में आ गई और होलिका अग्नि की ज्वाला में समा गई। होलिका की निकृष्ट और ओछी मानसिकता के कारण लोग होलिका दहन के बाद पवित्रता और अनुराग से भरा पावन पर्व होली मनाते हैं तथा पवित्र भाव की कामना करते हैं।

## बलरामपुर में बनेगी बड़ी गोशाला, पांच गांवों की जमीन चिह्नित; विभाग ने जिलाधिकारी को भेजी फाइल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर ।** गोवंश संरक्षण योजना के तहत जिले में वृहद गोशाला निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए विभाग ने पांच पंचायत में वृहद गोशाला निर्माण के जमीन चयन कर जिलाधिकारी के अनुमोदन के लिए भेजा है। स्वीकृति के बाद शासन से गोशाला निर्माण के बजट की मांग की जाएगी।योजना के तहत जिस पंचायत में आधा हेक्टेयर से अधिक बंजर जमीन है, वहां गोशाला निर्माण कराए जाएंगे। तीनों तहसीलों में लेखपाल एवं पशु चिकित्सक के सत्यापन में पांच गांव में पर्याप्त जमीन मिलने पर विभाग ने वृहद गोशला का प्रस्ताव किया है। कारण- एक अप्रैल से 100 से कम संरक्षित पशु वाली गोशाला बंद कर दी जाएगी। यहां के पशुओं को वृहद गोशाला में संरक्षित किया जाएगा।गोशाला में कम पशु संरक्षित होने से विभाग का पशुओं के देख- रेख पर अधिक खर्च आ रहा है। इसको लेकर वृहद गोशाला का संचालन किया जाएगा। 50 से कम पशु वाले गोशाला बंद कराने का निर्देश करीब दो माह पूर्व मिला है। जिले में आठ ऐसे गोशाला चिह्नित किए गए है। इन गोशाला में संरक्षित पशुओं को अन्य गोशाला में संरक्षित कराने के विभाग ने संबंधित खंड विकास अधिकारी को पत्र जारी किया है।उतरौला तहसील के विकास खंड गैडासबुर्जुग के ग्राम पंचायत बिलारिया में वृहद गोशाला निर्माण के लिए 1.039 हेक्टेयर व गैडासबुर्जुग में 0.571 हेक्टेयर जमीन का चयन पशुपालन विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा किया गया है। इसी तरह सदर तहसील के हरैयासतघरवा ब्लाक के पंचायत इमलिया में 1.2 हेक्टेयर व इटवा में 1.036 हेक्टेयर व तहसील तुलसीपुर में ग्राम चौरासी में 1.039 हेक्टेयर, कल्याणपुर में 1.153 हेक्टेयर व पुरुषोत्तमपुर में 1.437 हेक्टेयर जमीन का चयन प्रस्ताव के पशुपालन विभाग अनुमोदन के लिए डीएम को भेजा है। जिले में वृहद गोशाला जमीन चिह्नित कर प्रस्ताव शासन में भेजना का निर्देश मिला है। तीनों तहसील में पांच ग्राम पंचायत में जमीन का चयन किया गया है। अनुमोदन के लिए जिलाधिकारी को फाइल भेज दिया गया है। अनुमोदन के बाद शासन से बजट की मांग की जाएगी। वृहद गोशाला निर्माण के विभाग ने तीनों तहसील के पांच पंचायत में जमीन का चयन किया है। -डॉ. राजेश शर्मा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी

## मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान, लोगों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : डीएम

**●डीएम के निर्देश पर पुलिस व प्रशासनिक टीम ने शहर के कई प्रतिष्ठानों पर मारा छापा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** होली पर्व के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम और जनसामान्य के स्वास्थ्य के प्रति जिलाधिकारी सत्य प्रकाश बेहद गंभीर हैं, जिसके लिए उन्होंने त्यौहार के पूर्व से ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की टीमों को ऐसे मिलावटखोरों की धरपकड़ के लिए एक्टिव कर दिया है, जिसके फलस्वरूप जनपद के शहरी व ग्रामीण इलाकों में ये टीमें युद्ध स्तर पर खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग कर रहीं हैं और मौके पर मिल रहे नकली खाद्य पदार्थों को नष्ट भी करा रहीं हैं।

इस संबंध में जिलाधिकारी का कहना है कि 'किसी भी दशा में जनपदवासियों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, मिलावटखोरों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलता रहेगा और अगर कोई अब भी मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों का व्यापार करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। 'अभियान के चलते सोमवार को टीम ने नगर में स्थित होटल, भोजनालय एवं मिष्ठान भण्डार आदि का निरीक्षक किया। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानन्द राय व राजस्व टीम मौके पर पाठक स्वीटस व आनंद भोजनालय का निरीक्षण कर मिष्ठान आदि का नमूना लेकर जाँच हेतु लेब में भेजा। इसके साथ ही दा ग्राण्ड सिददी होटल सिविल लाईन, ललितपुर का भी निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षण के समय पायी गयी कमियाँ यथा अग्निशमन आदि की व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरूस्त कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। उन्होंने समस्त खाद्य सामग्री विक्रेताओं को निर्देशित किया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जाँच दौरान किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## ललितपुर में घर में घुसकर जानलेवा हमला

**●कार्रवाई की मांग को लेकर डीएम-एसपी को सौंपा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नामदेव समाज के जिलाध्यक्ष पर घर में घुसकर किए गए जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित पक्ष ने सोमवार को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष कार्रवाई और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में पीड़ित ने बताया कि वह सिलाई कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 5 बजे जब वह अपने घर से मोटरसाइकिल निकाल रहे थे, तभी सामने खड़े ई-रिक्शा को हटाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात पर ग्राम बस्तगुवा थाना बार निवासी कुछ लोगों ने एक राय होकर उनके पुत्र ओम नामदेव एवं भतीजे अरुण नामदेव के साथ मारपीट की। मारपीट में दोनों को गंभीर चोटें आई, जबकि ओम के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है। पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना डायल 112 व स्थानीय पुलिस को दी गई थी, लेकिन तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। आरोप है कि इसके उलट पुलिस चौकी प्रभारी द्वारा विपक्षियों से मिलीभगत कर पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया गया और सुबह करीब 6 बजे घर से घसीटकर अपमानित करते हुए चालान कर दिया गया। बाद में परिजनों ने थाना जखौरा पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराई गई, जिसके बाद घटना की प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और धमकी दे रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### वृद्धाश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, 73 बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**अमेठी।** जिला अस्पताल असैदापुर की टीम द्वारा गौरीगंज स्थित वृद्धाश्रम में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. पितांबर कनौजिया ने वृद्धाश्रम में आवासित बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें रोगानुसार आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई। शिविर के दौरान कुल 73 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकीय परामर्श देते हुए डॉ. कनौजिया ने बुजुर्गों को नियमित रूप से हल्का-फुल्का व्यायाम करने, प्रतिदिन टहलने तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित दिनचर्या और सावधानी से स्वास्थ्य बेहतर रखा जा सकता है। निःशुल्क दवा एवं परामर्श प्राप्त कर वृद्धजन संतुष्ट एवं प्रसन्न दिखाई दिए।

## बकरी चराने के विवाद में चचेरे भाई की हत्या

**●सुलतानपुर में आरोपी अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सुलतानपुर –** बकरी चराने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी चचेरे भाई को अवैध पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। घटना बंधुआकला थाना क्षेत्र के मनियारी गांव में 1 मार्च 2026 को हुई थी। पुलिस के अनुसार, 1 मार्च 2026 को वादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उनके 65 वर्षीय पिता शाहिद हुसैन के साथ बकरी चराने के विवाद में गाली-गलौज की और उनके पेट में गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी। घायल शाहिद हुसैन को इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभ में, इस संबंध में मु0अ0सं0 48/2026 धारा 109(1)/352/351(3)/61(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। शाहिद हुसैन की मृत्यु के बाद, मुकदमे में धारा 103(1) की वृद्धि की गई और धारा 109(1) को हटा दिया गया।

पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत, बंधुआकला पुलिस ने 2 मार्च 2026 को आरोपी सहरू हुसैन (40 वर्ष) पुत्र नजरू हुसैन को गिरफ्तार किया। आरोपी को मनियारी गांव के लंगड़ी नहर पुलिया के किनारे झाड़ियों के पास से पकड़ा गया। उसके कब्जे से एक अवैध .32 बोर की पिस्टल और एक जिंदा .32 बोर का कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1)/352/351(3)/61(2) बीएनएस और धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। इस गिरफ्तारी को थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मो. नासिर कुरैशी, उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल मो. फरहान खान, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल राहुल सिंह और कांस्टेबल अमरजीत साह की टीम ने अंजाम दिया।

## रंगों की फुहार में सराबोर हुआ नमनदीप पब्लिक स्कूल, धूमधाम से मनाया गया होली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड के ग्राम दनुआ स्थित नमनदीप पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली का पर्व पारंपरिक उल्लास और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। फागुन पूर्णिमा के इस रंगोत्सव ने विद्यालय परिसर को उमंग, भाईचारे और सामाजिक समरसता के रंगों से सराबोर कर दिया। चारों ओर उड़ते अबीर-गुलाल और बच्चों की खिलखिलाहट से माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत होली के सांस्कृतिक और पारंपरिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को होली से जुड़ी पौराणिक कथाओं और इसके सामाजिक संदेश की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश दिया। होली मिलन समारोह विद्यालय के प्रधान शिक्षक सतीश केसरी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन बच्चों के मानसिक, सामाजिक और रचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही विद्यार्थियों को सुरक्षित, संयमित और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के शिक्षक रंजन रजक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे त्योहार समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संवाहक हैं। होली हमें सभी भेदभाव भुलाकर प्रेम, सद्भाव और आपसी सम्मान के साथ जीवन जीने की सीख देती है।

**परिसर में मटकाफोड़ प्रतियोगिता का रहा उत्साह**

होली मिलन समारोह के अवसर पर विद्यालय परिसर में मटकाफोड़ कार्यक्रम का भी जोशपूर्ण आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और टीम भावना के साथ इसमें भाग लिया। रंग-बिरंगे गुलाल और तालियों की गूंज के बीच बच्चों ने सहयोग और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। मटकाफोड़ प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिसमें कक्षा द्वितीय की छात्रा सुरभि कुमारी ने मटका फोड़कर सफलता हासिल की और सभी की सराहना बटोरी। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों की देखरेख में सुरक्षित और अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षक महेश ठाकुर, अमित केसरी, उमेश दास, रंजन रजक, अंजलि कुमारी, मोनिका कुमारी, राखी कुमारी सहित कई अभिभावक उपस्थित रहे। रंगों और खुशियों से सराबोर यह आयोजन विद्यालय परिवार के बीच एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को और अधिक प्रगाढ़ कर गया।

## महाराजगंज तराई में प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा खुलासा

**●नाली का गंदा पानी बना जानलेवा, रोज़ हो रहे हादसे - पीडब्ल्यूडी की चुप्पी पर उठे सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद के महाराजगंज तराई क्षेत्र में ललिया रोड स्थित महाराजगंज थाना मोड़ से आगे मुश्ताक की दुकान के पास लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सड़क इन दिनों गंभीर बदहाली का शिकार है। कस्बे का गंदा पानी नाली से निकलकर सीधे सड़क पर बह रहा है और भाखड़ा रोड तक फैल चुका है। हालात यह हैं कि सड़क पर गहरा गड्ढा बन गया है, जो राहगीरों के लिए मौत का गड्ढा साबित हो रहा है।

**रोज़ाना हादसे, फिर भी जिम्मेदार खामोश**

स्थानीय लोगों के अनुसार आए दिन दर्जनों लोग फिसलकर घायल हो रहे हैं। दोपहिया वाहन सवार अक्सर गिर जाते हैं, जबकि कई बार चारपहिया वाहन भी पलटने की नौबत आ चुकी है। बरसात और रात के समय स्थिति और भयावह हो जाती है, जब पानी से भरे गड्ढे दिखाई तक नहीं देते।

**'निकास नहीं है' कहकर विभाग झाड़ रहा पल्ला**

ग्रामीणों ने कई बार लोक निर्माण विभाग बलरामपुर से शिकायत की, लेकिन विभाग का तर्क है कि नाली के पानी का कोई स्थायी निकास नहीं है। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि कागजात में नाली का निकास दर्ज है। सवाल यह उठ रहा है कि यदि कागज़ों में व्यवस्था है तो जमीनी हकीकत में क्यों नहीं?

**मुख्य मार्ग, हजारों लोगों की जीवनरेखा**

लोहेपनिया के पूर्व प्रधान एवं लखनऊ हाईकोर्ट के अधिवक्ता महेंद्र तिवारी ने बताया कि यह मार्ग बलरामपुर, गोंडा और तुलसीपुर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन हजारों लोग इसी सड़क से यात्रा करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे, मरीज, व्यापारी और आम नागरिक इसी रास्ते पर निर्भर हैं। इसके बावजूद समस्या का समाधान न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है।

**उच्च स्तर पर शिकायत, जनहित याचिका की चेतावनी**

महेंद्र तिवारी ने प्रमुख सचिव राजस्व, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग तथा मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो जनहित को देखते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जाएगी।

**जनता पूछ रही — हादसे का इंतज़ार क्यों?**

शिव सिंह, राजेश, बालमुकुंद, मुस्तफा, रिंकू, सुमित, मुश्ताक सहित दर्जनों नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि अगर समय रहते सड़क की मरम्मत और नाली की निकासी की व्यवस्था नहीं हुई, तो किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर जनहित में तत्काल ठोस कदम उठाए जाएंगे?

## कोतवाली पहुंचे ठगी के शिकार हुए लोग

**●गोरखपुर,बलरामपुर से आए पीड़ित, पुलिस से की पासपोर्ट दिलाने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** गोंडा जिले की नगर कोतवाली में आज गोरखपुर, बलरामपुर सहित कई अन्य जिलों के लोग पहुंचे ये सभी विदेश भेजने के नाम पर ठगी के शिकार हुए हैं। पीड़ितों ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर पूरे मामले में कार्रवाई और अपने पासपोर्ट वापस दिलाए जाने की मांग की है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपी शमशाद उर्फ विवेक उर्फ नरेंद्र ने उन्हें विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगे। उसने इन सभी लोगों के पासपोर्ट अपने पास रख लिए और फिर फरार हो गया है। नगर कोतवाली पुलिस ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है।पुलिस ने बताया कि आरोपी शमशाद को गिरफ्तार कर गोंडा लाए जाने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी और पीड़ितों के पासपोर्ट वापस कराए जाएंगे। गोरखपुर और बलरामपुर के लोगों ने भी शिकायती पत्र देकर आरोपी शमशाद के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि ठगी के शिकार हुए लोग आज यहां एकत्रित हुए थे। उन्हें जानकारी मिली थी कि आरोपी शमशाद को नगर कोतवाली पुलिस गिरफ्तार कर लाई है, जबकि वह अभी कोलकाता में है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर यहां लाया जाएगा।कोतवाल ने आगे बताया कि पीड़ितों का आरोप है कि उनके पासपोर्ट आरोपी के पास हैं। पुलिस पूछताछ में ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि पासपोर्ट उसके पास हैं या किसी और के पास। फिलहाल, पुलिस इन लोगों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्रों पर भी जांच कर रही है। इस पूरे प्रकरण को लेकर एक मुकदमा पहले से ही दर्ज है, जिसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। इन सभी लोगों से विदेश भेजने के नाम पर आरोपी द्वारा अपना नाम विवेक बात करके ठगी की गई थी और इन लोगों को पता चला कि वह गिरफ्तार करके गोंडा लाया गया इसीलिए आए थे।

# आत्मीय इंद्रधनुषी रंगों से ओत-प्रोत हर्षोल्लास का वैश्विक महापर्व होली

**होली की अनंत बधाइयां शुभकामनाएं।**

होली और होलिकात्सव यह एक ऐसा अद्भुत त्यौहार है जिसे देश मे अनेक धर्म संप्रदाय होने के बावजूद इसे बहुत ही उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया जाने वाला महापर्व माना गया है। इसे समरसता का एक बड़ा प्रतीक भी माना गया है, एकमात्र होली ही ऐसा सनातनी त्यौहार है जो भारत देश की धर्मनिरपेक्षता का जीता जागता अभूतपूर्व उदाहरण है। भाईचारे की इस त्यौहार में रंगों की आत्मीयता से मिलन की मिठास दुगनी हो जाती है। वर्ग विभेद वाले इस त्यौहार में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब एकता पूर्वक इस पर्व को संपूर्ण गर्व के साथ से मनाते हैं। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है। निसंदेह इ भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है कि भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनसांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण, कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था।

भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मो को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द्र और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है। और भारत में भारतीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र को बनाए रखने की भविष्य में भी निरंतर आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय समाज की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक, साहित्यिक, दार्शनिक व्यवस्था के बीच विद्वानों ने चिंतन मनन कर इसके बीच का समाधान भी निकाला है एक का सबसे बड़ा उदाहरण भारत में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को महत्व देते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था का अंगीकार करना है। भारत की विजेताओं के विभिन्न नेताओं ने भारत देश के अंदरूनी मामले को लेकर देश की अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक व्यवस्था को काफी मजबूत तथा पुख्ता भी किया है। भारत की विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलते हुए भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था राजनीतिक व्यवस्था तथा विदेशी नीति पर एक मजबूत आधार स्तंभ रखकर अपनी विश्व में एक अलग छवि तथा स्थान बनाया है। भारत में अनेक विविधताओं विषमताओं को विशेषता बनाकर समाधान अपने बीच ही खोज कर विश्व को एक कीर्तिमान बनाकर दिखाया है। आज भारत मैं इतनी बड़ी जनसंख्या और विभिन्न जातीय धर्म संस्कृति भाषाएं होने के बावजूद एकजुटता की नई मिसाल दिखाकर विश्व के किसी भी देश को टक्कर देने की स्थिति में है। भारत आज विकासशील देशों में अग्रणी देश माना जाता है। भारत की यही विविधता, विषमता, साइंस, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस तथा सामरिक क्षेत्र में अद्भुत एकजुटता किसी भी देश के आक्रमण का सामना करने के लिए सीना तान कर खड़ा होने की शक्ति सामर्थ और ताकत भी प्रदान करता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने जितनी प्रगति और वैश्विक स्तर पर विदेशी देशों का विश्वास अर्जित किया है वह निसंदेह भारत की प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक परंपरा के कारण ही है। भारत की विविधता में एकता भारत की एक बड़ी शक्ति है जिसे हमें निरंतर बनाए रखना होगा तब जाकर हम किसी भी देश के सामने सिर उठाकर खड़े हो सकते हैं।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## तीसरे विश्वयुद्ध का रिहर्सल साबित हो सकता है मौजूदा घटनाचक्र

पश्चिम एशिया एक बार फिर इतिहास के सबसे खतरनाक मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत और इजरायल-अमेरिका के संयुक्त सैन्य हमलों ने पूरे क्षेत्र को युद्ध की खुली आग में झोंक दिया है। तेहरान पर सीधे हमले, सर्वोच्च नेतृत्व को निशाना बनाने की कार्रवाई और 1,200 से अधिक बम गिराए जाने पश्चिम एशिया में हालात विस्फोटक हो चुके हैं। एक ओर तेहरान अमेरिकी अग्नें और इजरायल पर अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दे रहा है, तो दूसरी ओर वॉशिंगटन ने साफ कर दिया है कि किसी भी हमले का उत्तर विनाशकारी होगा। दुबई समेत खाड़ी क्षेत्र में तनाव, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन पर हमलों की खबरें, और क्षेत्रीय शक्तियों की सक्रियता ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या दुनिया तीसरे विश्वयुद्ध की ओर बढ़ रही है? अमेरिका के कथित 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और इजरायल के 'ऑपरेशन लायन्स रोअर' ने ईरान के भीतर सैन्य और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया। इन हमलों का घोषित उद्देश्य ईरान की परमाणु और बैलिस्टिक क्षमताओं को सीमित करना बताया जा रहा है, लेकिन असली सवाल सिर्फ सैन्य क्षमता का नहीं, बल्कि क्षेत्रीय वर्चस्व का है। मिडिल ईस्ट दशकों से भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र रहा है ऊर्जा संसाधन, समुद्री मार्ग, धार्मिक राजनीतिक प्रभाव और सुरक्षा गठबंधन यहां की राजनीति को आकार देते रहे हैं। इस बीच वर्तमान संकट ने दुनिया को एक बार फिर दो खेमों में बांटने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अली खामेनेई 1989 से ईरान की सर्वोच्च सत्ता पर काबिज थे। तीन दशक से अधिक समय तक उन्होंने ईरान की विदेश नीति, परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय रणनीति को दिशा दी। उनके नेतृत्व में ईरान ने अमेरिका और इजरायल के साथ टकराव की नीति अपनाई, साथ ही लेबनान, सीरिया, इराक और यमन में अपने प्रभाव का विस्तार किया। ऐसे नेता की अचानक हिंसक मौत सिर्फ एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन में बड़ा झटका है। यही कारण है कि दुनिया में गुटबंदी के दुनिया में गुटबंदी शुरू हो गयी है। अमेरिका-इजरायल के साथ पश्चिमी देशों का खुफिया और लॉजिस्टिक समर्थन खड़ा दिखाई देता है। अमेरिका और उसके सहयोगियों का तर्क है कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा है। लेकिन सवाल उठता है कि क्या सैन्य हमले किसी परमाणु कार्यक्रम का स्थायी समाधान हो सकते हैं? इतिहास चताता है कि बमबारी से विचारधाराएं खत्म नहीं होतीं; वे और कठोर हो जाती हैं। यूरोप की प्रतिनिऽया संतुलित लेकिन चिंतित रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कौर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने बातचीत बहाल करने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे इस हमले में शामिल नहीं थे, लेकिन वे अमेरिका और क्षेत्रीय सहयोगियों के संपर्क में हैं। यूरोप जानता है कि यदि पश्चिम एशिया में बड़ा युद्ध भड़कता है तो शरणार्थी संकट, ऊर्जा अस्थिरता और आतंकवाद की नई लहर सीधे उसके दरवाजे पर दस्तक देगी। दूसरी ओर, रूस और चीन ने हमलों की निंदा तो की है, पर सीधे हस्तक्षेप के संकेत नहीं दिए। रूस ने इसे सत्ता परिवर्तन की साजिश बताया है, जबकि चीन ने ईरान की संप्रभुता के सम्मान की बात कही। लेकिन दोनों देशों की रणनीति व्यावहारिक है कि वे अमेरिका को एक और लंबे युद्ध में उलझा देखना चाहते हैं। यूक्रेन युद्ध में व्यस्त रूस और आर्थिक हितों में उलझा चीन फिलहाल प्रत्यक्ष सैन्य टकराव से बचना चाहेंगे। अगर देखा जाए तो ईरान की ताकत केवल उसकी सेना नहीं, बल्कि उसका 'एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस' नेटवर्क है, लेबनान का हिज्बुवाह, यमन के हुत्ती, और इराक सीरिया की शिया मिलिशिया इसमें शामिल है। यदि यह नेटवर्क पूरी तरह सक्रिय होता है, तो संघर्ष कई मोर्चों पर फैल सकता है। खाड़ी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डे, इजरायल के शहर और लाल सागर की शिपिंग लाइनें निशाने पर आ सकती हैं। यही वह बिंदु है जहां क्षेत्रीय युद्ध वैश्विक संकट में बदल सकता है। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन जैसे देश पहले से अमेरिकी सुरक्षा छाते पर निर्भर हैं। यदि ईरान इनके खिलाफ हमले तेज करता है, तो अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी और गहरी हो सकती है।

यह वही परिदृश्य है जिसने 1991 के खाड़ी युद्ध और 2003 के इराक युद्ध को जन्म दिया था। फर्क इतना है कि इस बार ईरान कहीं अधिक संगठित, तकनीकी रूप से सक्षम और वैचारिक रूप से आक्रामक है। दक्षिण एशिया की भूमिका भी दिलचस्प है। पाकिस्तान ने ईरान के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है, लेकिन वह खुलकर अमेरिका के खिलाफ नहीं जाएगा। भारत ने पारंपरिक संतुलन की नीति अपनाई है और शांति और कूटनीति पर जोर दिया है। भारत के लिए, यह संकट ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़ा है। नई दिल्ली किसी खेमे में शामिल होने से बचेगी, क्योंकि उसका हित बहुध्रुवीय संतुलन में है। जिस प्रकार से दुनिया के देशों का रुख देख दिया है, उससे स्थिति काफी भयावह दिख रही है। ईरान की असली ताकत उसका 'एक्सिस ऑफ रेजिस्टेंस' नेटवर्क है, लेबनान का हिज्बुवाह, यमन के हुती विद्रोही, और इराक-सिरिया की शिया मिलिशिया। यह नेटवर्क असममित युद्ध का साधन है। सीधे टकराव के बजाय प्रॉक्सी हमलों के जरिए दवाव बनाना ईरान की रणनीति का हिस्सा रहा है। हालांकि हिन्कुबह पहले से कमजोर है और हूती विद्रोहियों पर भी अमेरिका ने कई हमले किए हैं। ऐसे में यह नेटवर्क कितना प्रभावी रहेगा, यह बड़ा प्रश्न है। सऊदी अरब, यूएई और बहरीन जैसे देश वर्षों से अमेरिकी सुरक्षा छतरी पर निर्भर रहे हैं। ईरान के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता नई नहीं है। यदि इन देशों पर हमले बढ़ते हैं तो वे स्वाभाविक रूप से अमेरिका के और करीब जाएंगे। रिपोर्टों के अनुसार सऊदी नेतृत्व ने पहले भी वॉशिंगटन पर ईरान के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का दबाव डाला था। अब जब जवाबी कार्रवाई का खतरा सामने है, तो ये देश सुरक्षा और स्थिरता के बीच संतुलन साधने की कोशिश कर रहे हैं। खाड़ी क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। यहां अस्थिरता का अर्थ है तेल कीमतों में उछाल, आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधा और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर असर।

यदि होरमुज जलडमरूमध्य जैसे रणनीतिक मार्ग बाधित होते हैं, तो इसका प्रभाव एशिया, यूरोप और अमेरिका तक महसूस होगा। परमाणु हथियारों का सीधा उपयोग भले दूर की बात हो, लेकिन परमाणु ठिकानों पर हमले रेडियोधर्मी जोखिम और वैश्विक दहशत पैदा कर सकते हैं। हालांकि इस समय आवश्यकता है संयम और संवाद की। इतिहास गवाह है कि क्यूचा मिसाइल संकट से लेकर ईरान परमाणु समझौते तक, कूटनीति ने ही परमाणु टकराबों को टाला है। यदि बार्ता के दरवाजे पूरी तरह बंद हो गए, तो युद्ध की लपटें सीमाओं को नहीं पहचानेंगी। अली खामेनेई की मौत ने एक युग का अंत किया है, लेकिन यह एक नए और अनिश्चित अध्याय की शुरुआत भी है। ईरान के भीतर सत्ता हस्तांतरण, जनता की प्रतिक्रिया और सैन्य नेतृत्व की रणनीति आने वाले दिनों में तय करेगी कि यह संकट किस दिशा में जाएगा। दुनिया के लिए यह क्षण चेतावनी का है कि एक ऐसा समय जब शक्ति प्रदर्शन से ज्यादा विवेक की जरूरत है। आज आवश्यकता है संयम, संवाद और यथार्थवादी आकलन की। युद्ध में विजेता कोई नहीं होता, क्योंकि हार हमेशा मानवता की होती है। दुनिया को तीसरे विश्वयुद्ध की नहीं, तीसरे दशक की स्थिरता की जरूरत है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# शांति की बातें, युद्ध की तैयारी: सभ्यता का दोहरा चेहरा

**[ इतिहास नहीं, हिसाब: आने वाला कल हमसे जवाब माँगेगा ]**

**[ विरासत या विनाश: हमारी आँखों के सामने जलता भविष्य ]**

आसमान अभी भी धुंध और धुएँ से भरा था, जब हमारी आँखें टीवी स्क्रीन पर चमकते लाल ब्लॉकों में फँस गई। एक पल पहले तक यह सिर्फ़ खबरें थीं–और अगले ही पल, यह हमारी ज़िन्दगी बन गई। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान पर हमला किया। 28 फरवरी को अमेरिका और इज़राइल के संयुक्त हमलों में आयतुल्लाह अली ख़ामेनेई की मौत हुई, जिसकी पुष्टि ईरानी राज्य मीडिया ने 1 मार्च को की। इस खबर ने दुनिया को झकझोर दिया, लेकिन हमारे भीतर का झटका और भी गहरा था। यह कोई दूर की लड़ाई नहीं थी–यह हमारी किताबों में, हमारी दीवारों में, हमारी सांसों में उतर गई। स्कूल की किताबें अब कागज़ नहीं रह गई थीं। वे बम के टुकड़ों में बदल गई थीं। हर पन्ना खून से सना था, हर अध्याय मौत की कहानी कहता था। बच्चे अब पढ़ेंगे कि छिपना और बचना ही उनका पाठ बन गया। हमारी पीढ़ी ने उन्हें विरासत दी है–एक ऐसी विरासत जिसमें ज्ञान और भय, दोनों सिखाए जाते हैं।

हमने शांति की बातें कीं। 'डिप्लोमेसी चलेगी,' कहा। लेकिन 28 फ़रवरी को ऑपरेशन शुरू हुआ, और हमारी आँखें फिर अंधेरी हो गई। टीवी बंद हुआ। सोशल मीडिया को स्क्रॉल करते हुए सोचा, 'यह हमारी दुनिया से दूर है।' लेकिन यह सच नहीं था। ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर हमले हुए, अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है, इज़राइल पर मिसाइलें गिरीं, हिज़्बुल्लाह सक्रिय हुआ, और गल्फ़ में तेल सुविधाओं और जहाजों पर हमले हुए, आग और विस्फोट की खबरें आई। और हम? हम खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। किताबें जो नई पीढ़ी को पढ़ाएंगी कि उनका भविष्य किस तरह जलता रहा, और उनकी आवाज़ कहाँ गुम हो गई। यह हमारी सच्चाई है, और हमारी चुप्पी–सबसे बड़ा अपराध।

यह युद्ध नया नहीं है, लेकिन हमने इसे अपनी विरासत बना लिया है। 2025 में, जब इज़राइल ने ईरान पर हमला किया, हमने इसे सिर्फ़ 'सीमित संघर्ष' कहकर नजरअंदाज किया। जब ट्रंप ने घोषणा की कि 'ईरान को न्यूक्लियर हथियार नहीं मिलेंगे,' हमने उसकी चेतावनी को हँसी में उड़ा दिया। लेकिन अब, 2026 में, ख़ामेनेई की मौत के बाद, तेहरान में नागरिक क्षेत्र प्रभावित हुए, अस्पतालों और स्कूलों पर असर की खबरें सामने आ रही हैं। हमारी पीढ़ी ने चुन लिया है - बच्चों को खून भरी किताबें थमाना, हथियार बेचना, और तेल के लिए आंखें मूंद लेना। और वही बच्चे अब पढ़ेंगे - हर अध्याय में मौत, हर पन्ने पर खून, और जिन किताबों में जीवन का कोई पाठ नहीं। एक बच्चा अपनी माँ से पूछेगा, 'माँ, यह किताब क्यों लाल है?' और जवाब नहीं मिलेगा। क्योंकि यह लाल नहीं, यह खून से सनी थी। हमारी पीढ़ी ने कहा, 'हम लड़ रहे हैं ताकि तुम सुरक्षित रहो,' लेकिन लड़ाई किससे थी - खुद से? हमने घृणा बोई, नफ़रत उगाई। 'प्री-एम्प्टिव स्ट्राइक' की छाया में, मार का बोझ बच्चों पर पड़ा। युद्ध की छाया में रेडिएशन का खतरा मंडरा सकता है, कैंसर और बीमारियाँ पीढ़ियों को प्रभावित कर सकती हैं। हमने उन्हें क्या विरासत दी? ऐसी किताबें जिनमें हर जन्म मौत की सज़ा पढ़ाता है, और जिनमें जीवन का कोई पाठ नहीं।

यह सिर्फ़ मिडिल ईस्ट की समस्या नहीं है। वर्ल्ड वॉर थ्री की आहट अब हर दिशा में गूँज रही है, हर ख़बर, हर रेडियो, हर स्क्रीन पर इसकी गूंज सुनाई देती है। पोल्स चीख रहे हैं - अमेरिका में 46%, ब्रिटेन में 43%, फ्रांस में उच्च प्रतिशत, जबकि जर्मनी में कम लोग अगले पाँच साल में ग्लोबल वॉर को संभावित मानते हैं। लेकिन हम सुन नहीं रहे। हम अपनी आँखें बंद करके नई पीढ़ी के लिए खून से सनी किताबें तैयार कर रहे हैं। बच्चे पढ़ेंगे - ऐसी किताबें जो न्यूक्लियर विंटर की कहानियाँ कहेंगी, जहाँ सूरज छिपा रहेगा, जहाँ फसलें उगना भूल जाएँगी, और भूख ही मृत्यु का दूसरा नाम बन जाएगी। यह हमारी विरासत है, और इसके साए में बढ़ती हर पीढ़ी अपनी पहली और आखिरी पाठशाला में मौत और विनाश ही देखेगी।

हमने जलवायु परिवर्तन को अनदेखा किया। हमने युद्ध को सामान्य मान लिया। अब इसकी कीमत चुकाने वाली नई पीढ़ी होगी। उनकी पहली किताब विस्फोट की होगी, उनकी आखिरी राख की। उनका डीएनए बदल चुका होगा, उनका बचपन डर और सायरन की चीखों में बीतेगा। उनके खेल नहीं, बल्कि खतरे की घंटियों की गूँज उनके कानों में गूँजेगी। हमारी पीढ़ी का सबसे बड़ा अपराध यही है - युद्ध को अपनी विरासत बनाना। हमने किताबें लिखीं - खून से। लेकिन अब वही किताबें उनकी पहली और आखिरी पढ़ाई बन चुकी हैं। नई पीढ़ी पढ़ेगी और समझेगी कि हमने क्या किया, और यह समझ उन्हें हमारे फैसलों की कीमत बतलाएगी।

अब जागने का वक्त है - इससे पहले कि खून से सनी किताबें बच्चों की पहली और आखिरी पढ़ाई बन जाएँ। जागो। बदलो। लड़ो। क्योंकि अगर हमने अभी नहीं बदला, तो नई पीढ़ी सिर्फ़ खून के पन्ने पलटेगी, और हर सवाल के जवाब के लिए हमारी चुप्पी ही रह जाएगी। बच्चे पूछेंगे, 'तुमने हमें क्यों मारा?' और हमारे पास कोई उत्तर नहीं होगा। अब मौका है - युद्ध नहीं, बल्कि शांति की विरासत देने का। हमारी जिम्मेदारी अब तक़दीर बदलने की है। नई पीढ़ी के लिए खून नहीं, शिक्षा छोड़ो। यही हमारी अंतिम लड़ाई है - आखिरी मौका सुधार का, और आखिरी मौका यह दिखाने का कि हम अभी भी अपने कर्मों के प्रभारी हैं।

युद्ध नहीं, यह हमारी विरासत है। हमने बच्चों को किताबें सौंप दी हैं - खून से सनी, आँसुओं से भरी, और पीढ़ियों तक उठती चोटों की गूँज समेटे। यह हमारी चुप्पी, हमारी उदासीनता, और हमारी लालच का सजीव प्रमाण है। अब समय है कि हम बदलें। हमें नई पीढ़ी को देने वाली किताबों से खून हटाना होगा, उन्हें केवल शिक्षा, शांति और आशा की विरासत देनी होगी। यही हमारी अंतिम मौका है - अगर हमने अब कदम नहीं उठाया, तो कल का सूरज कभी नई पीढ़ी के लिए पूरी तरह चमकेगा ही नहीं। यह हमारी जिम्मेदारी है, और हमारी चेतावनी भी - बदलाव अब अनिवार्य है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस सुरक्षित भारत का निर्माण

प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन हमें उस उत्तरदायित्व का बोध कराता है जो केवल सीमा पर तैनात प्रहरियों तक सीमित नहीं हैए बल्कि जिसका विस्तार देश के प्रत्येक ग्रामए नगर और गलियों तक है। सुरक्षा एक व्यापक संकल्पना है जिसमें न केवल बाह्य शत्रुओं से रक्षा सम्मिलित हैए वरन आंतरिक स्थिरताए आर्थिक सुदृढ़ता और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव भी इसके अभिन्न अंग हैं। इस दिवस की पृष्ठभूमि अत्यंत गौरवमयी हैए जिसकी नींव वर्ष 1999 में तत्कालीन राष्ट्रपति केण् आरण् नारायणन द्वारा रखी गई थी। यह दिवस राष्ट्रीय नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की 36वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। हैदराबाद में स्थित यह गौरवशाली संस्थान दशकों से नागरिकों को आपदा प्रबंधनए आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिकारए आभासी प्रहारों और प्राकृतिक आपदाओं के समय धैर्य एवं कौशल से कार्य करने का प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। वर्ष 2026 के परिप्रेक्ष्य मेंए जब भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी धाक जमा रहा हैए तब इस दिवस की महत्ता और भी बढ़ जाती है क्योंकि एक सशक्त राष्ट्र की आधारशिला उसकी सुरक्षा व्यवस्था की अभेद्यता पर टिकी होती है।

यदि हम भारत की सुरक्षा यात्रा के इतिहास का अवलोकन करेंए तो यह संघर्ष और विजय की गाथाओं से परिपूर्ण है। 15 अगस्त 1947 को जब भारत ने पराधीनता की बेड़ियाँ काटींए तो उसके साथ ही विभाजन की त्रासदी और सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रायोजित घुसपैठ की चुनौतियां भी सामने आई। 1962 के युद्ध ने हमें यह सिखाया कि सुरक्षा के प्रति शिथिलता घातक हो सकती हैए जिसके पश्चात 1963 में नागरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण संस्थानों की रूपरेखा तैयार की गई। इसके उपरांत 1965 और 1971 के युद्धों ने भारतीय सैन्य बल की अदम्य शक्ति को सिद्ध किया और यह स्पष्ट कर दिया कि सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक नीतियों की आवश्यकता है। इसी दूरदर्शिता के परिणामस्वरूप 1999 में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का गठन हुआए जो प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राष्ट्र की रक्षा हेतु रणनीतिक निर्णय लेती है। इतिहास गवाह है कि जब.जब राष्ट्र पर संकट आयाए चाहे वह 2004 की विनाशकारी सुनामी हो या 2008 का मुंबई आतंकी हमलाए प्रशिक्षित नागरिकों और स्वयंसेवकों ने सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मानवता की रक्षा की। वीरता और समर्पण की इसी परंपरा को सम्मानित करने हेतु केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष पुरस्कार वितरित किए जाते हैंए जो सुरक्षा को केवल एक सरकारी विभाग की जिम्मेदारी न मानकर इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्य से जोड़ते हैं। आज के इस आधुनिक युग में सुरक्षा की परिभाषा केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं रह गई हैए बल्कि यह बहुआयामी और अत्यंत जटिल हो चुकी है। वर्तमान समय में भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती सीमा पार से संचालित आतंकवाद है। कश्मीर की शांत वादियों में अशांति फैलाने के उद्देश्य से विदेशी शक्तियों द्वारा समर्थित आतंकी संगठन निरंतर षड्यंत्र रचते रहते हैं। 2019 का पुलवामा प्रहार भारतीय सुरक्षा इतिहास का एक दुखद अध्याय थाए किंतु इसके उत्तर में किए गए नियोजित वायु सेना के प्रहार ने विश्व को यह संदेश दिया कि नवीन भारत अब केवल रक्षात्मक नहींए बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए कठोर निर्णय लेने में भी सक्षम है। आतंकवाद के साथ.साथ आज श्आभासी सुरक्षाश् या कंप्यूटर तंत्र की सुरक्षा एक अत्यंत गंभीर विषय बनकर उभरी है। जैसे.जैसे हम अंकीय क्रांति और वित्तीय लेन.देन के लिए अंतरजाल पर निर्भर हो रहे हैंए वैसे.वैसे विदेशी हैकर्स और शत्रु देशों द्वारा हमारे डेटा और महत्वपूर्ण सूचनाओं को चुराने के प्रयास बढ़ गए हैं। रूस और यूक्रेन के मध्य चले संघर्ष के उपरांत आभासी आक्रमणों की तीव्रता में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। भारत जैसे विशाल देश मेंए जहाँ करोड़ों लोग डिजिटल माध्यमों का प्रयोग कर रहे हैंए वहाँ एक छोटी सी तकनीकी चूक भी राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था को चोट पहुँचा सकती है। आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर नक्सलवाद और वामपंथी उग्रवाद जैसी समस्याएं राष्ट्र की प्रगति में बाधक रही हैं। छत्तीसगढ़ और झारखंड के वनाच्छादित क्षेत्रों में सक्रिय उग्रवादी तत्व विकास कार्यों को रोकने का प्रयास करते हैंए जिससे निपटने के लिए सरकार निरंतर सामरिक और विकासात्मक रणनीतियों का समन्वय कर रही है। वहीं दूसरी ओरए लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश की सीमाओं पर पड़ोसी देशों की विस्तारवादी नीतियां और आक्रामकता एक सतत चिंता का विषय है। 2020 में गलवान घाटी में हुआ संघर्ष इस बात का प्रमाण है कि शांति बनाए रखने के लिए भी सैन्य तत्परता अनिवार्य है। थल और नभ के साथ.साथ जलमार्ग की सुरक्षा भी भारत के लिए प्राणवायु के समान है। हिंद महासागर में विदेशी नौसेनाओं की बढ़ती हलचल और समुद्री डाकुओं का आतंक हमारे व्यापारिक हितों के लिए चुनौती है। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत ने चतुर्भुज सुरक्षा संवाद ;क्वाडद्ध जैसे अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों के माध्यम से अपनी समुद्री उपस्थिति को सशक्त किया है। इसके अतिरिक्तए जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाली प्राकृतिक आपदाएंए जैसे हिमालयी क्षेत्रों में आने वाली बाढ़ और समुद्री चक्रवातए भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बन चुके हैं क्योंकि ये जन.धन की अपार हानि करते हैं। इन सभी चुनौतियों का प्रत्युत्तर देने हेतु भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में क्रांतिकारी कदम उठाए हैं। श्आत्मनिर्भर भारतश् अभियान के अंतर्गत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में हम स्वावलंबी बन रहे हैं। 2026 तक हमारा लक्ष्य है कि भारतीय सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले 70 प्रतिशत अस्त्र.शस्त्र स्वदेशी हों। तेजस जैसे युद्धक विमान और अग्नि जैसी शक्तिशाली प्रक्षेपास्त्र प्रणालियां भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी श्साइबर सुरक्षा संचालन केंद्रोंश् की स्थापना की गई है जो चौबीसों घंटे हमारे आभासी अंतरिक्ष की निगरानी करते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने अपनी त्वरित कार्यप्रणाली से आपदाओं के समय होने वाली क्षति को न्यूनतम करने में सफलता प्राप्त की है। सरकार ने शिक्षा के स्तर पर भी सुरक्षा बोध को अनिवार्य बनाने का प्रयास किया है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवाओं को अनुशासन और राष्ट्र रक्षा का पाठ पढ़ाया जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनियाँ और संगोष्ठियाँ सामान्य नागरिकों को उन खतरों के प्रति सचेत करती हैं जिनसे वे अनभिज्ञ हो सकते हैं।

परंतुए प्रश्न यह उठता है कि एक सामान्य नागरिक इस महायज्ञ में क्या आहुति दे सकता हैघ् सुरक्षा का प्रथम नियम श्सजगताश् है। एक जागरूक नागरिक समाज की आँखें और कान होता है। सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी लावारिस वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों को देना एक अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। अंकीय जगत में सुरक्षा बरतने के लिए जटिल कूटशब्दों का प्रयोग करनाए अपरिचित संदेशों से सावधान रहना और वित्तीय जानकारी को गोपनीय रखना आज के युग की अनिवार्य आवश्यकता है। इसके साथ हीए प्राकृतिक आपदाओं के समय घबराने के स्थान पर पूर्व.तैयारी रखनाए जैसे प्राथमिक चिकित्सा किट और आवश्यक वस्तुओं का संचय करनाए न केवल व्यक्ति विशेष बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इतिहास में ऐसे अनेक उदाहरण हैं जहाँ सामान्य नागरिकों ने अपनी सूझबूझ से बड़े संकटों को टाला है। मुंबई के आतंकी हमलों के दौरान स्थानीय टैक्सी चालकों और होटल कर्मियों ने जिस साहस का परिचय दियाए वह सेना के पराक्रम से कम नहीं था। अतःए सुरक्षा का मार्ग व्यक्तिगत अनुशासन से होकर राष्ट्र के गौरव तक जाता है।

भविष्य की ओर दृष्टि डालें तो आने वाला समय कृत्रिम मेधाए मानवरहित विमानों ;ड्रोनद्ध और क्वांटम संगणना का है। ये तकनीकें जहाँ सुरक्षा को अभेद्य बनाएंगीए वहीं नई चुनौतियां भी प्रस्तुत करेंगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित की जा रही कृत्रिम मेधा प्रणालियां सीमाओं पर बिना मानवीय हस्तक्षेप के निगरानी रखने में सक्षम होंगी। अंतरिक्ष की सुरक्षा के क्षेत्र में भी भारत ने 2019 के एंटी.सैटेलाइट परीक्षण के माध्यम से अपनी धाक जमाई हैए जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि हमारे संचार उपग्रह अंतरिक्ष में भी सुरक्षित हैं। भविष्य की सुरक्षा केवल शस्त्रों से नहींए बल्कि श्रेष्ठतम तकनीक और अटूट एकता से सुनिश्चित होगी। आर्थिक विषमता और सामाजिक भेदभाव भी कभी.कभी आंतरिक विद्रोह का कारण बनते हैंए इसलिए वास्तविक सुरक्षा तभी संभव है जब देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास के फल पहुँचें और वह स्वयं को राष्ट्र की मुख्यधारा का हिस्सा समझे।

निष्कर्षतःए राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस एक ऐसा अवसर है जो हमें आत्मचिंतन की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि हम एक ऐसे देश के निवासी हैं जिसकी सीमाएं हिमालय की चोटियों से लेकर हिंद महासागर की गहराइयों तक फैली हैं। इसकी रक्षा का दायित्व केवल उन वीरों का नहीं है जो शून्य से नीचे के तापमान में सीमाओं पर प्रहरी बने खड़े हैंए बल्कि यह हमारा सामूहिक धर्म है। प्रधानमंत्री के शब्दों मेंए सुरक्षा एक साझा संकल्प है। जब तक राष्ट्र का प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को देश का प्रथम रक्षक नहीं मानेगाए तब तक पूर्ण सुरक्षा की कल्पना अधूरी है। आइएए इस पावन दिवस पर हम यह प्रतिज्ञा लें कि हम सदैव सजग रहेंगेए विधि.व्यवस्था का सम्मान करेंगे और अपने आचरण से राष्ट्र की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखेंगे। सतर्क भारत ही समर्थ भारत है और समर्थ भारत ही विश्व शांति का अग्रदूत बन सकता है। जय हिंदए जय भारत।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## 108 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत थाना खामपार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 पेटी (108 लीटर) अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने एक अभियुक्त को मौके से गिरफ्तार किया है। बीती रात वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर खैराट पुल के पास एक ऑटो (संख्या क्र52ञ्ज 2060) को रोका गया। तलाशी लेने पर 12 पेटी अवैध देशी शराब (ब्रांड बन्टी बबली) बरामद हुई। कुल मात्रा 108 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30,000 रुपये है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अखिलेश गोड़ पुत्र रामसनेही गोड़, निवासी लक्ष्मणपुर थाना भाटपार रानी, जनपद देवरिया के रूप में हुई है। इस संबंध में थाना खामपार पर मु0अ0सं0 44/2026 धारा 60/72 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एम एल सी ने किया आरपीएस का उद्घाटन



**रूद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय उपनगर के काशीपुरम स्थित रुद्रपुर पब्लिक स्कूल का उद्घाटन सोमवार को विधान परिषद सदस्य डॉक्टर रतन पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्कूल खोलना पुनीत कार्य है। शिक्षा की ज्योति जलाने से समाज में उजाला होता है। इस दौरान भाजपा गोरखपुर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व अध्यक्ष छट्ठेलाल निगम एमएलसी प्रतिनिधि महेश मणि त्रिपाठी मोती निगम, बेचन निगम व संचालक करन निगम सहित नगर के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तीव्र गति से जा रही कार की टक्कर से युवक हुआ घायल

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में गोला बड़हलगंज सड़क मार्ग पर भीटी पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार से जा रही कार की टक्कर से एक युवक के गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार बाहपुर निवासी प्रमोद कुमार यादव ने पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए लिखा कि वह गोला बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहा था। अभी वह भीटी पेट्रोल पंप से लगभग 100 मीटर आगे पंहुचा था कि अनुग्रह वर्मा उर्फ प्रिंस वर्मा पुत्र गणेश वर्मा ने अपनी कार से पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और तेज रफ्तार में बड़हलगंज की ओर फरार हो गया। घटना में प्रमोद यादव मौके पर ही गिरकर बेहोश हो गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। बाद में उनका इलाज कराया गया और मामले की लिखित शिकायत गोला थाने पर दिया गया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 281, 125(a) और 125(a) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध शराब पर कार्रवाई का श्रेय विवादों में

### आबकारी विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

**ललितपुर।** थाना कोतवाली पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध कच्ची शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई का दावा किया गया है, लेकिन पूरे अभियान में आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार फल-फूल रहा था, बावजूद इसके आबकारी विभाग समय रहते प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रहा। संयुक्त टीम ने 395 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने और करीब 5000 लीटर लहन मौके पर नष्ट करने की बात कही है तथा कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि जानकारों का कहना है कि इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब का तैयार होना इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में निगरानी व्यवस्था कमजोर रही। सूत्रों के मुताबिक ग्राम मऊमाफी, चीरा, घटवार सहित कई इलाकों में अवैध शराब का धंधा लंबे समय से चल रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आबकारी विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद समय पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, जिससे अवैध कारोबार को बढ़ावा मिला। गौरतलब है कि अवैध शराब के खिलाफ समय-समय पर अभियान चलाने के दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन बार-बार बड़ी बरामदगी सामने आना विभागीय सतर्कता पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आबकारी विभाग नियमित और प्रभावी निगरानी रखे तो ऐसे मामलों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। फिलहाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है, वहीं इस पूरे मामले में आबकारी विभाग की जवाबदेही को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# समग्र विकास का मिसाल बना पीएमश्री स्कूल सेमरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** – शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह व्यक्तित्व निर्माण, कौशल विकास और जीवन-मूल्यों का आधार भी होती है। इसी विचार को साकार करता हुआ गोला तहसील क्षेत्र स्थित पीएमश्री स्कूल सेमरी आज अपने क्षेत्र में प्रतिभा, परिश्रम और प्रगति की एक सशक्त पहचान बन चुका है। यह विद्यालय उन विद्यार्थियों का मंच है जहाँ छिपी हुई प्रतिभाएँ अवसर पाती हैं और परिश्रम को सही दिशा मिलती है। यहाँ पढ़ाई को बोझ नहीं, बल्कि जिज्ञासा और आनंद का माध्यम बनाया गया है। स्मार्ट कक्षाएँ, गतिविधि आधारित शिक्षण, प्रयोगात्मक कार्य और नवाचारपूर्ण शैक्षिक वातावरण बच्चों को सोचने, समझने और करने के लिए प्रेरित करता है। विद्यालय के कर्मठी सहायक अध्यापकगण राम सिंह, पंकज कुमार गुप्ता, गुलाब, अशोक कुमार चौहान और प्रिन्स; यह केवल पाठ पढ़ाने वाले नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देते हैं। चाहे शैक्षणिक उपलब्धियाँ हों, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम या नैतिक शिक्षा–हर क्षेत्र में बच्चों को आगे लाने का निरंतर प्रयास किया जाता है। यह विद्यालय परिश्रम को सफलता की कुंजी मानता है। यहाँ बच्चों को सिखाया जाता है कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत से ही प्रगति संभव है। इसी सोच का परिणाम है कि विद्यार्थी न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि जीवन कौशल में भी सशक्त बन रहे हैं। सत्रः 2025-26 में गणित ओलंपियाड, श्रुत लेख, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिताओं में ब्लॉक व जनपद स्तर पर बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। मीना मंच अंतर्गत मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता में कक्षा 7 की अनुष्का तिवारी ने मंडल स्तर तक अपनी प्रतिभागिता दिया। कक्षा 7 की मनीता प्रतिष्ठित इंस्पायर मानक अवार्ड 2026 हेतु चयनित हुई है

वहीं कक्षा 8 की अंशु राष्ट्रीय आय और योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2026 में 129 अंक प्राप्त कर जनपद स्तरीय मेरिट लिस्ट में 20 वाँ स्थान प्राप्त किया है। समग्र विकास की इस यात्रा में विद्यालय अभिभावकों और समाज के साथ मिलकर कार्य करता है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर भी बच्चों को जागरूक किया जाता है, ताकि वे अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि अच्छे नागरिक भी बन सकें। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक और राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित अध्यापक मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि पिछले कई वर्षों से विद्यालय के बच्चे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को दुनिया के समक्ष प्रदर्शित कर रहे हैं जो पूरे विद्यालय परिवार की कठोर मेहनत और पूर्ण समर्पण को दर्शाता है। हम सभी अध्यापकों को उत्साहपूर्वक अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र त्रिपाठी, डाइट प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय, जिला समन्वयक(समग्र शिक्षा) विवेक जायसवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी- गगहा डॉ0 प्रदीप शर्मा, डाइट मेंटर बेदप्रकाश सिंह, सभी सम्मानित एसआरजी, ऋ्रगण द्वारा प्राप्त समय समय पर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन संजीवनी का कार्य करता है। साथ ही उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई गगहा के अध्यक्ष और जिला प्रचार मंत्री डॉ0 सुमंत सिंह व ब्लॉक मंत्री हामिद अली का नेतृत्व, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सदन तिवारी का संरक्षण और सहयोग हमारे कार्यो को सरल और प्रशंसनीय बनाता है। पीएमश्री स्कूल सेमरी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि एक ऐसा केंद्र है जहाँ प्रतिभा को पहचान मिलती है, परिश्रम को सम्मान मिलता है और प्रगति एक सतत प्रक्रिया बन जाती है। यही कारण है कि यह विद्यालय आज विश्वास, गुणवत्ता और उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक बन चुका है।

## लघु उद्योग भारती का रंगारंग होली मिलन समारोह सम्पन्न



**देवरिया।** लघु उद्योग भारती द्वारा इंडस्ट्रियल एस्टेट, पुरवा में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, अपनत्व और सांस्कृतिक रंगों का अनोखा संगम देखने को मिला। कवि राम नगीना यादव ने अपनी हास्य-व्यंग्य रचनाओं से सभी सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया और वातावरण को उल्लासमय बना दिया। समारोह में जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला, जिला महामंत्री राजकुमार मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मद्धेशिया, महिला उपाध्यक्ष शशि सिंह, जिला उपाध्यक्ष अमन सिंह, संयुक्त मंत्री पुणे देवमणि त्रिपाठी, संगठन मंत्री मुन्ना सिंह, अरुण बरनवाल, पिंटू शर्मा, राजेश जायसवाल, रामरेखा गुप्ता, गुड्डू सिंह, प्रताप नारायण जायसवाल सहित अनेक सदस्य एवं महिला हस्तशिल्पी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम ने संगठनात्मक एकता को मजबूत करने के साथ ही पारंपरिक होली उत्सव को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान किया।

# सफाईकर्मी की तैनाती नहीं होने से गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल

### ●सफाईकर्मी विहीन हुआ ग्राम पंचायत सेवतरी, सफाई व्यवस्था तोड़ रहा दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी में सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं होने से गांव में सफाई व्यवस्था बदहाल है। गांव सफाईकर्मी विहीन होने के कारण सेवतरी व टोला परसा में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रहा है तथा गांव की नालियां सफाई के अभाव में बजबजा रही है। नालियां जाम होने के कारण उसमें से दुर्गंध उठ रही है जिससे आस-पास के लोगों पर संक्रमण का खतरा मंडराने लगा है। वहीं नाली से उठ रही दुर्गंध के कारण आस-पास के लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ रही है। गंदगी के कारण ग्रामीणों में संक्रामक बिमारियों के फैलने का भय बना हुआ है। गंदगी के कारण मच्छर भी पनप रहे हैं, इस कारण स्थिति और भी नरकीय हो गई है। ग्रामीण प्रंकित त्रिपाठी, विजय, संदीप, शैलेश साहनी, कृष्णा साहनी, प्रदीप यादव, राजकुमार, रामप्रसाद, पिंटू, अजय, मोहन, मुरली, राजेन्द्र, विरेंद्र समेत अन्य लोगों का कहना है कि गांव में किसी सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं है जिससे कई महीनों से गांव में साफ-सफाई नहीं हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से गांव की नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से उसमें कीड़े व मच्छर पनप रहे हैं जिससे आस-पास के लोगों पर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। इस संबंध में पंचायत सहायक विकास अधिकारी रामकृष्ण प्रसाद ने बताया कि सीघ्र ही गांव का साफ-सफाई करवा दिया जाएगा।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, कई लोग घायल

### पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमल सेन निवासी ग्राम (थाना महरौनी) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थे, तभी गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश के चलते एक राय होकर उनके घर के बाहर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घटना में कोमल सेन सहित अन्य लोग घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब जाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फेसबुक-इंस्टाग्राम पर फोटो डालकर ब्लैकमेल करने वाले, युवक पर आईटी एक्ट में मुकदमा हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर** –गोला थाना क्षेत्र में एक शादी शुदा महिला का सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा फोटो वायरल कर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पहले तय हुई शादी वाली युवती का फोटो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डालकर बदनाम करने के आरोप में गोला पुलिस ने पीड़िता के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरा की एक पीड़ित शादीशुदा महिला ने गोला पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2018 में उसकी शादी गोला थाना क्षेत्र के केशवापार चाड़ी निवासी रवि पुत्र बच्चन के साथ तय हुई थी। लेकिन युवक की गलत आदतों के कारण परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह कर दिया। इसी बात से नाराज होकर अब रवि




सोशल मीडिया पर उसकी फोटो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डालकर बदनाम कर रहा है। पीड़िता के अनुसार इस हरकत से उसके वैवाहिक जीवन पर भी असर पड़ा है और तलाक की नौबत आ गई है। थाना प्रभारी राकेश रोशन सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन अधिनियम 2008 की धारा 66ष्ठ के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# खजनी तहसील क्षेत्र के बाजारों पर चढ़ा होली का रंग

### ●आकर्षक व अत्याधुनिक पिचकारियों तथा अबीर,गुलाल तथा विभिन्न रंगों से सजी दुकानें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी गोरखपुर**- खजनी तहसील के विभिन्न बाजारों में होली का उल्लास,उमंग,तरंग साफ नजर आने लगा है। तीन मार्च को होलिका दहन और चार मार्च को रंगों का पर्व मनाया जाएगा, जिसे लेकर बाजारों में चहल-पहल व खरीद फरोख्त बढ़ गई है। रंग-गुलाल, पिचकारियों और विभिन्न आकर्षक उत्पादों से सजी दुकानें लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है तथा दुकानों पर भीड़ उमड़ रही। खासकर बच्चे और युवा वर्ग नई-नई डिजाइन की पिचकारियों और हर्बल रंगों की खरीदारी में जुटे हैं। इस बार बाजार में कई नए और अनोखे आइटम उपलब्ध हैं। बाहुबली, अमेरिकन, कैप्टन, कार्टून और प्रेशर पिचकारी बच्चों को खासा आकर्षित कर रही हैं।

टैंक वाली पिचकारी की मांग भी खूब देखी जा रही है। इसके अलावा फॉग सिलिंडर, स्मोक फाउंटेन, रंगीन अनार और पटाखे की तरह चलने वाला गुलाल लोगों के बीच उत्साह और उमंग को बढ़ा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार कंपनियों ने नए प्रयोग करते हुए कई आधुनिक और सुरक्षित उत्पाद बाजार में उतारे हैं। मुखौटों और टोपी की दुकानों पर भी भीड़ नजर आ रही है। सामान्य टोपियों के साथ बालों वाली टोपी, शेर-चीता जैसे जानवरों के मुखौटे, कार्टून कैरेक्टर और डरावने चेहरे वाले मुखौटे बच्चों की पहली पसंद बने हुए हैं। रंग-बिरंगे फॉग स्प्रे और पानी में घुलने वाले हर्बल रंगों की मांग बढ़ रही है, क्योंकि लोग त्वचा की सुरक्षा को लेकर जागरूक हो रहे हैं। वहीं, व्यापारी भी अच्छे कारोबार की उम्मीद लगाए और संजोए हुए है।

# सोनभद्र धनौरा के जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव, इलाके में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दुद्धी/सोनभद्र।** जनपद के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धनौरा के जंगलों में आज सोमवार तड़के एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में झाड़ियों के बीच पड़ा पाया गया, जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जब ग्रामीण जंगल की ओर गए थे, तब उनकी नजर एक महिला के शव पर पड़ी। शव की स्थिति को देख ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना दुद्धी कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को अपने कब्जे



में ले लिया। मृत महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों में शिनाख्त के प्रयास कर रही है। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि मौत लगभग 24 घंटे पहले हुई होगी।महिला का शव जंगल के बीचों-बीच मिलना हत्या या किसी अन्य अनहोनी की ओर इशारा कर रहा है। हालांकि, पुलिस अभी किसी भी नतीजे पर पहुँचने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतज़ार कर रही है। पुलिस का कथन शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शिनाख्त के प्रयास जारी हैं, जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।जंगल में शव मिलने की खबर फैलते ही धनौरा और आसपास के इलाकों में असुरक्षा और दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

# चीनी न पहुंचने से 4775 अन्त्योदय कार्ड धारकों की होली फीकी, 103 राशन दुकानों पर आपूर्ति ठप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विकास खंड रूपईडीह के अंतर्गत 106 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष संचालित 103 उचित दर विक्रेताओं की दुकानों पर अब तक चीनी की आपूर्ति न होने से हजारों गरीब परिवारों की होली फीकी पड़ गई है। क्षेत्र में कुल 4775 अन्त्योदय कार्ड धारक एवं लगभग 39,417 पात्र गृहस्थी कार्डधारक उपभोक्ता सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर निर्भर हैं, लेकिन त्योहार के ठीक पहले आवश्यक वस्तु की आपूर्ति न होने से लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। शासन स्तर से पर्वों पर गरीब परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से खाद्यान्न वितरण के निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट नजर आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों का आरोप है कि कई दिनों से राशन दुकानों के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें चीनी नहीं मिल पा रही है। कोटेदारों द्वारा गोदाम से आपूर्ति न आने की बात कहकर उपभोक्ताओं को वापस लौटा दिया जा रहा है।

अन्त्योदय कार्ड धारकों का कहना है कि होली पर्व पर मिलने वाली चीनी से ही घरों में मिठाई व पारंपरिक पकवान तैयार होते हैं, लेकिन इस बार व्यवस्था की लापरवाही ने गरीब परिवारों की खुशियों पर पानी फेर दिया है। उचित दर विक्रेताओं के अनुसार विभागीय गोदाम से चीनी का आवंटन एवं उठान न होने के कारण वितरण कार्य पूरी तरह प्रभावित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर चीनी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, जिससे पात्र परिवार भी होली पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें। इस संबंध में पूर्ति निरीक्षक जुगुल किशोर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

# सतोदय तीर्थ सेरोन पंचकल्याणक महामहोत्सव को लेकर जैन समाज में उत्साह

### ●श्रावकों द्वारा मूर्ति प्रतिष्ठा के पूर्व भक्ति, चयनित पात्रों की हो रही पुण्य की अनुमोदना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ललितपुर।** सतोदय तीर्थ तेरोन में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित महामहोत्सवश्रीमजिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर उत्साह उमड रहा है। अनेक स्थानों से प्रतिष्ठा के लिए मूर्तियों लेकर भक्तिपूर्वक श्रावक आयोजन स्थल पहुंच रहे हैं वहीं चयनित पात्रों को सम्मानित कर उनके पुण्य की अनुमोदना श्रावकों द्वारा की जा रही है। आयोजन को लेकर सतोदय तीर्थ एवं दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने मुनिश्री का आशीर्वाद लिया।स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ इन दिनों आयोजन की तैयारियां अन्तिम चरण में चल रही हैं। मध्यान्ह में सतोदय तीर्थ सेरोन पर आयोजन समिति के लिए निर्वापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा तीर्थक्षेत्रों की सुरक्षा का दायित्व श्रावकों का है जिसको सुरक्षित करने के लिए समय समय पर यदि ध्यान नहीं दिया तो हमारी संस्कृति भी सुरक्षित नहीं रहेगी। इसके लिए जरूरी है आज के अनुसार विकास हो और हर प्रकार की सुविधाए दर्शनार्थियों को मिले जिससे श्रावक भक्ति पूर्वक प्रभु की आराधना कर सकें। उन्होंने समाज को प्रेरित किया अच्छी से बनाओ सकारात्मक सोचो और कुछ करो तभी समाज का विकास होगा। इस मौके पर जैन पंचायत अध्यक्ष डा अक्षय टड़या, महामंत्री आकाश जैन, सतोदय तीर्थे अध्यक्ष सतीश जैन बंटी, मुकेश जैन नेता, विजय जैन लागौन, अशोक जैन दैलवारा,संजय मोदी, सिद्धेश्वर जमोरिया, रवि जैन, अरविन्द जैन बरोदा, संजय रसिया, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मनोज जैन, विमल जैन पीहर,आनंद जैन साइकिल, अजय जैन जखौरा,अमित जैन डोगरा, नीतेश जैन विलौआ ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिष्ठाचार्य बालबहमचारी प्रदीप जैन सुयश के अनुसार ललितपुर जिले में तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज के सानिध्य में सतोदय तीर्थ सेरोन में 4 मार्च से 9 मार्च 26 तक अतिभव्य पंचकल्याण महोत्सव का शुभारम्भ होना सुनिश्चित है इस पुण्य के अवसर का श्रावक लाभ उठाए। संचालन महामंत्री सिघई मनोज जैन द्वारा किया गया। आज सिविल लाइन चांदमारी पर भगवान शान्तिनाथ की साढ़े सात फुट पदमासन प्रतिमा सतोदय तीर्थ सेरोन जी प्रतिष्ठा के पूर्व गाजे बाजे के साथ भक्ति के उपरांत रवाना किया। कार्यक्रम की संयोजना शिक्षक राजीव जैन संजीव जैन बजाज परिवार ने किया इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्रह्मचारी अनुराग जैन अन्नू,पूर्व पार्षद मोदी पंकज जैन, विजय जैन कल्लू, संयोजक सनत जैन खजुरिया, आदेश जैन रोडा, शिक्षक पुष्पेन्द्र जैन, अकित जैन, सत्येन्द्र जैन गदयाना, अन्नू जैन, प्रफुल्ल जैन प्रमेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे। जैन अटामंदिर में सतोदय तीर्थ पंचकल्याणक महोत्सव में भगवान के माता पिता की भूमिका निर्वाहन करने वाले श्रावक श्रेष्ठी मालती जैन महेन्द्र सर्राफ मनीषा ज्वैलर्स की गौदभराई का आयोजन हुआ जिसमें महिला मण्डल की प्रमुख अनीता मोदी, उमा जैन सैदपुर, वीणा जैन, ममता मोहनी, संगीता नायक, साधना जैन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सूचना के बाद भी नहीं बच सका प्रतिबंधित गूलर का पेड़, कटरा वन रेंज में वन माफियाओं का आतंक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद के कटरा वन रेंज अंतर्गत ग्राम पंचायत भुडकुडी में प्रतिबंधित हरे पेड़ों की कटान का गंभीर मामला सामने आया है, जहां सूचना देने के बावजूद वन विभाग अवैध कटान को रोक पाने में पूरी तरह विफल नजर आया। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत भुडकुडी में प्रतिबंधित प्रजाति के गूलर के हरे वृक्ष का कटान शुरू होते ही स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल कटरा वन रेंजर एवं वन दरोगा को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कुछ समय के लिए कटान कार्य रुकवा दिया गया। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों के वापस लौटने के लगभग तीन घंटे बाद ही वन



माफियाओं ने दोबारा पहुंचकर उक्त गूलर के पेड़ को काटकर मौके से उठा लिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में वन विभाग की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रेंजर व वन दरोगा द्वारा वन माफियाओं से सांठगांठ कर ली गई, जिसके चलते प्रतिबंधित वृक्ष को आखिरकार काटकर ले जाया गया। सूत्रों का कहना है कि चाहे आम हो सागौन,शीशम सहित अन्य पेड़ों पर आर्थिक लाभ के लालच में हरे-भरे पेड़ों पर आरा चलवाया जा रहा है तथा सूचना मिलने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय समझौता कर लिया जाता है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं अवैध कटान में शामिल वन माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र की हरियाली पूरी तरह समाप्त हो सकती है। अब प्रश्न यह उठ रहा है कि सूचना के बावजूद जब पेड़ नहीं बच पाए, तो आखिर जिम्मेदारी किसकी तय होगी? इस सम्बन्ध में वन दरोगा इंद्र जीत ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# हजारिया महादेव मंदिर में लाखों की चोरी

### ●पुलिस के हाथ अब भी खाली, समिति ने एसपी से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम बांसी में स्थित प्राचीन श्री श्री 1008 श्री हजारिया महादेव एवं शनि मंदिर में हुई बड़ी चोरी का खुलासा न होने से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी रोष है। मंदिर सेवा समिति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती 20 फरवरी 2026 (शुक्रवार) की रात अज्ञात चोरों ने मंदिर के ताले तोड़कर गर्भगृह में प्रवेश किया। चोरों ने मंदिर से लगभग 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के कीमती आभूषण और दान पात्र में रखी भारी नकदी पार कर दी। मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि घटना के अगले ही दिन 21 फरवरी को थाना जखौरा में साक्ष्यों के साथ प्राथमिकी दर्ज करा दी गई थी। लेकिन घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस चोरों का सुराग लगाने में नाकाम रही है। चोरी की इस घटना से मंदिर प्रबंध समिति के सदस्यों और स्थानीय जनमानस की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है। समिति के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर मामले का जल्द से जल्द खुलासा किया जाए ताकि चोरी गया सामान बरामद हो सके और दोषियों को सजा मिल सके। ज्ञापन देते समय विजय, नरेश कुमार, रवीन्द्र कुमार, भैयालाल पुलैया, मोहन गुप्ता, मोहन लाल कुशवाहा, सुरेन्द्र योगी, पवन, विनोद गुप्ता, निशान्त, पुष्पेन्द्र सोनी, आकाश, सत्येन्द्र, गोपाल सोनी, आकाश, प्रदीप, राघवेन्द्र, रोहित, राहुल सुमन, रामस्वरूप, रिंकू, धर्मेंद्र, अरूण गंगेले, राघवेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, संजय नामदेव, अभिषेक गुप्ता, श्याम बिहारी, प्रहलाद खटीक, रितेश गुप्ता, देवेन्द्र कुमार, शिवराज, डम्पी राजा, सुजान सिंह के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### छत तोड़कर पान मैटेरियल की दुकान में चोरी, 50 हजार नकद व हजारों का सामान पार

**गोपीगंज के बघेल कटरा की वारदात; सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, व्यापारियों में आक्रोश**

**गोपीगंज।** नगर के ज्ञानपुर रोड स्थित बघेल कटरा में रविवार रात चोरों ने छत की पटिया तोड़कर पान मैटेरियल की दुकान में सेंध लगा दी। बदमाश करीब 50 हजार रुपये नकद और हजारों रुपये मूल्य के सिगरेट कार्टून सहित अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, नोनियान गली निवासी प्रेमचंद बघेल कटरा में किराए के कमरे में पान मैटेरियल, गुटखा व सिगरेट की दुकान चलाते हैं। रविवार देर शाम वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का दृश्य देख सन्न रह गए। व्यवसायी के पुत्र पप्पू के मुताबिक, चोर पीछे से छत पर चढ़े और पटिया तोड़कर अंदर घुसे। कैश बॉक्स का ताला तोड़कर फुटकर समेत करीब 50 हजार रुपये निकाल लिए। इसके अलावा सिगरेट के चार कार्टून सहित अन्य सामान भी उठा ले गए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। गौरतलब है कि लगभग डेढ़ माह पूर्व इसी इलाके में खाद-बीज की दुकान में भी चोरी हुई थी। लगातार हो रही वारदातों से व्यापारियों में भय और आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बघेल कटरा क्षेत्र में पहले भी कई दुकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन खुलासा न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और शीघ्र घटना का खुलासा करने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हो सके।

### साइबर हेल्प डेस्क की तत्परता से पीड़ित को 15 हजार रुपये वापस




**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में थाना भदोही की साइबर हेल्प डेस्क ने तत्पर कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित के खाते में 15,000 रुपये की धनराशि वापस कराई। जानकारी के अनुसार, दरोपुर रजपुरा निवासी सूरज चौहान से गलतीवश धनराशि दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गई थी। पीड़ित द्वारा ऑनलाइन साइबर शिकायत दर्ज कराई गई। मामले का संज्ञान लेते हुए साइबर हेल्प डेस्क ने एनसीआरपी पोर्टल पर विवरण की जांच कर न्यायालय के आदेश के क्रम में संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित किया और पूरी रकम वापस कराई। धनराशि वापस मिलने पर पीड़ित ने भदोही पुलिस का आभार व्यक्त किया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि साइबर फ्रॉड की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं तथा किसी अज्ञात लिंक या ऐप को डाउनलोड करने से बचें।

### अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस बल ने किया रुट मार्च



**चुनार, मीरजापुर।** आगामी होली के पर्व को देखते हुए शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन मनीष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कस्बा चुनार के लाल दरवाजा, भरपूर किला मोड ,सराय टेकौर दरगाह शरीफ के आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस बल ने रूट मार्च किया। इस दौरान उनके साथ क्षेत्राधिकारी मंजरी राव ,कोतवाल विजय शंकर सिंह समस्त पुलिस चौकी इंचार्ज मय पुलिस बल मौजूद रहे। यह रूट मार्च लाल दरवाजा स्थित चौक बाजार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सड़क के किनारे लगे अतिक्रमण को हटाने का निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान सीओ मंजरी राव ने आम जनता से संवाद किया और उन्होंने शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आश्वस्त किया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार के आरजकता फैलाने या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

# फ्लैग मार्च कर प्रशासन ने होली-रमजान को लेकर दिया शांति व सौहार्द का संदेश

**● डीएम शैलेष कुमार व एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने आमजन से संवाद कर लिया फीडबैक,**

**अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती की चेतावनी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** होलिका दहन, होली, रमजान एवं ईद पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। इसी क्रम में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से गोपीगंज क्षेत्र में व्यापक फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने हाईवे, प्रमुख बाजारों व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर आमजन को भयमुक्त वातावरण का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर फीडबैक लिया और पर्वों को आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं गंगा-जमुनी तहजीब के साथ मनाने की अपील की।

इस दौरान अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई सुनिश्चित कराने तथा संदिग्ध वाहनों की सघन चेकिंग भी कराई गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित न करें।

इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी भदोही अरुण गिरी व क्षेत्राधिकारी अशोक के साथ तहसील भदोही के प्रमुख कस्बों में फ्लैग मार्च किया। वहीं तहसील औराई क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिंह व उपजिलाधिकारी श्याम मणि त्रिपाठी ने घोसिया सहित आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ मार्च कर सुरक्षा का संदेश दिया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और पर्याप्त पुलिस बल तैनात है। जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे शांति बनाए रखें और पर्वों को हर्षोल्लास व भाईचारे के साथ मनाएं।

## गौतस्कर से पुलिस की मुठभेड़, पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

**● गौमांस, तमंचा व कार बरामद; तीन साथी फरार**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र में गोकशी की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने मुठभेड़ के बाद एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां भेजा गया। पुलिस ने मौके से गौमांस, एक चापड़, एक हुंडई सेंट्रो कार, 315 बोर का तमंचा, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 1 मार्च को ग्राम बैरीपरवा में गोकशी की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी की तो एक व्यक्ति पकड़ा गया, जिसने अपना नाम विजय गौतम उर्फ कल्लू पुत्र बैजनाथ निवासी बैरीपरवा थाना सुरियावां बताया। इसी दौरान वह एक उपनिरीक्षक को धक्का देकर खेतों के रास्ते फरार हो गया। तलाशी में सेंट्रो कार की डिग्गी से सांड का सिर व चापड़ बरामद हुआ। आसपास खेतों में गोवंश के अवशेष भी मिले।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सर्विलांस की मदद से आरोपित की लोकेशन ट्रेस की गई। शाम करीब 6 बजे ग्राम मतेथू तिराहे के पास दबिश के दौरान आरोपित ने पुलिस पर तमंचे से फायर किया। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसने अपने साथी राजकुमार सरोज उर्फ बड़कू निवासी अमिलहरा व दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर आवारा सांड को पकड़कर वध किया था। मांस बोरे में भरकर ले जाने की तैयारी थी, तभी ग्रामीणों ने देख लिया और पुलिस को सूचना दे दी।

पुलिस के मुताबिक फरार आरोपित राजकुमार सरोज पर पूर्व में भी पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज है। अन्य दो अज्ञात आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है। थाना सुरियावां में मु0अ0सं0 57/2026 के तहत धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम, 109(1) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष मनीष द्विवेदी, उ0नि0 धीरज यादव, उ0नि0 संजय सिंह सहित पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## जनकल्याण हेतु करहा पूजन किया गया



**मीरजापुर।** जनकल्याण हेतु भगत अनिल द्वारा सीखड़ ग्राम पंचायत में स्थित बुद्धि राम डेरी के प्रांगण में रविवार देर रात करहा का पूजन दिया गया। मां दुर्गा के उपासक काशी भगत अनिल के द्वारा मां का हवन पूजा कर खौलते हुए दूध से स्नान किया साथ में 6 माह बच्चे को खौलते हुए दूध और खीर से नहलाए ।उस स्थिति को देखकर उपस्थित जनता ने माता रानी का जय कारे लगाते रहे महिलाएं माता रानी का पचरा गाती रही। कार्यक्रम में चल रहे भंडारे से भक्त गण प्रसाद पाते रहे। वहीं समस्त पूजन शास्त्री सुनील कुमार मिश्रा, आचार्य अखिल भोलू मिश्रा ने सम्पन्न कराया। पूजन में श्री श्री 1008 श्री मद्म जगत गुरु रामानुजाचार्य स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य जी महाराज मानस किंकर दिनकर जी महाराज, बुद्धि राम यादव, सुशील बच्ची यादव, राजन यादव, बबलू यादव, प्रदिप पांडेय, अजित पांडेय, धर्मराज यादव, बब्बल पांडेय ,केशव यादव, बनवारी यादव, गुड़ीया, रेखा,सगीता, मुन्नी देवी सहित सैकड़ों की संख्या में नर नारी भक्त गण उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में चार घायल

**● एक महिला का प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने ट्रामा सेण्टर किया रेफर**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर मवई कलां गाँव के पास दो बाइकों की आमने सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गये ग्रामीणों की मदद से आटो से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहाँ चिकित्सक ने एक महिला के सिर में गम्भीर चोट के कारण प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के उरूवा गाँव निवासी उदय सिंह (29) पत्नी प्रीती सिंह(23) के साथ कोटार नाथ दर्शन पूजन करने बाइक से जा रहे थे जैसे ही मवई कलां के पास पहुंचे कि सामने से आ रहे बाइक सवार मड़िहान थाना क्षेत्र के सुगापाख गाँव निवासी बालकृष्ण कोल(22) मवई कला गांव निवासी सरस्वती (20) को बैठा कर जा रहे थे आमने- सामने टक्कर हो गई।

जिसमें बाइक चालक सहित सवार चार लोग घायल हो गए। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रीती के सिर में गम्भीर चोट होने के कारण ट्रामा सेण्टर मीरजापुर रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि घायल महिला के सिर में गम्भीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद प्रीती को ट्रामा सेण्टर रेफर कर दिया।

## रमजान और होली में शांति व्यवस्था के लिए पीस मीटिंग और फ्लैग मार्च

**मिर्जापुर।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में मिर्जापुर के नगर अहरौरा में रमजान और होली के दृष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना अहरौरा से क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन नक्सल मड़िहान शिखा भारती और एस एच ओ अजय मिश्रा के नेतृत्व में नगर के प्रबुद्ध जनों के साथ पीस मीटिंग करके स्थानीय होलिका संबंधित विवादों पर गहन मंत्रणा कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अहरौरा थाना नगर पुलिस चौकी द्वारा सामूहिक फ्लैग मार्च निकाला गया। क्षेत्राधिकारी के उपस्थिति में मार्च पुलिस चौकी से निकलकर चौक बाजार भ्रमण करते हुए चकिया तिराहे तक संपन्न हुआ ।नगर वासियों से शांतिपूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की गई। सौहार्द बिगड़ने वालों को सख्त हिदायत भी दी गई। पीस मीटिंग के उपरांत उपस्थित प्रबुद्ध जनों में उमेश केसरी,अनूप कुमार, कृष्ण कुमार, अनिल केसरी, शुभम मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## इजरायल-ईरान युद्धः तेल अवीव में मीरजापुर के 22 श्रमिक, सायरन और बंकर प्रणाली से कर रहे अपना बचाव

**मीरजापुर।** इजरायल ने शनिवार को सुबह ईरान पर हमला कर दिया। इसके पूर्व तेज अचानक सायरन बजने लगा। इससे हमले का आभास हुआ और लोग अपने-अपने घरों से निकलकर बंकरों में चले गए। कुछ कामगार व लोग अपने घरों में रहे। शनिवार को इजरायल में साप्ताहिक बंदी होने के कारण पहले से ही सड़कों पर सन्नाटा रहा। इसे कोई अफरा-तफरी नहीं मची। यह कहना रहा इजरायल के तेल अवीव में कार्य करने वाले पहाड़ी ब्लाक के कपसौर के श्याम कुमार बिंद का। उन्होंने फोन पर बातचीत में बताया कि सुबह-सुबह अचानक सायरन बजने लगा, इसके चलते लोग सतर्क हो गए। राजधानी तेल अवीव सहित अन्य स्थानों पर काम करने वाले भारतीय कामगारों की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्याम कुमार बिंद ने बताया कि लड़ाई के बावजूद कोई खतरा नहीं है। हमले के दस मिनट पहले मोबाइल पर घंटी बजने लगती है। वहीं हवाई हमले के पांच मिनट पहले ही सायरन बजने लगता है। इसके बाद महज पांच मिनट के अंदर पास में बने बंकरों में कार्यस्थलों से कामगार तथा स्थानीय लोग अपने-अपने घरों से पहुंच जाते हैं। श्रमिक कंपनी द्वारा निर्धारित स्थान पर सुरक्षा के बीच नियमित कार्य करने जाते हैं। युद्ध के बीच इजरायल सहित रहने वाले सभी लोगों की यह आदत में शामिल हो गया है।वहीं दूसरे कामगार ने बताया कि तेल अवीव से लगभग 80 किमी दूर एक स्थान पर कार्य कर रहे हैं। शुक्रवार की रात नाइट ड्यूटी करके वापस लौटे थे कि सुबह अचानक सायरन बजने लगा। सायरन बजने के बाद पांच मिनट के अंदर बंकर में पहुंच गया। इस दौरान 20 मिनट के अंदर वापस फ्लैट में जाना पड़ता है।

**इजरायल में काम कर रहे 22 श्रमिक**

इजरायल में मीरजापुर के 22 श्रमिक काम कर रहे हैं। इसमें श्याम कुमार बिंद कपसौर पड़री, राम चिरंजीव गाजीपुर विजयपुर, सतीश कुमार, रमेश कुमार, अतुल कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार अनंतरपुर, श्रवण कुमार चितराहन बगही, रमेश चौधरी शिल्पी सीखड़, राजीव कुमार, रामलाल नियामतपुर, सचिन कुमार, इंद्र प्रकाश धनैता डोमनपुर, महेंद्र लाल सुल्तानपुर, राजू राय पक्का पोखरा, इकबाल अहमद पिरवाजी शहीद चुनार, शिव कुमार दांती कोटवा पांडेय, संदीप कुमार सराय टैकोर चुनार, छाटे लाल निषाद और सतीश कुमार सिंधोरा, राम आशीष पाल बेदौली, घनश्याम साहनी लेड़ू हैं।

## होली की पूर्व संध्या पर ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर चला सघन जांच अभियान




**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर होली की पूर्व संध्या पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम की ओर से रविवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जीआरपी चौकी प्रभारी आनंद कुमार यादव के नेतृत्व में आरपीएफ और जी आर पी की संयुक्त टीम टीम ने आने-जाने वाले यात्रियों, ट्रेनों की बोगियों और चढ़ने-उतरने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के सामान की गहन जांच पड़ताल की। अभियान के दौरान प्लेटफार्म पर बिना कारण घूम रहे लोगों को चेतावनी देकर बाहर भेजा गया। पुलिस ने यात्रियों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें, ताकि रंगों के पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनी रहे।

## पूर्व विधायक भाजपा भदोही रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने दी क्षेत्र एवं जनपद की जनता को दी होली की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही सुरियावां** 2 मार्च 2026 सोमवार को। रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर पूर्व विधायक भाजपा रविंद्र नाथ त्रिपाठी ने जनपद भदोही की जनता को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश देता है। अपने संदेश में कहा कि होली हमें पुराने गिले-शिकवे भुलाकर नई शुरुआत करने की प्रेरणा देती है। यह पर्व सामाजिक समरसता और एकता का प्रतीक है, जहां हर वर्ग, हर समुदाय के लोग मिलजुलकर खुशियां मनाते हैं।

उन्होंने सभी भदोही की जनता से अपील की कि होली को शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित और स्वच्छ होली का संदेश दें।

**विकास और एकता का संकल्प**

अपने शुभकामना संदेश में उन्होंन अपने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, स्वच्छता, बेहतर मूलभूत सुविधाओं और आपसी सद्भाव को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों पर वे सदैव प्रतिबद्ध रहेंगे। रवींद्रनाथ त्रिपाठी ने कहा कि भदोही की जनता का स्नेह और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। होली के इस पावन अवसर पर उन्होंने सभी परिवारों की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों को दी होली पर्व की हार्दिक बधाई, सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील

**● होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता,समरसता एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का भी प्रतीक है- जिलाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/** जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनपदवासियों को होली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने शुभकामना संदेश में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि होलिकोत्सव भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो हमें अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य एवं अहंकार पर भक्ति की विजय का संदेश देता है। यह पर्व समाज में प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह सामाजिक एकता, समरसता एवं आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने का भी प्रतीक है। इस पावन अवसर पर हम सभी को अपने जीवन से नकारात्मकता, द्वेष एवं कुविचारों का दहन कर प्रेम, सौहार्द एवं सकारात्मकता का प्रकाश फैलाने का संकल्प लेना चाहिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपदवासियों से अपील की कि वे होली का पर्व आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं परस्पर प्रेम के साथ मनाएं तथा शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार



की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने से बचें। यदि किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अंत में उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे इस पावन पर्व को सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखें।

## तेज रफ्तार डंपर की चपेट में विवाहिता की मौत, आधे घंटे जाम

**● चिंतामणि इंटर कॉलेज के पास हादसा; पति सुरक्षित, अज्ञात चालक पर मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भदोही-ज्ञानपुर मार्ग पर मूसीलाटपुर स्थित चिंतामणि इंटर कॉलेज के पास सोमवार सुबह तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार विवाहिता सोनी बिंद (34) की दर्दनाक मौत हो गई। बाइक चला रहे उनके पति दिनेश बिंद को खरोंच तक नहीं आई, जबकि महिला का शव क्षत-विक्षत हो गया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई। बताया गया कि प्रयागराज के बरौत चकपाली गांव निवासी दिनेश बिंद अपनी पत्नी सोनी के साथ पिपरिस गांव स्थित ननिहाल से घर लौट रहे थे। सुबह करीब आठ बजे निर्माणाधीन सड़क पर तेज गति से आ रहे डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर की रफ्तार 80-90 किमी प्रति घंटा थी, जबकि सड़क की दोनों पटरियां निर्माण कार्य के कारण क्षतिग्रस्त हैं।

घटना से बदहवास दिनेश को संभालना मुश्किल हो गया। सूचना मिलते ही पिपरिस, संभई भटानी और कुरौना हवाई पट्टी सहित आसपास के गांवों से परिजन मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बोल्डर, पाइप और बाइक रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। हालांकि भदोही-ज्ञानपुर मार्ग पर करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्वजन की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों के अनुसार सोनी का मायका उगापुर हवाई पट्टी स्थित कुरौना गांव में है, जबकि पिपरिस में ननिहाल है। वह रविवार को मामा सूर्यबली बिंद के घर आई थीं और सोमवार सुबह घर लौटते समय हादसे का शिकार हो गईं। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक व आक्रोश का माहौल है।

## भाजपा नेता ने पिता काटकर ट्रैक्टर तथा मोटरसाइकिल एजेंसी का किया उद्घाटन



**हलिया, मीरजापुर।** भाजपा नेता मनीष तिवारी ने सोमवार को दोपहर क्षेत्र के देवरी बाजार में श्याम टीवीएस एजेंसी तथा स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि धीरज मिश्रा ने आति पिछड़े क्षेत्र कोरावल विकासखंड के देवरी बाजार में ट्रैक्टर तथा मोटरसाइकिल एजेंसी नहीं थी यहां के किसानों को 20 किलोमीटर दूर हलिया तथा ड्रमंडगंज जाकर ट्रैक्टर खरीदना पड़ता था जिससे किसानों को काफी दिक्कतें होती थी।कोरावल क्षेत्र विकासखंड के पिछड़े क्षेत्र में ट्रैक्टर एजेंसी होने से किसानों को राहत मिलेगी। इस दौरान उपस्थित रहे हर्ष नारायण मिश्र उमाकांत द्विवेदी दिनेश दुबे आदि।

## नाबालिगों को बेची जा रही शराब, वीडियो हो रहा वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ड्रमंडगंज।** क्षेत्र के एमपी सीमा पर स्थित भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में सरकारी देशी शराब व बीयर की दुकान पर सेल्समैन द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए धड़ल्ले से नाबालिगों को शराब बेची जा रही है।जिसका वीडियो सोमवार को किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल हो रहे वीडियो में शराब की दुकान पर अन्य लोगों के साथ दो तीन नाबालिग शराब लेने के लिए खड़े हैं। दुकान के भीतर मौजूद सेल्समैन द्वारा नाबालिगों को शराब दी जा रही है। पहाड़ के ऊपर बसे भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में बहुतायत संख्या में कोल आदिवासी लोग निवास करते हैं। बिना रोक-टोक के कम उम्र में नाबालिगों को शराब बेचना गैर कानूनी है लेकिन शराब के दुकानदार द्वारा मनमानी तरीके से नियमों को ताख पर रखते हुए खुलेआम नाबालिगों को शराब की बिक्री की जा रही है। जिसके चलते कम उम्र में नाबालिग नशे का शिकार हो रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी कभी भी शराब की दुकानों का निरीक्षण नही करते है जिससे नाबालिग नशे के लती होते जा रहे हैं। जिसके चलते वह मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ हो रहे हैं। ग्रामीणों ने वायरल हो रहे वीडियो की जांच कर देशी शराब के दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में आबकारी निरीक्षक सौरभ वर्मा ने बताया कि वायरल हो रहे वीडियो की जांच कर देशी शराब के दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## 5 साल तक के बच्चों की बनेगी 'आभा आईडी', एक क्लिक पर सामने आएगी पूरी मेडिकल हिस्ट्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** पांच वर्ष तक बच्चों की आभा आइडी बनाई जाएगी। इस आइडी से आपको अपने बच्चों की बीमारी की फाइल रखने की जरूरत नहीं होगी। उनकी बीमारी का पूरा डाटा एक पल में आभा आइडी से मिल जाएगी। इसको कहीं भी खोलकर देखा जा सकता है कि बच्चे को कौन-कौन सी बीमारी है। अभी तक क्या इलाज चल रहा है। कहां-कहां इलाज हुआ। कौन-कौन सी जांच हुई। रिपोर्ट में क्या है यह सबकुछ डिटेल मिल जाएगा। इससे पांच वर्ष बाद भी बच्चा बीमार हुआ तो दूसरे डाक्टर को बच्चों का आगे का इलाज करने में काफी हद तक मदद मिलेगी। अभी तक यह होता रहा है कि बच्चा एक बार बीमार हुआ तो उसे डाक्टर को दिखाकर इलाज कराया। उन्होंने बच्चे का इलाज किया, जांच कराई और दवा दे दी। बच्चा ठीक भी हो गया। इसके बाद डाक्टर भी भूल गए और परिवार के लोगों ने उसकी फाइल सुरक्षित नहीं रखी इससे जब बच्चा दोबारा बीमार हुआ और किसी दूसरे डाक्टर को दिखाया तो उसने नए सिरे से उसकी जांच कराकर इलाज किया। इससे बच्चे की पिछली बीमारी के बारे में उसकी फाइल न रखने के कारण उनको पता नहीं चल पाया। अब ऐसा नहीं होगा। बच्चों की बीमारी का पूरा डाटा रखने के लिए शासन ने आभा आइडी बनाई है। पांच वर्ष तक के बच्चों की बीमारी का पूरा डिटेल इसमें रखा जाएगा। जिससे कभी भी उसकी जरूरत पड़े तो स्वजन उसे निकालकर डाक्टर को दिखा सकें। यह होगा आइडी के बनाने से आभा आइडी को बनवाने के कई फायदे होंगे। सबसे बड़ा फायदा बच्चे के स्वजन को होगा। जो फाइल गुम होने पर भी इस आइडी के माध्यम से उसकी बीमारी की पूरी जानकारी दूसरे डाक्टर को दे सकेंगे। इसके साथ ही उन डाक्टरों को भी बच्चे की बीमारी का पूरी डिटेल मिल जाएगा। यह है आभा आइडी आभा आइडी आधार वेस हेल्थ एकाउंट है। अब हर मरीज की आभा आइडी बनाई जा रही है। इस आइडी के माध्यम से मरीज का यूनिक नंबर होगा। जिसके माध्यम से वह देश में कहीं पर भी इलाज कराने जाएगा तो उसकी पूर्व की बीमारी का पूरा डिटेल मिल जाएगा। इसे आइडी के बनने से मरीजों के साथ ही डाक्टर को भी उसका इलाज करने में मदद मिलेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## होलीपर शांति व्यवस्था के लिए लालगोपल गंज में फ्लैग मार्च।



पुलिस उपायुक्त गंगानगर द्वारा होली त्योहार के दृष्टिगत आम जन मानस में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करने हेतु थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत लालगोपालगंज में साम्प्रदायिक संवेदनशील क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों/चौराहों पर भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया । सभी शांति से त्योहार मनाए, इसके लिए विश्वास दिलाया गया एवं अराजक, उपद्रवियों व शरारती तत्वों को चेतावनी दी गई तथा त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्वक मनाये जाने में विघ्न पैदा न करे अन्यथा कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी । इस मौके पर सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव ,प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मय फोर्स मौजूद रहे ।

## क्रांतिकारियों ने अपने खून की होली खेलकर हमें आजादी दिलाई है-राजेश केसरवानी

**अमर क्रांतिकारियों के संग रंग भरी खेली गई फूलों की होली**



**नैनी, प्रयागराज** अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप द्वारा मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में अमर क्रांतिकारियों के संग होली के रंग का आयोजन किया गया इस अवसर मां भारती की स्वाधीनता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर क्रांतिकारियों को स्मरण करते हुए उनके संग रंग भरी फूलों की होली खेली गई इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व पार्षद विजय वैश्य, इलाहाबाद सराफा व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिनेश सिंह एवं श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि मां भारती के सपूतों ने अपने खून से होली खेल कर हमें आजादी दिलाई और आजादी के साथ होली मनाने का अवसर प्रदान किया है जिसे हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कार्यक्रम संयोजक अभिलाष केसरवानी रहे। संचालन अजय अग्रहरि ने किया।इस अवसर शहीदों के संग होली खेलने वालो में सुशील जैन,शत्रुघ्न जायसवाल, अतुल खन्ना , श्याम जी अग्रवाल,राजा मेहरोत्रा, कमलेश केसरवानी, सुमित केसरवानी,धीरज केसरवानी,श्रेष्ठ चौरसिया, दीपक केसरवानी सुनील केसरवानी विजय कृष्ण मेहता आदि रहे।

## साधु की कुटिया में अराजक तत्वों ने लगाई आग



**नैनी।** अरैल बांध रोड स्थित साधु की कुटिया को सोमवार दोपहर अराजक तत्वों ने आग के हवाले कर दिया। जानकारी होने पर साधु के सेवादारों मौके पर पहुंचकर रेत और मिट्टी डालकर आग को बुझाने लगे। तेज हवा चलने से जब तक आग पर काबू पाया गया उतनी देर में कुटिया और उसमें रखे सामान पूरी तरह जल कर राख हो चुके थे। यह कुटिया साधु राज बाबू मिश्र उर्फ ऑनलाइन बाबा की थी। वह रोजाना कुटिया के समीप अरैल घाट पर गंगा-यमुना व सरस्वती की आरती किया करते थे। साथ ही नदी तट की नियमित साफ-सफाई भी करते रहे। इस पुण्य कार्य की शुरुआत उन्होंने सुरसरि त्रिवेणी गंगा आरती सेवा ट्रस्ट बनाकर की थी।गुजरे वर्ष दिसंबर माह में अपने एक भक्त को अराजकों के चंगुल से बचाने पर उनको लगातार धमकियां दी जा रही हैं। जिससे साधु एवं उनके भक्त आरती नियमित नहीं कर पा रहे हैं। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस आयुक्त प्रयागराज और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनता दरबार में प्रार्थना पत्र के माध्यम से दी थी। इसबीच सोमवार दोपहर को उनकी कुटिया में आग कर अराजकों ने दहशत फैलाना चाहा। इससे साधु बाबा और उनके भक्तों में आक्रोश है। बता दें कि अराजकों से सुरक्षा को यमुनानगर डीसीपी को प्रार्थना पत्र देकर साधु बाबा ने सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# आर्या.एजी के को-फाउंडर प्रयागराज के आनंद चंद्र ने किया एसएचजी वीमेन लीडरशिप प्रोग्राम का नेतृत्व।

**●लगभग 50 वीमेन लीडर्स को बदलाव लाने के लिए साइको सोशल स्किल्स, डिजिटल टूल्स और आजीविका से जुड़ी क्षमताओं की ट्रेनिंग दी गई।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज-** सामुदायिक जुड़ाव की भावना से प्रेरित एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, प्रयागराज में जन्मे आर्या.एजी के को-फाउंडर और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आनंद चंद्र ने अपने गृह नगर में ग्रामीण महिलाओं के लिए लीडरशिप और साइकोसोशल ट्रेनिंग प्रोग्राम का संचालन किया। इस अवसर पर उनके माता-पिता भी उनके साथ मौजूद रहे, जिन्होंने स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने के इस संकल्प में भागीदारी निभाई। यह 15 दिवसीय क्षमता-निर्माण कार्यक्रम, जिसे ब्रिज4चेंज फाउंडेशन द्वारा आर्याधन फाउंडेशन फॉर इक्विटेबल एग्रीकल्चर (आर्या.एजी की सीएसआर इकाई) के सहयोग से आयोजित किया गया, प्रयागराज के विभिन्न जिलों की स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित करने पर केंद्रित था। इस पहल का नेतृत्व कर रहे आर्या.एजी के चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर शेनॉय मैथ्यू ने कहा, 'हम उन पहलों का समर्थन करते हैं जो ग्रामीण नेतृत्व और सामुदायिक मजबूती को सशक्त बनाती हैं। अपने सीएसआर प्रयासों के माध्यम से महिला नेताओं में निवेश करना हमारे समावेशी विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह भारतीय कृषि में महिलाओं की भूमिका को मजदूरी से नेतृत्व तक ले जाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' इस कार्यक्रम में 50 एसएचजी वीमेन लीडर्स को ट्रेनिंग दी गई, जिन्हें सामाजिक बदलाव के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अपने समुदाय को संगठित करने की क्षमता के आधार पर चुना गया था। लीडरशिप डेवलपमेंट, साइको सोशल सपोर्ट स्किल्स और प्रैक्टिकल डिजिटल टूल्स के माध्यम से यह पहल जमीनी स्तर पर बदलाव लाने वाली आदर्श महिला नेताओं का एक मजबूत नेटवर्क तैयार करने का लक्ष्य रखती है। ब्रिज4चेंज फाउंडेशन के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल ने कहा, 'जब महिलाओं को नेतृत्व के लिए सशक्त बनाया जाता है, तो वे दूसरों के लिए प्रेरणादायक आदर्श बन जाती हैं। हमारा प्रयास आत्मविश्वास से भरी एसएचजी लीडर्स का एक ऐसा नेटवर्क तैयार करना है, जो समुदाय स्तर पर मार्गदर्शन दे सके, सहयोग कर सके और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित कर सके।' आनंद चंद्र के लिए प्रयागराज में इस कार्यक्रम का संचालन करना गहरा व्यक्तिगत महत्व रखता है। अपने माता-पिता के साथ उनकी भागीदारी उस समुदाय को लौटाने की उनकी मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसने उनके शुरुआती जीवन को आकार दिया। उनकी उपस्थिति ने स्थानीय नेतृत्व और समुदाय द्वारा संचालित बदलाव के महत्व को और भी मजबूत किया। प्रतिभागियों को स्ट्रेस मैनेजमेंट, बजट बनाना, लक्ष्य निर्धारण, साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता की ट्रेनिंग दी गई, जिससे उनमें वित्तीय आत्मविश्वास और डिजिटल भागीदारी बढ़ी। सत्रों में सजग उपभोग, मासिक धर्म स्वच्छता, कम्युनिकेशन, लैंगिक अधिकार और सामुदायिक सहयोग जैसे विषय भी शामिल रहे। इन पहलुओं ने सतत आजीविका, बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत सामाजिक नेटवर्क को बढ़ावा देने में मदद की। आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, आर्थिक स्वतंत्रता और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत बनाकर यह पहल एसएचजी की महिला लीडर्स को सक्षम बनाती है, ताकि वे अपने साथियों का सहयोग कर सकें, आजीविका को बेहतर बना सकें और जमीनी स्तर पर सामाजिक कल्याण के लिए आवाज उठा सकें।

# बुजुर्ग हमारी असली पूँजी:

**●बीइंग रेस्पॉन्सिबल' के वरिष्ठजन डे केयर सेंटर ने पूर्ण किए तीन गौरवशाली वर्ष।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



'यस्य वृद्धाः गृहे नित्यं तस्य तत्र वसति लक्ष्मीः ', अर्थात जिस घर में बुजुर्गों का सान्निध्य होता है, वहाँ सुख और समृद्धि स्वयं निवास करते हैं। इसी भाव को आत्मसात करते हुए, इंदौर की जानी-मानी समाजसेवी संस्था 'रेस्पॉन्सिबल' द्वारा संचालित वरिष्ठजन डे केयर सेंटर ने अपने तीन सफल वर्ष पूर्ण कर लिए। तीसरी वर्षगाँठ का उत्सव शुभ-लाभ रेसिडेंसी स्थित प्रगति स्थल पर धूमधाम और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मंच पर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में सोसाइटी के अध्यक्ष सीए मनीष अग्रवाल और चीफ गेस्ट के रूप में संस्था के फाउंडर डॉ. अतुल मलिकराम उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में गोपाल माहेश्वरी जी ने कहा कि यह केंद्र सिर्फ एक स्थान नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहाँ वरिष्ठजन अपनापन महसूस करते हैं। प्रमुख भाषण में सेंटर के सबसे वरिष्ठ सदस्य आई.आर. कुमार जी ने बुजुर्गों को समाज की दिशा बताने वाली शक्ति बताया और कहा कि जो समाज अपने वरिष्ठजनों का सम्मान करता है, वही सही मायने में आगे बढ़ता है। सम्मान समारोह के दौरान अध्यक्ष एवं गेस्ट ऑफ ऑनर सीए मनीष अग्रवाल जी सहित कार्यकारिणी सदस्यों- आई.आर. कुमार (चेयरमैन), नरेशचंद माहेश्वरी (उपाध्यक्ष), गोपाल माहेश्वरी (अध्यक्ष), आर.डी. खंडेलवाल (सचिव) और श्रीमती मधुलिका अशोक गुप्ता (कार्यकारिणी सदस्य) की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी वरिष्ठजनों एवं विशेष आमंत्रितों का भेंट देकर सम्मान किया गया। इस विशेष संध्या में संगीत की मधुर छटा भी बिखरी। आर.डी. खंडेलवाल जी ने अपनी सुमधुर आवाज़ में गीतों की प्रस्तुति देकर तथा वरिष्ठ सदस्या सुचित्रा भौरास्कर जी ने अपनी हस्तलिखित किताब की एक प्रमुख कविता पढ़कर समाँ बाँध दिया। संस्था की ओर से विनीत भट्ट, सुरभि चौरसिया और रोहित ढोलिया ने कार्यक्रम की बागडोर संभाली। इस अवसर पर सदस्यों की संख्या बढ़ाने, गतिविधियों का विस्तार करने और अधिक वरिष्ठजनों को इस परिवार से जोड़ने जैसे अनेक संकल्प लिए गए। डॉ. अतुल मलिकराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पहल सेवा नहीं, हमारा कर्तव्य है। सभी सेंटर्स के साथ हमारा उद्देश्य यही है कि वरिष्ठजनों को उनके घर के अतिरिक्त एक और घर मिले, जहाँ उन्हें अपने हमउम्रों का साथ मिले और वे खुलकर एक-दूसरे के साथ खुशियाँ बाँटें। वहीं, मनीष अग्रवाल जी ने इसे समाज के लिए प्रेरक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सोसाइटी की समस्त कार्यकारिणी इस पहल की सराहना करती है। आई.आर. कुमार जी ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में यह केंद्र और अधिक ऊँचाइयों को छुएगा। समापन भाषण में मधुलिका गुप्ता जी ने कहा कि बचपन और बुढ़ापे में एक समानता है, दोनों को सबसे अधिक जरूरत होती है प्यार, साथ और सुनने वाले कानों की। बीइंग रेस्पॉन्सिबल इसका जीवंत माध्यम बना है। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का गरिमामय समापन हुआ।

# उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' का वाचन एवं संगोष्ठी।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रेल मंत्रालय और कैबिनेट सचिवालय के निर्देशों के अनुपालन में, उत्तर मध्य रेलवे (उमरे) मुख्यालय में आज 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' के वाचन और उस पर चर्चा के लिए एक विशेष संगोष्ठी आयोजित की गई। , जिसकी अध्यक्षता अपर महाप्रबंधक जे.एस. लाकरा ने की। 'सेवा संकल्प प्रस्ताव' मूल रूप से केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा 24 फरवरी, 2026 को नए प्रधानमंत्री कार्यालय, 'सेवा तीर्थ' में अपनी ऐतिहासिक पहली बैठक के दौरान पारित किया गया था । उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, अपर महाप्रबंधक श्री जे.एस. लाकरा ने इस संकल्प का पाठ किया, जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर बल दिया गया है। नागरिक-केंद्रित शासनः 'नागरिक देवो भव' की भावना के प्रति प्रतिबद्धता, यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के प्रति सेवा-भाव से प्रेरित हो । अंत्योदयः पारदर्शी और उत्तरदायी शासन के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सरल बना विकसित भारत 2047: वर्ष 2047 तक भारत को एक समृद्ध, समर्थ और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को दोहराना । आधुनिक कार्य-संस्कृतिः जड़ता की जगह गतिशीलता और संदेह की जगह समाधान को बढ़ावा देने वाले बुनियादी ढांचे और कार्यप्रणाली को अपनाना । संकल्प के पठन के पश्चात, रेलवे के विभिन्न विभागों और कार्यालयों की भूमिका के अनुसार इस संकल्प को लागू करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की गई । इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्तर मध्य रेलवे के ढांचे के भीतर संकल्प की भावना को समाहित करने पर अपने विचार साझा किए। विचार व्यक्त करने वालों में मुदित चंद्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, अतुल कुमार मिश्रा, उप महाप्रबंधक (सामान्य), शशिकांत त्रिपाठी, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, अखिल शुक्ला, महाप्रबंधक के सचिव, उप महाप्रबंधक/विधि अनुज कटियार, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी गुंजन श्रीवास्तव, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी कृष्ण कांत एवं उप मुख्य सतर्कता अधिकारी हरीश कुमार शामिल थे। वक्ताओं ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उत्तर मध्य रेलवे की कार्य-संस्कृति कर्तव्य, सेवा और समर्पण की त्रिवेणी से संचालित होगी, जिससे 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' की गति को और तेज किया जा सके । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ राजभाषा अधिकार यथार्थ पांडेय ने किया। इस कार्यक्रम में उत्तर मध्य रेलवे के विभिन्न अधिकारी एवं उपस्थित रहे।

# वेदांता एल्युमीनियम ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अनुसंधान और सतत नवाचार को बढ़ावा दिया।

**● 800 से अधिक महिला पेशेवर कंपनी की वैज्ञानिक और इंजीनियरिंग कार्यबल को सशक्त बना रही हैं।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर, वेदांता एल्युमीनियम – जो भारत का सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक है, ने कहा कि वह भारत के वैज्ञानिक और तकनीकी विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने बताया कि वह अपने काम में शोध-आधारित उत्पादन, डिजिटल नवाचार और इंजीनियरिंग-आधारित तकनीकों का उपयोग करती है। इस कंपनी में वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों की एक एकीकृत टीम काम करती है, जिसमें धातु विज्ञान (मेटलर्जी), रसायन विज्ञान, प्रक्रिया इंजीनियरिंग, डेटा साइंस और डिजिटल विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही 800 से ज्यादा महिलाएँ भी मुख्य वैज्ञानिक, तकनीकी, डिजिटल और इंजीनियरिंग भूमिकाओं में काम कर रही हैं। ये महिलाएँ इस तकनीकी और वैज्ञानिक कामगारों की कुल टीम का लगभग 20% हिस्सा हैं। ये सब मिलकर भारत के बढ़ते हुए नवाचार माहौल में योगदान दे रहे हैं। ये पेशेवर संसाधन-सक्षम शोधन, सामग्री विज्ञान, ऊर्जा अनुकूलन, टिकाऊ खनन तकनीक, औद्योगिक एआई और डिजिटल निर्माण के क्षेत्र में अग्रणी प्रगति कर रहे हैं। कंपनी की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि उसने एक विशेष शोधन प्रक्रिया विकसित की है, जो बॉक्साइट के अपशिष्ट (रेड मड) को 30% तक कम करती है, एलुमिना की वसूली बढ़ाती है और टिकाऊ शोधन को मजबूत करती है। कंपनी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - केंद्रीय कंद फसल अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-सीटीसीआरआई) के साथ एक अग्रणी शोध कार्यक्रम भी चला रही है, जिससे रेड मड को पौष्टिक भूमि के रूप में बदलकर भूमि बहाली और पारिस्थितिकी पुनरुद्धार में उपयोग किया जा सके। इसके अलावा कंपनी की डिजिटल परिवर्तन पहलें जिनमें एआई-सक्षम प्रक्रिया अनुकूलन, पूर्वानुमानित रख-रखाव, दूरस्थ संचालन और मशीन-लर्निंग-आधारित निगरानी शामिल हैं, इसके वैज्ञानिक कार्यों का केंद्र हैं।

**इस वर्ष के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम।**

'विज्ञान में महिलाएँः कटैलाइजिंग विकसित भारत' भारत के वैज्ञानिक और औद्योगिक भविष्य में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को रेखांकित करती है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए, वेदांता एल्युमीनियम ने विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को निरंतर बढ़ावा दिया है। आज महिलाएँ स्मेल्टर लाइनों का संचालन, लोकोमोटिव परिचालन, पावर प्लांट यूनिट्स का प्रबंधन, अग्निशमन दल, सुरक्षा टीमों, इंस्ट्रुमेंटेशन इकाइयों तथा प्रोसेस इंजीनियरिंग और इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन जैसी प्रमुख जिम्मेदारियों का नेतृत्व कर रही हैं। कंपनी का वर्ष 2030 तक 20% जेंडर विविधता हासिल करने का लक्ष्य इस दिशा में उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जैसे-जैसे देश ज्ञान-आधारित औद्योगिक भविष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है, वेदांता एल्युमीनियम अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास और समावेशी प्रतिभा अवसरों को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। इन प्रयासों के माध्यम से कंपनी भारत की औद्योगिक प्रगति, पर्यावरण संरक्षण और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सार्थक योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मामूली बात पर विवाद, युवक की गर्दन पर चाकू से हमला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के शंकर ढाल इलाके में सोमवार दोपहर मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी झड़प में बदल गया। पानी से भरे गुब्बारे को लेकर हुए विवाद में एक युवक की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

**पानी के गुब्बारे से शुरू हुआ विवाद**

जानकारी के अनुसार शंकर ढाल निवासी महताब अली की छोटी बेटी ने घर की ऊपरी मंजिल से पानी भरा गुब्बारा नीचे फेंक दिया। गुब्बारे का पानी नीचे सड़क पर खड़े एक ठेले पर गिर गया। इस बात को लेकर नीचे मौजूद अबरार उर्फ बड़े, विनय गौड़ समेत दो अन्य लोगों ने महताब से गाली-गलौच शुरू कर दी।महताब द्वारा विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि अबरार और उसके साथियों ने महताब के साथ मारपीट शुरू कर दी। चाकू से किया हमला

**मारपीट के दौरान स्थिति और बिगड़ गई।**

आरोप है कि अबरार ने चाकू निकालकर महताब की गर्दन पर वार कर दिया। हमले के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

**गंभीर रूप से घायल**

महताब खून से लथपथ सड़क पर गिर पड़े।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**गंभीर हालत में अस्पताल रेफर**

सूचना मिलने पर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए सीएचसी चाका भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे शहर के कॉल्विन अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस जांच में जुटी।घटना के संबंध में महताब अली ने नैनी कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी हुई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# होली से पूर्व सफाई कर्मियों का महापौर ने किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नैनी, प्रयागराज।** होली पर्व के अवसर पर नैनी क्षेत्र में सोमवार को चक रघुनाथ के पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि सफाई कर्मी और नगर निगम के सभी कर्मचारी एक परिवार की तरह कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि समाज को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है और उनका सम्मान करना हम सभी के लिए गर्व और खुशी की बात है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद राकेश जायसवाल, आकांक्षा जायसवाल, भाजपा नेता हरी कृष्ण तिवारी उर्फ बबलू, रवि मिश्रा, मुन्ना शर्मा,इन्द्र मोहन,जितेन्द्र कुमार सिंह, उमेश सेन,धर्मराज पटेल, दिनेश केसरवानी,भुवर जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य होली के पावन अवसर पर सफाई कर्मियों के योगदान को सराहना और उन्हें सम्मानित करना था।

## फ्लावर वैली स्कूल में धूमधाम से मनाई गई होली

**नैनी,प्रयागराज** क्षेत्र के मडौका स्थित फ्लावर वैली स्कूल में सोमवार को होली का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में रंगों की खुशबू और आपसी प्रेम-सौहार्द का वातावरण देखने को मिला।कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों एवं स्टाफ ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सभी ने आपसी भाईचारे, सद्भाव और प्रेम का संदेश देते हुए त्योहार को पारंपरिक अंदाज में मनाया। विद्यालय की प्रिंसिपल सुषमा चौबे ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी मतभेद भुलाकर एकता और प्रेम का संदेश देने का पर्व है।इस अवसर पर शिक्षकों में अमरदीप यादव, नीतेश यादव, अनुराग मिश्रा, प्रीति तिवारी, शिल्पा कुशवाहा, वैष्णवी वेश्य, संगीता, तनीषा, सोनिया शर्मा और आरती यादव सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार का आनंद लिया।

## नैनी में दिखी गंगा-जमुनी तहज़ीब, सपा नेता धीरेंद्र यादव ने दी होली की शुभकामनाएं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चक भटाई इलाके में सोमवार को होली के अवसर पर आपसी सौहार्द और भाईचारे की अनूठी मिसाल देखने को मिली। 'हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई, हम सब हैं भाई-भाई' के संदेश को साकार करते हुए सपा नेता धीरेंद्र यादव ने क्षेत्रवासियों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सभी के बीच होली का तोहफा वितरित किया।कार्यक्रम के दौरान धीरेंद्र यादव ने उपस्थित लोगों को पिचकारी, गुलाल, गुझिया, पापड़ आदि भेंट किए। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे का संदेश देता है। हमें मिल-जुलकर त्योहार मनाते हुए सामाजिक समरसता को मजबूत करना चाहिए।इस अवसर पर सुभाष चंद्र केसरवानी, नयन कुमार कुशवाहा, राकेश श्रीवास्तव, विनोद जैकब, हरजीत सिंह मारवा, अजय यादव, अहमद रजा, अजहर, आयुष और गुड्डू सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में सभी समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व का आनंद लिया।

# संक्षिप्त खबरें

## तहसील स्थित अधिवक्ता परिसर में लगी मरकरी चोरी

**कोंच(जालौन)-** तहसील स्थित अधिवक्ता परिसर में रात्रि के समय प्रकाश के लिए लगी मरकरी चोरी हो जाने को लेकर पूर्व बार संघ अध्यक्ष ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। पूर्व बार संघ अध्यक्ष संजीव तिवारी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि तहसील स्थित अधिवक्ता परिसर में लगी मरकरी रविवार की रात्रि में कोई व्यक्ति चोरी कर ले गया है। जिससे अधिवक्ता परिसर में रात्रि के समय घोर अंधेरा व्याप्त हो गया है। अंधेरा होने से अधिवक्ता परिसर में असुरक्षा उत्पन्न हो गई है। इससे पहले भी एक बार उक्त स्थान से मरकरी चोरी हो चुकी है। मामले को लेकर उन्होंने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## काव्य गोष्ठी में सौहार्द पर दिया गया जोर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत के बाबूगंज रोड पर स्थित शिवराज पब्लिक स्कूल में सोमवार को होली मिलन के तहत काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में हुई गोष्ठी में रचनाकारों ने देश की एकता तथा सौहार्द की मजबूती को लेकर मनमोहक काव्यपाठ किया। संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी ने साहित्यकारो का स्वागत किया। काव्यपाठ करने वालों मे आचार्य अनीस देहाती, डॉ0 अनुज नागेन्द्र, दीपक रूहानी, परवाना प्रतापगढ़ी, संतोष सिंह की रचनाएं सराही गयीं। सह संयोजक दिव्यकांत ओझा ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर वहीद रहमान अंसारी, सुनील तिवारी, अनिल शुक्ल, पवन सिंह, सौम्य आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में सफलता पर जतायी खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय आय योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा में मेधावी की सफलता हासिल करने पर सोमवार को लोगों ने खुशी साझा की। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत उच्चतर प्राथमिक विद्यालय तुलसी का पुरवा के मेधावी छात्र सुधाकर वर्मा पुत्र मनोज वर्मा ने 97 अंक हासिल कर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफलता हासिल की। मेधावी छात्र ने जनपद में 41वीं रैंक हासिल कर जनपद व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मेधावी की सफलता पर क्षेत्र के प्रधानाध्यापक सुशील सिंह, जालंधर वर्मा, माता प्रसाद तिवारी, संतोष विश्वकर्मा, विमला, रोली, संतोष सिंह, गोपाल वर्मा आदि ने खुशी साझा की है।

## मारपीट में तीन आरोपियों पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खण्डवा पूरे गंगादीन गांव के राजेश जायसवाल पुत्र राजेन्द्र जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक मार्च को पत्नी के उकसाने पर गांव के गुलाबचंद्र जायसवाल गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने अपने पुत्रों विकास व अहम के साथ मिलकर पीड़ित को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। आरोपी ने पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ डाला। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग घायल, अज्ञात चालक पर मुकदमा




**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ललोन निवासी महपाल सिंह ने थाना महरौनी में दी तहरीर में बताया कि 20 फरवरी 2026 को उनके पिता राजेन्द्र सिंह अपने खेत से पैदल घर लौट रहे थे। जैसे ही वे चिरौला और ललोन गांव के बीच पहुंचे, तभी चिरौला की ओर से आ रही मोटरसाइकिल (यू.पी.94 ए.ई.7050) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं। परिजनों के अनुसार उपचार में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। बाद में थाना महरौनी में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# रंग, उमंग और सद्भाव के संग युवा साथी झारखंड का भव्य होली मिलन समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** सामाजिक सरोकारों के लिए निरंतर कार्यरत संगठन युवा साथी झारखंड द्वारा रविवार को होली के पावन अवसर पर पूर्वी पंचायत भवन बरही में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य, सहयोगीगण, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य अतिथि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत होली के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए पारंपरिक अबीर-गुलाल के साथ हुई, जहाँ सभी ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं एकता का संदेश देते हुए समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने सामाजिक समरसता और सामुदायिक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। मिलन समारोह में विशेष रूप से होली की पारंपरिक पकवानों की व्यवस्था की गई थी। उपस्थित सभी अतिथियों ने पारंपरिक एवं स्वादिष्ट पकवानों को ग्रहण करते हुए आपसी मेल मिलाप और उत्साह का भरपूर आनंद लिया। इन पकवानों ने कार्यक्रम की गरिमा और आत्मीयता को और बढ़ा दिया तथा आपसी प्रेम एवं भाईचारे को सुदृढ़ करने का कार्य किया। उपस्थित सदस्यों एव वक्ताओं ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। युवा साथी झारखंड का उद्देश्य केवल त्योहार मनाना नहीं, बल्कि समाज में एकजुटता, सेवा भाव और सकारात्मक सोच को मजबूत करना है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में संगठन शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों को और व्यापक रूप से संचालित करेगा। सौहार्दपूर्ण वातावरण, आपसी संवाद और उल्लास के साथ होली मिलन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न केवल संगठन के सदस्यों के बीच संबंधों को सुदृढ़ किया, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे का मजबूत संदेश भी दिया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष विकास सिंह, उपाध्यक्ष सरफराज खान, सहसचिव आशीष यादव, कोषाध्यक्ष अजय मेहता, महासचिव विकाश यादव, दीपेश कुमार, अनुपम मेहता, सूरज साव, अनिल सिंह, पंकज पासवान, परमेश्वर यादव, जयंत गुप्ता, विकास कुमार, सतीश गुप्ता, सचिन, मोंटी, शुभम, शंकर, गौतम, पंकज पासवान आदि लोग शामिल हुए।

# बरही अनुमंडलीय अस्पताल में मनाया आठवां जन औषधि दिवस

## ● सस्ती दवाओं की उपलब्धता पर जोर, जनप्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री के कार्यों की सराहना की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखण्डः-** बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में आठवां जन औषधि दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, डॉ. मेराजुल इस्लाम, डॉ. एजाज, डॉ. अमन कुमार तथा नोडल पदाधिकारी सुमित पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा फीता काटकर तथा एक-दूसरे को बुके देकर की गई। इस अवसर पर नोडल पदाधिकारी सुमित पांडेय ने कहा कि जन औषधि केंद्र की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है, जिसका उद्देश्य आम जनता को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर हर प्रकार की दवाइयां बाजार मूल्य से 50 से 90 प्रतिशत तक कम दर पर उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने जानकारी दी कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल के सामने जल्द ही एक नया जन औषधि केंद्र खोला जाएगा, जबकि एक केंद्र रेलवे कॉलोनी में पहले से संचालित है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि जन औषधि योजना प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से गरीब, मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों को महंगी दवाइयों से राहत मिल रही है, जो एक सराहनीय पहल है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अधिक से अधिक जन औषधि केंद्रों का लाभ उठाएं। वहीं डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि अस्पताल प्रबंधन की प्राथमिकता है कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के साथ-साथ सस्ती दवाएं भी उपलब्ध हों। जन औषधि केंद्र इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इससे मरीजों को काफी सहूलियत मिल रही है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान लिपिक पंकज आजाद, सुधांशु कुमार, बिजेंद्र कुमार, मो. इरशाद, सुजीत कुमार, सेंटर के कॉर्डिनेटर सुजीत कुमार, कुलदीप कुमार, जावेद समेत कई अस्पताल कर्मी उपस्थित थे। सभी ने जन औषधि योजना को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# हुरहुरू में कुएं से मिले शव मामले का खुलासा, हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## ● पत्थर से वार व गला घोंटकर की गई थी हत्या, एसआईटी जांच में हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले के बड़ाबाजार ओपी क्षेत्र अंतर्गत हुरहुरू मोहल्ला में कुएं से मिले शव मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन करते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, हजारीबाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किया गया। जानकारी के अनुसार 25 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 9:30 बजे हुरहुरू स्थित पासवान मोहल्ला के एक कुएं से एक शव बरामद किया गया था। बाद में शव की पहचान सिकेंद्र कुमार उर्फ ललू गोप के रूप में हुई। घटना के संबंध में मृतक के भाई संजय कुमार पिता- माथुर गोप, निवासी हुरहुरू के आवेदन के आधार पर सदर (बड़ाबाजार) थाना कांड संख्या 55/26, दिनांक 25.02.2026 को धारा 103(1)/238/3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया।

**एसआईटी गठन कर शुरू हुई जांच**

मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर अमित आनंद के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने प्रताप कुमार दास उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर गहन पूछताछ की, जिसमें उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 23 फरवरी 2026 की शाम करीब 5:30 से 6:00 बजे के बीच उसका मृतक के साथ विवाद हो गया था। बहस के दौरान मृतक पत्थर लेकर उसे मारने के लिए दौड़ा। इसी क्रम में मृतक गिर पड़ा, जिसके बाद आरोपी ने उसी पत्थर से उसके माथे पर वार किया और पास में पड़ी रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद शव को पतले कंबल से ढककर आरोपी वहां से फरार हो गया। इसके बाद 24 फरवरी की रात मृतक के परिजन जब उसकी तलाश कर रहे थे, उसी दौरान आरोपी ने शव को कंबल में लपेटकर घसीटते हुए पासवान मोहल्ला स्थित कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने जांच के दौरान घटना में इस्तेमाल किया गया कंबल तथा आरोपी द्वारा पहना गया कपड़ा बरामद कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान प्रताप कुमार दास उर्फ छोटू उम्र 23 वर्ष पिता रामकुमार दास, निवासी हुरहुरू पासवान मोहल्ला, थाना बड़ाबाजार ओपी, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, पुलिस निरीक्षक नंदकिशोर साहू, बड़ाबाजार ओपी प्रभारी पंकज कुमार, पुअनि सुधीर कुमार, सअनि गौतम उरांव एवं बड़ाबाजार ओपी का सशस्त्र बल शामिल था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पूर्व में भी कोर्रा थाना कांड संख्या 242/23 दिनांक 26 अगस्त 2023 में छिनतई के मामले में जेल जा चुका है।

# कुएं से नाबालिग किशोरी का शव बरामद, गांव में पसरा मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के धनवार पंचायत अंतर्गत कोरियाडीह गांव में गुरुवार शाम से लापता 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी का शव सोमवार को गांव के समीप स्थित एक कुएं से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान लक्ष्मी कुमारी (17) वर्ष पिता रूपचंद महतो के रूप में हुई है। वह हाल ही में मैट्रिक की परीक्षा देकर घर पर ही थी। परिजनों के अनुसार लक्ष्मी कुमारी गुरुवार शाम घर से निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच सोमवार को गांव से करीब 500 मीटर दूर स्थित लगभग सात फीट चौड़े और 15 फीट गहरे पानी से भरे कुएं में एक किसान पानी निकालने गया। उसने कुएं में शव तैरता देखा और शोर मचाया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और बरही पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों की मदद से रस्सी के सहारे शव को कुएं से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना पर पुलिस अवर निरीक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह, पृथ्वी हरिजन, राज्बलभ कुमार, ग्रामीण पुलिस गणेश यादव समेत दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। प्राथमिक जांच के बाद चिकित्सकों ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतका के भाई अनिल कुमार ने पड़ोसी गांव जीतपुर के एक युवक पर बहन के अपहरण का आरोप लगाते हुए पहले ही बरही थाना में आवेदन दिया था। पुलिस ने आवेदन के आधार पर कांड संख्या 82/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुनि सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया राजेंद्र प्रसाद, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, प्रकाश साव, संजय कुशवाहा, बीरेंद्र प्रसाद, महेश प्रसाद व अन्य लोग अस्पताल पहुंचे। किशोरी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। पिता खेती-बाड़ी करते हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी है।

# सूरज ज्ञान महाविद्यालय प्रबंध समिति का चुनाव 7 मार्च को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** सूरज ज्ञान शिक्षा प्रसार समिति कोंच द्वारा संचालित सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच की प्रबन्ध समिति का निर्वाचन 7 मार्च शनिवार को महाविद्यालय सभागार में सम्पन्न होगा। समिति के अध्यक्ष डा आरबी जैन एवं प्रबंधक अंकुर यादव ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 07 मार्च को प्रातः 10:30 से 11 बजे के बीच किया जाएगा। नामांकन पत्र उसी दिन प्रातः 11 बजे 12 बजे दोपहर तक दाखिल हो सकेंगे।नामांकन पत्रों की जांच मध्यान्ह 12 बजे से 12:30 बजे तक होगी। नामांकन पत्रों की वापिसी भी 7 मार्च को मध्यान्ह 12:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक की जा सकेगी। मतदान (यदि आवश्यक हुआ) 7 मार्च को दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक होगा और तुरंत बाद ही मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी। उन्होंने सूरज ज्ञान शिक्षा प्रसार समिति कोंच की साधारण सभा के समस्त सदस्यों से निर्वाचन प्रकिया में सहभागिता करने की अपील की है।

# बुद्धिजीवी मंच सह पेंशनर्स कल्याण समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

## ●बरही की जनता से शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** सोमवार को बुद्धिजीवी मंच सह पेंशनर्स कल्याण समाज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह ने की, जबकि संचालन मंच के महासचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया। समारोह में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक स्वर में बरही की जनता से होली का पर्व शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह ने सभी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। महासचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने सभी पेंशनरों के लिए ईश्वर से लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मंच के संरक्षक जगनारायण प्रसाद ने कहा कि होली भाईचारे और आपसी सद्भाव का पर्व है, जिसे हर्षोल्लास और एकता के साथ मनाया जाना चाहिए। मंच के कामेश्वर सिंह ने कहा कि होली हम सभी का महान पर्व है और इसे आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। वहीं मंच के सदस्य सोहन गोप और नागेश्वर ठाकुर ने बरही की जनता से अपील करते हुए कहा कि यह पर्व पूरी एकता और सौहार्द के साथ मनाएं, ताकि समाज में प्रेम और सद्भाव का संदेश जाए। कार्यक्रम के अंत में कीर्तन-भजन का आयोजन किया गया तथा होली की पूर्व संध्या पर सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह, सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे, संरक्षक जगनारायण प्रसाद, कामेश्वर सिंह, कामता प्रसाद सिंह, श्रीकांत पांडेय, सोहन गोप, नागेश्वर ठाकुर, अनमोल राणा, जानकी ठाकुर, रामचंद्र पांडेय, साधु शरण दास, संजय दुबे तथा मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रंग-गुलाल और मस्ती के साथ मनाई गई होली

**माँ शारदा बिहार कॉलोनी में हुआ होली मिलन समारोह**

**ललितपुर।** माँ शारदा बिहार कॉलोनी (हैरीटेज कॉलोनी) में होली मिलन समारोह का आयोजन बड़ी ही भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कॉलोनी वासियों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन एवं महिला मंडल अध्यक्ष अनीता मोदी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने अपने संबोधन में होली के पर्व को आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक बताया। इस अवसर पर बच्चों के लिए विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका निर्देशन अंतिम जैन द्वारा किया गया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। यह पूरा कार्यक्रम विभा ताम्रकार एवं पूनम राठौर की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्योति ताम्रकार, रजनी बुंदेला, ऊषा शर्मा, ममता पुरोहित, अलका मित्तल, मोना सेन, शशि जैन सहित समस्त कॉलोनी के लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर त्यौहार की खुशियाँ बांटीं।

# मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वाधान में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## ● बरही विधायक मनोज यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ, कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग रहे उपस्थित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** मां भगवती सेवा संस्थान ट्रस्ट बरही के तत्वाधान में राज आर्यन डांस एकेडमी द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मां भगवती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर राज आर्यन डांस एकेडमी के कलाकारों द्वारा संगीत, नृत्य एवं आकर्षक झांकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई, जिसे उपस्थित दर्शकों ने काफी सराहा। कार्यक्रम के दौरान पूरे वातावरण में भक्तिमय एवं सांस्कृतिक उत्साह देखने को मिला। बरही विधायक मनोज यादव का स्वागत पूजा कमिटी के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी परंपरा और संस्कृति को सहेजने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों और कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा को मंच देने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतरता जरूरी है। समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारा बनाए रखने में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, बीडीओ जयपाल महतो, पूजा कमिटी संरक्षक सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, संरक्षक सुरेंद्र रजक, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, पूजा कमिटी अध्यक्ष बिपिन सिन्हा, बलराम केशरी, पंकज बर्णवाल, दीपक भगत, हितेश राज, ब्रजकिशोर ठाकुर, किशोर ठाकुर, अवधेश सिंह, कन्हैया सिंह, राजकुमार केशरी, अशोक केशरी, नवलकिशोर सिंह, संजय यादव, रमेश श्रीवास्तव, सोनू केशरवानी, गौरव मिश्रा, मनितोष यादव, आकाश राज, धर्मेंद्र सिंह समेत पूजा कमिटी के कई सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी विक्की कुमार धान की पहल से सुलझा मामला, 14 लाख मुआवजा व निःशुल्क शिक्षा का आश्वासन

## ●यह केवल मुआवजे का विषय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रश्न है : विक्की कुमार धान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** ग्राम मरहन्द बेस पंचायत थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग निवासी स्वर्गीय जितेंद्र कुमार राम पिता गणेश राम की लोडर दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु के बाद क्षेत्र में गहरा शोक और आक्रोश व्याप्त हो गया। घटना के विरोध में सुबह 7 बजे से नरसिम्हाअयरण स्पंज प्लांट परिसर में ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया और उचित मुआवजे की मांग उठाई। स्थिति को गंभीर होता देख पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह के निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान और संजय भुईयां के हस्तक्षेप करते हुए फैक्ट्री प्रबंधन एवं आंदोलनरत ग्रामीणों के बीच वार्ता की पहल किया। उन्होंने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति, आश्रितों की जिम्मेदारी और भविष्य की चिंता को प्रमुखता से रखते हुए सम्मानजनक मुआवजे की मांग मजबूती से रखी। कई दौर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। समझौते के तहत ?13,50,000 नगद मुआवजा, ?51,000 क्रिया-कर्म हेतु सहायता राशि तथा परिवार के एक बच्चे की संपूर्ण शिक्षा निःशुल्क कराने का आश्वासन दिया गया। इस संबंध में विक्की कुमार धान ने कहा कि यह केवल मुआवजे का विषय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में समाज का दायित्व है कि पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग दिया जाए। हमने प्रबंधन से स्पष्ट कहा कि परिवार के भविष्य को सुरक्षित करना आवश्यक है। आगे भी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। समझौते के उपरांत मृतक का पार्थिव शरीर एंबुलेंस के माध्यम से सम्मानपूर्वक उनके गांव भेजा गया। इस दौरान संजय भुईयां, सुरेन्द्र बान्डो, सुगन राम मृतक के फूफा, उदय राम, भीम राम, पप्पू राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रंगों के त्योहार ने बढ़ाई बाज़ार की रौनक, हर ओर दिख रहा है उमंग-उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** शहर में होली की तैयारियाँ अपने चरम पर हैं। जैसे-जैसे फाल्गुन का यह रंगों भरा पर्व करीब आ रहा है, बाजारों में रौनक बढ़ती ही जा रही है। हर गली-चौराहे पर अबीर, गुलाल, रंग-बिरंगी पिचकारियों, वॉटर गन, गुब्बारों और होली के थीम वाले सजावटी सामान से दुकानें सजी नजर आ रही हैं। दुकानदारों और व्यापारियों के चेहरे पर भी ग्राहकों की बढ़ती भीड़ की वजह से संतोष और उत्साह साफ दिख रहा है। परिवारों के साथ बच्चों में भी होली को लेकर खास उत्सुकता है। बच्चे अपनी पसंद की कार्टून थीम वाली पिचकारियों, ग्लिटर गुलाल और वॉटर कलर लेने में व्यस्त दिखाई दे रहे हैं। वहीं महिलाएँ घरों में इस्तेमाल होने वाले गुलाल और सजावटी सामग्री की ख़रीददारी कर रही हैं। व्यापारियों के अनुसार इस साल होली के सामान की बिक्री में पिछले वर्षों की तुलना में कुछ मंदी देखने को मिल रही है। वहीं कई दुकानदारों ने बताया कि लोग अब ऐसे उत्पाद पसंद कर रहे हैं जो सुरक्षित हों और त्वचा को नुकसान न पहुँचाएँ। इसके अलावा नई डिज़ाइन की पिचकारियां, एलईडी वॉटर गन और थीम आधारित रंगों की भी बिक्री हो रही है। शहर की गलियों और मुख्य बाज़ारों में होली गीतों की धुन माहौल को और भी रंगीन बना रही है। मिठाई की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ गया है। गुझिया, मालपुआ, ठंडाई मिक्स और ड्राई फ्रूट्स की बिक्री हो रही है।

धार्मिक आयोजनों की भी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। इस साल होलिका दहन का कार्यक्रम 3 मार्च को सुबह 5:10 बजे शुभ मुहूर्त में किया गया। शहर के कई प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन की व्यवस्थाएँ की गई। इधर सोमवार को पूजा-पाठ की सामग्री, लकड़ी, नारियल, माला और अन्य पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ बनी रही। लोग घर-परिवार के साथ होलिका दहन की तैयारियाँ पूरी करने में लगे रहे। होलिका दहन के अगले दिन, यानी कल 4 मार्च को रंगों की होली उल्लास, प्रेम और भाईचारे के साथ मनाई जाएगी। विभिन्न सामाजिक संस्थाएँ और युवा समूह रंग-गुलाल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, डीजे पार्टी, होली मिलन समारोह और स्वादिष्ट व्यंजनों का आयोजन करेंगे। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। पुलिस और नगर निगम द्वारा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष टीमों की तैनाती की जा रही है। होली की चहल-पहल ने पूरे शहर का वातावरण खुशियों और रंगों से भर दिया है। लोगों के चेहरों पर उमंग और उत्साह साफ झलक रहा है। बाज़ार की चटकीली रौनक, घरों में चल रही तैयारियाँ, मिठाइयों की खुशबू और गली-गली में बजते होली गीत यह संकेत दे रहे हैं कि इस बार होली का त्योहार पहले से कहीं अधिक हर्षोल्लास और रंगीन तरीके से मनाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस प्रशासन ने होली पर्व से पूर्व किया फ्लैग मार्च



**कोंच(जालौन)-** होली पर्व सहित रमजान एवं आगामी ईद त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आ रहा है। सोमवार की दोपहर क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस सहित पीएसी बल ने नगर के बाजारों सहित मुख्य मार्ग से फ्लैग मार्च निकालकर नगरवासियों को शांति सुरक्षा का संदेश दिया। फ्लैग मार्च कोतवाली से शुरू होकर पुरानी और नई स्टेट बैंक चौराहा, लवली चौराहा, सर्राफा बाजार, रामगंज बाजार, नगर पालिका मार्ग, सागर चौकी तिराहा, चंदकुआं चौराहा से होकर कोतवाली पर ही समाप्त हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान सीओ, कोतवाल ने आमजन से अपील की कि वे त्योहारों को आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में मनाएं तथा किसी भी अफवाह या भड़काऊ सूचना पर ध्यान न दें। सीओ ने कहा कि नगर में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और गश्त भी बढ़ाई गई है। फ्लैग मार्च में शामिल पुलिस के महिला-पुरुष जवान अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे और हेल्मेट, बॉडी प्रोडक्टर पहने हुए थे जिन्हें देखने के लिए आमजन सड़क किनारे थमे देखे गए।

### भाई दूज पर 5 मार्च को कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में रहेगा अवकाश

**ललितपुर।** जनपद के कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों में 5 मार्च 2026 को भाई दूज के उपलक्ष्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। यह आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जारी किया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर होली पर्व के उपरांत आने वाले भाई दूज के त्यौहार पर अवकाश घोषित करने का अनुरोध किया गया था। शिक्षक संघ की इस मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए प्रशासन ने छुट्टी की मंजूरी दे दी है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह अवकाश जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय, सहायता प्राप्त विद्यालय, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से संबद्ध कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल पर अनिवार्य रूप से लागू होगा।

### इलाहाबाद कोर्ट का आदेश- लक्ष्य पूरा न कर पाना न कदाचार है और न ही निलंबन का आधार



**सोनभद्र में तैनात अवर अभियंता रामनारायण यादव के निलंबन पर दिया कोर्ट ने फैसला**

**सोनभद्र (प्रयागराज) /** उत्तर प्रदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि विभागीय अभियान में निर्धारित लक्ष्य पूरा न कर पाना कदाचार नहीं है। इस आधार पर न किसी कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जा सकती है और न ही यह निलंबन का आधार बन सकता है।इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने सोनभद्र में तैनात उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सब स्टेशन कोन के अवर अभियंता रामनारायण यादव के निलंबन व अनुशासनात्मक कार्यवाही पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी ,साथ ही विभाग से 29 अप्रैल तक जवाबी हलफनामा तलब किया है। याची को 29 दिसंबर 2025 को इस आधार पर निलंबित कर दिया गया था कि वह बिजली बिल राहत योजना (ओटीएस) के तहत राजस्व वसूली और पंजीकरण के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रहे। विभाग ने उन पर कार्य में शिथिलता और लापरवाही का आरोप लगाया था।

# आप कार्यकर्ताओं ने मनाया केजरीवाल और सिसोदिया की रिहाई का जश्न

**● पंचायत चुनावों के लिए भरी हुंकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कचहरी परिसर में सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के कोर्ट से बरी होने पर खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। साथ ही, आगामी पंचायती चुनावों को लेकर संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि, बुंदेलखंड प्रांतीय अध्यक्ष विवेक जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शीर्ष नेतृत्व की रिहाई से कार्यकर्ताओं में नया जोश भरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी आगामी पंचायती चुनावों में जिले की सभी सीटों पर प्रत्याशी उतारेगी और जीत हासिल करेगी। चुनाव से पूर्व संगठन को धार देने के लिए सघन अभियान चलाकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी (एडवोकेट) ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की ईमानदार छवि और दिल्ली-पंजाब के विकास मॉडल से जनता प्रभावित है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जिले में आम आदमी की सेवा करना और आगामी विधानसभा चुनाव जीतकर अपनी बात लखनऊ तक पहुँचाना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार किसान, गरीब या किसी भी वर्ग के विरोध में कार्य करेगी, तो पार्टी जनहित में पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी। सम्मेलन के दौरान पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रमेश कुमार जैन ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रमेश कुमार झां, गणेशराम रजक, प्रमोद नामदेव, नगर अध्यक्ष मीना राजा और मनीष जैन ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांतीय अध्यक्ष विवेक जैन, जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी, कैलाश नारायण, महेंद्र पाराशर, भगवती, संमन प्रजापति, वीरेंद्र जैन, संजय दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंघई, अनिल जैन, कपिल तिवारी, कृष्णपाल यादव, निहाल यादव, जानकी प्रसाद बौद्ध और हरेंद्र झा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दुकान पर चढ़कर युवक के साथ मारपीट

**जान से मारने की धमकी, सदर चौकी में शिकायत**

**ललितपुर।** शहर के व्यस्ततम ढुरा बाजार क्षेत्र में एक दुकानदार के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने दबंगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए सदर चौकी इंचार्ज को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित नदी पहले पार निवासी रिहान पुत्र मो. अजीज ने पुलिस को बताया कि 02 मार्च 2026 की दोपहर करीब 12.30 बजे वह बुरा बाजार स्थित अपनी दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान नदीपुरा निवासी कुछ लोग वहां आए और बिना किसी कारण के भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। जब रिहान ने इसका विरोध किया, तो उक्त लोगों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शिकायती पत्र के अनुसार, शोर-शराबा होने पर विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी काफी दबंग किस्म के व्यक्ति हैं, जिससे उसे और उसके परिवार को जान-माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी विपक्षियों पर होने की बात कही है और पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई है।

## बैठक में सीओ और कोतवाल ने डीजे संचालकों को दिए अहम दिशा निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** रंगों के उल्लास से परिपूर्ण होली पर्व पर किसी भी तरह के हुड़दंग को रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रहा है। कोतवाली परिसर में सोमवार को क्षेत्र के डीजे संचालकों की बैठक बुलाई गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने की। इस दौरान कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार उपस्थित रहे।

होली सहित आगामी ईद त्योहार एवं विवाह समारोहों के दौरान ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण को लेकर डीजे संचालकों को अहम दिशा-निर्देश दिए गए। सीओ ने ने साफ शब्दों में चेताते हुए कहा कि डीजे सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक ही बज सकेंगे, साथ ही इनका ध्वनि स्तर 50 से 60 डेसीबल की निर्धारित सीमा के भीतर रखना अनिवार्य होगा जो न्यायालय के आदेशों के अनुरूप है। कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि रात 10 बजे के



बाद कहीं भी डीजे बजता मिला तो संबंधित उपकरण तत्काल सीज कर दिए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने डीजे संचालकों से अपील की कि वे ध्वनि नियंत्रण संबंधी गाइडलाइन का पालन करें ताकि कानून व्यवस्था और आम जनजीवन प्रभावित न हो। बैठक में शामिल सभी डीजे संचालकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और तय मानकों का पालन करने की बात कही। इस मौके पर डीजे संचालक बुद्धि अग्रवाल, गब्बर, विनय तिवारी, पप्पू, अफसर कुरैशी आदि डीजे संचालक मौजूद रहे।

## स्पाइन सर्जरी पर उच्चस्तरीय सीएमई, आधुनिक तकनीकों पर हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** ऑर्थोपेडिक क्लब द्वारा मेदांता हॉस्पिटल नोएडा के सहयोग से स्पाइन सर्जरी के आधुनिक उपचार, तकनीकी नवाचार और मल्टीडिसिप्लिनरी अप्रोच पर एक महत्वपूर्ण राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थानीय होटल में संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विशेषज्ञताओं के चिकित्सकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) के डीन एवं प्राचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएमए अध्यक्ष डा. राजकुमार उपस्थित रहे। विशेष अतिथि वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डा. आर.के. अग्रवाल, डा. डी.के. राज, एलओसी उपाध्यक्ष डा. एम.सी. गुप्ता तथा आईएमए सचिव डा.विकास जैन रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मेडांता नोएडा के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डा.यशपाल सिंह बुंदेला ने दा रोल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मल्टीडिस्किपलिनरी टीम्स इन ऑप्टिमाइजिंग स्पाइन सर्जरी आउटकम्स विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने आधुनिक इमेजिंग, मिनिमली इनवेसिव तकनीकों, टीम-आधारित उपचार और समयबद्ध पुनर्वास की भूमिका पर प्रकाश डाला। संचालन (मॉडरेशन) ऑर्थोपेडिक क्लब के सचिव डा.आकाश खैरा ने किया। शैक्षणिक बैठक में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। इनमें फिजिशियन डा.पवन सूद व डा.विनय सोनी, ईएनटी विशेषज्ञ डा.अनुपम मिश्रा, एनेस्थेटिस्ट डा.खेमचंद वर्मा, डा.सोनिया व डा. निकेता, सर्जन डा.विशाल जैन, डा.सुधीर राजक, डा.मोहित नाजा व डा.प्रतीक सिंघई, बाल रोग विशेषज्ञ डा. सुनील बरैया, डा.आलोक तिवारी, डा.मनीष गुप्ता, डा.डी.बी. सिंह व डा.अभ्युदय शर्मा तथा रेडियोलॉजिस्ट डा. शिखा नाजा शामिल रहे। साथ ही क्लब के सदस्य डा.सौरभ साहू, डा.के.के.मिश्रा और डा. मनोज वर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रभात चौहान, शेष, शिवम पांडेय और ओमकारन सिंह गौर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर डा.मयंक शुक्ला (मानद सदस्य) ने क्लब को उत्तर प्रदेश ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन से मिली आधिकारिक संबद्धता पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्रीय चिकित्सा विकास, शैक्षणिक गतिविधियों और बेहतर रोगी सेवाओं की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम का समापन आपसी वैज्ञानिक चर्चा एवं रात्रि भोज के साथ हुआ। उपस्थित चिकित्सकों ने आयोजन को ज्ञानवर्धक और क्षेत्रीय चिकित्सा समन्वय को मजबूत करने वाला बताया।

## होली पर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने दी जनपदवासियों को बधाई शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र –** रंगों के पावन पर्व होली के आगमन पर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने समस्त जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में जनपद के नागरिकों के सुख, शांति और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इस त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का आह्वान किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और सामुदायिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा, यह पर्व हमें पुराने सभी गिले-शिकवे और मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के गले मिलने और खुशियाँ साझा करने का अनूठा अवसर प्रदान करता है। होली के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से




जिलाधिकारी ने नागरिकों के लिए कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश और अपील जारी की है। किसी भी व्यक्ति पर उसकी इच्छा के विरुद्ध रंग, कीचड़ या गंदगी न फेंकें। त्योहार की गरिमा का विशेष ध्यान रखें। डीजे या अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित मानकों के भीतर ही करें ताकि बीमार व्यक्तियों और बुजुर्गों को असुविधा न हो। मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं, क्योंकि आपकी एक लापरवाही परिवार की खुशियों में खलल डाल सकती है। अभिभावक अपने बच्चों को सुरक्षित और रसायनिक रहित रंगों से होली खेलने के लिए प्रेरित करें। कानून व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि जनपद में शांति भंग करने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। जिला प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाली गतिविधियों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि पर्व के मद्देनजर बिजली, पानी और सुरक्षा जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जा चुका है। उन्होंने अंत में सभी से अपील की कि वे प्रशासन का सहयोग करें और प्रेम व सद्भाव के साथ इस रंगोत्सव का आनंद लें। रंगों का यह त्योहार आपके जीवन में खुशहाली और नई उमंग लेकर आए। आप सभी को होली की मंगलमय शुभकामनाएं।

## पैसों के विवाद में युवक पर हमला, पिता को बचाने पर पीटा, एक नामजद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम रिरौंदा में पैसों के विवाद को लेकर एक युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रिरौंदा निवासी अंशुल सिंह पुत्र सुजान सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका गांव के धर्मेंद्र सेन से पैसों को लेकर विवाद हुआ था, जो उस समय शांत हो गया था। आरोप है कि बाद में जब अंशुल सिंह रात में अपने घर से दूसरे घर सोने जा रहे थे, तभी रास्ते में धर्मेंद्र सेन ने उन्हें घेर लिया और जमीन पर पटककर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर अंशुल के पिता सुजान सिंह बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### वृद्ध महिला ने प्लॉट पर जबरन कब्जे की शिकायत की



**कोंच(जालौन)-** एक वृद्ध विधवा महिला ने अपने प्लॉट पर जबरन कब्जा कर लिए जाने की शिकायत कर कोतवाली पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। रामकली पत्नी स्व.नाथूराम निवासी नया पटेल नगर कोंच ने सोमवार को कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका एक प्लॉट मलंगा नाला के पास उरई रोड पर स्थित है जो उन्हें पारिवारिक बंटवारे में ससुर स्व.गंगाप्रसाद से प्राप्त हुआ था। वह कई वर्षों से उक्त प्लॉट पर काबिज हैं और वहां पशु बांधने व गोबर निस्तारण का कार्य करती है। उसने बताया कि बीती 28 फरवरी को मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने अपने परिजनों के साथ मिलकर उसके प्लॉट पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और वहां पिलर गाड़ कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचीं और विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसकी एक न सुनी। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, दोनों पक्षों से पूछताछ कर तथ्य जुटाए जा रहे हैं जिसके बाद उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## होली पर्व पर दरिद्र नारायण सेवा समिति द्वारा दरिद्रों में बांटी गई गुझिया

**● एसडीएम, कोतवाल ने अपने हाथों से बांटी गुझिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** जरूरतमंद दरिद्रों की सेवा को ही ईश्वर की पूजा मानने वाली नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था दरिद्र नारायण सेवा समिति आश्रम में होली पर्व के पावन अवसर पर जरूरतमंदों को गुझियां पपड़ियां वितरित की गई ताकि उनके घरों तक भी त्योहार की मिठास पहुंच सके। सोमवार को गोखले नगर स्थित समिति के आश्रम में गरीब, असहाय और जरूरतमंद परिवारों के बीच एसडीएम ज्योति सिंह, कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम ने अपने हाथों गुझियां पपड़ियां का वितरण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य त्योहार की खुशियों को समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाना रहा, ताकि कोई भी परिवार होली के उल्लास से वंचित न रहे।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम ज्योति सिंह रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कोतवाली प्रभारी ब्रजेश बहादुर एवं अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम रावत मौजूद



रहे। अतिथियों ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को गुझियां और पपड़ियां वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया। इस दौरान जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा कि यह रंगों का पर्व है और असहाय एवं निराश्रित लोगों के बीच खुशियां बांटना काफी सुकून महसूस कराता है। कोतवाल ने कहा, समिति का कार्य प्रशंसनीय है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार भी त्योहार का आनंद पूरे उत्साह से मना सकें। समिति के संयोजक कढोरेलाल यादव बाबूजी ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष होली पर किया जाता है क्योंकि त्योहार की सार्थकता तभी है, जब उसकी खुशियां सभी के साथ बांटी जाएं। इस अवसर पर श्रीकांत गुप्ता, हाजी सेठ नासिर, राघवेंद्र तिवारी, केशव बबेले, राजीव अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## गहोई सेवा समिति के प्रबंधक अशोक कुरेले राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** गहोई समाज के लिए गर्व का विषय है कि गहोई सेवा समिति के प्रबंधक अशोक कुरेले को अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य के पद पर मनोनीत किया गया है। यह मनोनयन दिनारा में आयोजित महासभा की प्रथम कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौलिया डल्लू भैया की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से किया गया। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, समाज हित में किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों तथा संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में संगठन के प्रति अशोक कुरेले की सक्रियता, समाज सेवा में उनकी निरंतर भागीदारी तथा संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। अशोक कुरेले के मनोनयन की घोषणा होते ही बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने उनका जोरदार स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके जुडने़ से महासभा को नई ऊर्जा मिलेगी और समाज के हित में कार्यों को और गति मिलेगी। इस दौरान अशोक कुरेले ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे संगठन की नीतियों के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करते हुए गहोई समाज के उत्थान, युवाओं के मार्गदर्शन और सामाजिक एकता को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे। ललितपुर में उनके मनोनयन की खबर फैलते ही समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। गहोई सेवा समिति के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है।

## सोनभद्र होली के उपहार से खिले उज्ज्वला लाभार्थियों के चेहरे, मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र –** होली के पावन पर्व के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश की करोड़ों महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ के लोकभवन से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का जनपद सोनभद्र के कलेक्ट्रेट परिसर में सजीव प्रसारण किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लाभार्थी महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री के संबोधन के पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहाँ सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बी.एन. सिंह और मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी सहित अन्य अतिथियों ने पात्र लाभार्थियों को सांकेतिक चेक वितरित किए। सब्सिडी की राशि सीधे खातों में पहुँचने की जानकारी मिलते ही लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी साफ देखी गई। विधायक सदर, भूपेश चौबे उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता गरीब



और जरूरतमंद परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री जी द्वारा 1500 करोड़ की सब्सिडी वितरण का यह कार्य गरीब परिवारों के लिए होली का सबसे बड़ा उपहार है। नगर पालिका अध्यक्ष, रूबी प्रसाद उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं मातृशक्ति के विकास की धुरी बन रही हैं। जिलाधिकारी, बी.एन. सिंह जिलाधिकारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है।कुल धनराशि लगभग 1,500 करोड़ रुपये कुल लाभार्थी 1.86 करोड़ उज्ज्वला परिवार

मुख्य लक्ष्य धुआं मुक्त रसोई और महिलाओं का बेहतर स्वास्थ्य वितरण माध्यम सीधे बैंक खाते में सब्सिडी (DBT) कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया। लाभार्थियों का कहना था कि होली जैसे बड़े त्योहार पर सब्सिडी मिलने से उनके घरेलू बजट पर पड़ने वाला अतिरिक्त बोझ कम होगा। सरकार की इस पहल का उद्देश्य न केवल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है, बल्कि महिलाओं को रसोई के धुएं से होने वाली बीमारियों से बचाना भी है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रेनुकूट, नगर पंचायत अध्यक्ष पिपरी, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## 23वां सोनांचल कप भदोही ने रोमांचक मुकाबले में बोर्ड इलेवन को 2 विकेट से हराया, शादाब बने मैन ऑफ द मैच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा (सोनभद्र) –** स्थानीय गांधी मैदान में खेल प्रेमियों का उत्साह चरम पर है। यहाँ चल रहे 23वें सोनांचल कप राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के नौवें दिन आज एक बेहद रोमांचक मुकाबला बोर्ड इलेवन बनाम भदोही के बीच खेला गया। अंतिम ओवरों तक चले इस संघर्षपूर्ण मैच में भदोही ने बाजी मारते हुए 2 विकेट से जीत दर्ज की। मैच के नौवें दिन मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट संजीत चौबे, विभाग कार्यवाहिका गीतांजलि चौबे और नगर संपर्क प्रमुख बीना पांडेय उपस्थित रहीं। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और आयोजन समिति द्वारा खेल को बढ़ावा देने के प्रयासों की जमकर सराहना की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बोर्ड इलेवन की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 8 विकेट खोकर 142 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। दिनेश पनिका ने 32 गेंदों पर 33 रन (3 चौके, 1 छक्का) बनाए, जबकि अखिलेन्द्र ने 31 गेंदों पर 26 रनों का योगदान दिया।भदोही की ओर से शादाब सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 5 ओवर में



मात्र 25 रन देकर 3 विकेट चटकाए। कृष्ण मुरारी ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 1 विकेट लिया।

143 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भदोही की टीम ने उतार-चढ़ाव भरे मैच में 23.4 ओवरों में 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विकास चौहान ने 42 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से 45 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। कृष्णमुरारी ने भी 25 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। रोहित कुमार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 1 मेडन के साथ मात्र 3 रन देकर 3 विकेट झटके, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। भदोही के ऑलराउंडर शादाब को उनके शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए अधिशाषी अभियंता ई. एस पी सिंह द्वारा मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मैच में निर्णायक (अंपायर) की भूमिका रोशन सिंह व प्रदीप शर्मा ने निभाई, जबकि कमेंट्री संकट मोचन झा व राजू यादव ने की। आयोजन सचिव संकट मोचन झा ने बताया कि 03 मार्च सोनभद्र अंडर-14 बनाम ओबरा अंडर-14 के बच्चों के बीच एकदिवसीय प्रदर्शनी मैच। 06 मार्च भदोही बनाम बनारस पॉलीक्लीनिक सोनभद्र इलेवन के बीच मुकाबला।इस अवसर पर अवर अभियंता ई. शेषनाथ यादव, कलीम खान, अरविंद यादव गप्पू, बृजेश यादव, रमेश वर्मा, अवधेश सिंह गुल्लू, नीरज भाटिया, संजय यादव, सोनू राय सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### नगर पंचायत बिस्कोहर में होली मिलन समारोह हुआ संपन्न



**सिद्धार्थनगर ।** होली आपसी भेदभाव भुलाकर गले मिलने का पर्व है। बिस्कोहर नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने नगर पंचायत के कर्मचारियों एवं सभासदों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। सबके सुखमय जीवन की कामना की। चेयरमैन अजय गुप्ता ने समस्त नगरवासियों को होली की बधाई दी। इस दौरान सफाई कर्मचारियों को सामान वितरण किया गया, इस अवसर पर सभासद सहित भारी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### दो प्रमुख मार्गों के निर्माण कार्यों की मिली स्वीकृतिः विधायक विनय वर्मा



**सिद्धार्थनगर-** शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र को एक और बड़ी विकासात्मक सौगात प्रदान की गई है। विधायक विनय वर्मा की पहल पर क्षेत्र के महत्वपूर्ण 02 मार्गों की स्वीकृति के साथ धनराशि अवमुक्त की गयी है। जिसमें भिरिंडा समय माता स्थान से नियाँव तक सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य। तथा समय माता स्थान मधवानगर बैरिहवा सम्पर्क मार्ग का निर्माण कार्य शामिल है । इन दोनों संपर्क मार्ग के निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है, जिससे आवागमन सुगम होगा, ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी तथा विकास को नई गति प्रदान होगी। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण एवं किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति शोहरतगढ़ विधानसभा की जनता की ओर से हृदयपूर्वक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में बुनियादी ढांचे का तेजी से विकास हो रहा है और सरकार हर क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट

**हाथ टूटने का आरोप, छह लोगों पर मुकदमा**

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम रूकवाहा में घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रूकवाहा निवासी मीरा पत्नी स्व.रामदास ने थाना सौजना में दी शिकायत में बताया कि 27 फरवरी 2026 की रात करीब 8 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गांव के रमुआ, टोरिया, भगतराम, रामसखी, आशीष और अर्चना एक राय होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने पहले गालियां दीं और फिर लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे मीरा का हाथ टूट गया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। विवेचना उपनिरीक्षक प्रवीण गिरी को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत, मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हरपुरा मजरा डिडेरी निवासी बबलू सहरिया ने थाना तालबेहट में दी तहरीर में बताया कि 27 फरवरी 2026 को उनका छोटा भाई कमलेश अपनी मोटरसाइकिल (एम.पी.09 एम.क्यू. 7654) से आटा खरीदने के लिए गया था। इसी दौरान तेरई फाटक के मुख्य चौराहे पर एक तेज रफ्तार कंटेनर (एच.आर.55 ए.डब्ल्यू. 0585) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद झांसी रेफर किया गया। झांसी में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सड़क बिजली व पानी के साथ सुरक्षा का वातावरण रामपुरखास में सर्वोच्च प्राथमिकता- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के मुस्तफाबाद, राहाटीकर, सांगीपुर बाजार व लालगंज में कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात कर विकास योजनाओं को लेकर संवाद किया। उन्होने कहा कि रामपुरखास में सड़क, बिजली, शुद्ध पानी के साथ आम लोगों की सुरक्षा सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता में है। होली के पर्व से जुड़े पांच दिवसीय रामपुरखास के दौरे पर पहुंचे सांसद प्रमोद तिवारी का मुस्तफाबाद में ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। यहां उन्होने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के द्वारा संचालित करायी जा रही ग्रामीण विकास से जुड़ी सड़क परियोजना की सौगात की भी जानकारी दी। इससे ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे दिखे। सांगीपुर बाजार मे भी सांसद प्रमोद तिवारी ने व्यापारियों से मुलाकात कर कारोबारी के क्षेत्र में सुदृढ़



वातावरण का भरोसा दिलाया। सांगीपुर क्षेत्र के बिजहड़ी गांव में रमाशंकर पाण्डेय के संयोजन में आयोजित भण्डारे में भी सांसद प्रमोद तिवारी शामिल हुए। बाबा घुइसरनाथ धाम में उन्होने दर्शन पूजन किया। लालगंज बाजार में रवीन्द्र गुप्ता के संयोजन में व्यापारियों तथा सभासदों ने सांसद प्रमोद तिवारी का स्वागत किया। ग्रामीणों से संवाद के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी मोदी सरकार की कृषि नीति पर भी हमलावर दिखे। उन्होने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसानो को न्यूनतम समर्थन मूल्य नही दे पा रही है। उन्होने तीखे अंदाज मे कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार के समझौते ने देश के घरेलू किसानों के हितों पर गहरा कुठाराघात किया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दबाव में यह सरकार देश के स्वाभिमान को भी नहीं बचा पा रही है। उन्होने भाजपा नीति सरकार की विदेश नीति में भी भटकाव को लेकर घेराबंदी की। इसके बाद वह सांगीपुर वार्ड पहुंचे, यहां उन्होने पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी श्रीनाथ तिवारी के हाल ही में निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डा0 अमिताभ शुक्ल, आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रधान राकेश गुप्ता, छोटेलाल सरोज, दारा सिंह, आशीष कौशल, कैलाशनाथ तिवारी, संयुक्त अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश, मुरलीधर तिवारी, त्रिभु तिवारी, प्रभात ओझा, रामकृपाल पासी, शिवकुमार साहू,गुड्डू सिंह, रामबोध शुक्ल, महेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## छापेमारी में तीस लीटर अवैध शराब बरामद



**लालगंज, प्रतापगढ़।** आबकारी टीम ने छापेमारी कर तीस लीटर अवैध शराब व चार कुंतल लहन की बरामदगी की है। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने सोमवार को क्षेत्र के पूरे फत्ते व रामपुर बावली में अवैध शराब की सूचना पर छापेमारी की। इस दौरान कुल तीस लीटर अवैध शराब व चार कुंतल लहन को जब्त कर उसे नष्ट कराया। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# कंपोजिट विद्यालय कौहडौरा की छात्रा शिवानी गुप्ता ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में कंपोजिट विद्यालय कोहंडौरा में पढ़ने वाले वाली छात्रा शिवानी गुप्ता ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ चार अन्य बच्चों का भी चयन हुआ है। अब चयनित बच्चों को चार साल तक एक हजार रुपये महीना छात्रवृत्ति मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपेश दूबे ने बताया कि नवंबर 2025 में आयोजित प्रदेश स्तरीय छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में हमारे विद्यालय के 17 बच्चों ने भाग लिया था। परीक्षा में विद्यालय के पांच बच्चों ने सफलता हासिल की। बताया कि कक्षा आठ की छात्रा शिवानी गुप्ता ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा रोशनी गुप्ता , अनूप शर्मा, वंदना यादव व विजयपाल यादव ने भी



परीक्षा पास की है। बताया कि परीक्षा पास करने वाले बच्चों को अब इंटरमीडिएट तक पढ़ाई करने के लिए प्रतिमाह एक हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्हें चार वर्ष में 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। बच्चों का चयन होने पर प्रधानाध्यापक गोपेश दूबे , सहायक अध्यापक रघुनंदन कुमार, अंजली कुमारी , यशोदानंद मिश्र, अखिलेश विश्वकर्मा व सरिता गुप्ता ने खुशी जताते हुए बच्चों को बधाई दी है।

# पंजाब के विक्की पहलवान ने आगरा के सूरज पहलवान को आसमान दिखाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर ।** शोहरतगढ़ कस्बा के वीरेन्द्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी में दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि एसएसबी डीआईजी मुन्ना सिंह ने अखाड़े पर फीता काटकर व पहलवानों को हाथ मिलवाकर दंगल का शुभारंभ हुआ । अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के पहले दिन सोमवार को आधा दर्जन पहलवानों को रोमांचक मुकाबला हुआ। कुश्ती मुकाबले में हनुमानगढ़ी अयोध्या बाबा लाडी ने चंडीगढ़ के सोनू को चन्द मिनट में ही आसमान दिखा दिया। पंजाब के विक्की पहलवान ने आगरा के सूरज पहलवान को आसमान दिखाया। मनसब चंडीगढ़ ने आगरा के मोनू को अखाड़े में



हराया। दिल्ली के हर्ष तिवारी व सिद्धार्थनगर के रंजीत पहलवान और अयोध्या के अमन दास और सिद्धार्थनगर के अभय पहलवान का मुकाबला बराबरी पर रहा।

इस दौरान डीआईजी ने कहा कि कुश्ती खेल पुराना है। इस परम्परा को कायम रखना सराहनीय है। देश की सुरक्षा में सेना के साथ सभी नागरिकों के सहयोग अपेक्षित है। अखाड़े में सभी पहलवान खेल भावना से कुश्ती मुकाबले में योगदान दें। इस दौरान योगेंद्र प्रताप सिंह, 43 वीं वाहिनी कमांडेंट उज्ज्वल दत्ता, 50 वीं वाहिनी कमांडेंट अजय कुमार, बाबा बलराम दास, रवि अग्रवाल, धनुर्धर प्रताप सिंह, अनिल अग्रहरि, सुर्य प्रकाश पांडेय, निसार अहमद, श्रवण दास, श्यामसुंदर, विक्रम प्रसाद यादव,लालजी त्रिपाठी, सन्तोष पासवान, रिजवान अहमद, अंतरराष्ट्रीय रेफरी गुड्डू पहलवान, कालू पहलवान आदि लोग मौजूद रहे।

# सीबीएसई के 10वीं हिंदी की परीक्षा सकुशल संपन्न हुई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई कक्षा 10वीं हिंदी की परीक्षा प्रतापगढ़ में सीबीएसई के सात विद्यालयों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आत्रेय एकेडमी, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जेएमजी पब्लिक स्कूल, कालाकांकर, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज में सोमवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच हुई, जिसमें प्रतापगढ़ जिले के 47 सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के कक्षा 10 के 4419 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, उनमें से 4386 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 33 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर ऑब्जर्वर की देख रेख में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। सीबीएसई 10वीं हिंदी पेपर देकर बाहर निकले ज्यादातर परीक्षार्थियों ने सीबीएसई



10वीं हिंदी पेपर को आसान बताया। छात्रों ने बताया कि वह कुछ ही सवालों में अटके थे। जिन स्टूडेंट्स को सीबीएसई बोर्ड एग्जाम पैटर्न और मार्किंग स्कीम की जानकारी थी, उन्हें पेपर में कम परेशानी हुई।सीबीएसई बोर्ड 10वीं हिंदी विषय का प्रश्नपत्र कुल 80 अंकों का था, जिसमें चार खण्ड थे और कुल 15 प्रश्नों के जवाब देने थे। खण्ड क अपठित बोध 14 अंकों का, खण्ड ख व्यवहारिक व्याकरण 16 अंकों का, खण्ड ग में पाठ्य पुस्तक से सम्बन्धित प्रश्न कुल 30 अंकों के लिए तथा खण्ड घ में रचनात्मक लेखन कुल 20 अंकों के लिए था।सीबीएसई 10वीं हिंदी सैंपल पेपर से तैयारी करने वाले स्टूडेंट्स को एग्जाम पैटर्न और मार्किंग स्कीम की पूरी जानकारी थी। सीबीएसई 10वीं हिंदी पेपर देने वाले स्टूडेंट्स एग्जाम एनालिसिस के जरिए समझ सकते हैं कि उन्हें इस परीक्षा में कितने अंक हासिल होंगे।

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने बताया कि 10वीं की अगली परीक्षा आगामी 06 मार्च को पेंटिंग की होगी।

# विधवा महिला की नहीं सुनी जा रही पुकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नाराहट।** ललितपुर जनपद के थाना नाराहट अंतर्गत कस्बा निवासी एक विधवा महिला के साथ परिवार के लोग कुछ दिनों उसका अपना घर खाली करने का दबाव बना रहे थे। जब महिला ने इसका विरोध किया और कहा कि हम घर खाली नहीं करेंगे तो उन लोगों ने महिला के बच्चों के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत करने जब महिला थाने गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई।उल्टी उसके बच्चों के खिलाफ कार्यवाही हुई। अभी हाल में तीन चार दिन पहले गजराज पुत्र विजय कुशवाहा ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर मारपीट कर दी।जिसकी शिकायत महिला ने 1090 पर की जिसपर पुलिस आई और दोनों को थाने ले गई और बहा से बिना कार्यवाही करते हुए भगा दिया गया जिससे विपक्षी के हौसले बुलंद है और वह रोजाना गाली गलौज करता है और धमकी देता है कि मेरा ना कुछ बिगड़ा है और ना बिगाड़ पाओगी। कस्बा निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि में एक विधवा महिला हूं कि कुछ दिनों से मेरे परिवार के लोग मुझे अपना घर खाली करने का दबाव बना रहे थे। जब मैंने इसका विरोध किया और कहा कि हम खाली नहीं करेंगे तो उन लोगों ने मेरे बच्चों के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत करने जब में थाने गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई।उल्टी मेरे बच्चों के खिलाफ कार्यवाही हुई। अभी हाल में तीन चार दिन पहले गजराज पुत्र विजय कुशवाहा ने मेरे साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर मारपीट की।जिसकी शिकायत मैने 1090 पर की जिसपर पुलिस आई और दोनों को थाने ले गई। जब मैंने थाने में शिकायती पत्र लेने को कहा तो मैडम ने शिकायती लेने को मना कर दिया और कहने लगी कि ज्यादा करोगी तो विपक्षी से तुम्हारे लड़के की रिपोर्ट लेकर उसको उल्टा बंद कर दूंगी। साहब न्याय नहीं मिलना और उल्टा यह कहना कि तुम्हारे लड़के के खिलाफ कार्यवाही कर दूंगी दर्शाता है कि मैडम कुछ लेकर मामला रफा दफा करना चाहती है। क्योंकि विपक्षी मुझे धमकी दे रहा है कि तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगी मैने थाने में पैसे दे दिए हैं। मेरा कुछ नहीं होगा। जिससे विपक्षी के हौसले बुलंद है और वह रोजाना गाली गलौज करता है और धमकी देता है कि मेरा कुछ नहीं कर पाओगे।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद शिव मंदिर तोड़ा, केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत एकडेगा भावपुर के टोला हतवा में जमीन विवाद को लेकर नव-निर्मित शिव मंदिर को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मंदिर आकार में छोटा था, जिसकी ऊंचाई लगभग 10 फीट, चौड़ाई करीब 4 फीट और लंबाई लगभग 4 फीट थी। मंदिर का चबूतरा लगभग 10 फीट चौड़ा और 10 फीट लंबा बनाया गया था। मंदिर के ढांचे को पूरी तरह तोड़ दिया गया, जिससे उसका मूल स्वरूप समाप्त हो गया। मंदिर का निर्माण कराने वाले अंगद ने बताया कि यह जमीन उनके परिवार की पैतृक संपत्ति है। उनके पिता राम अचल ने अपने हिस्से की जमीन पर भगवान शिव का मंदिर बनवाया था। उन्होंने बताया कि पड़ोसी इस जमीन पर अपना दावा करते रहे हैं, लेकिन मंदिर का निर्माण अपने हिस्सा की जमीन पर ही कराया गया था।

अंगद के अनुसार, रविवार को पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर की प्राण




प्रतिष्ठा और पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ था। गांव के लोगों की मौजूदगी में पूजा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लेकिन पूजन के कुछ ही घंटे बाद पड़ोस में रहने वाली महिला कांति और उसकी देवरानी मौके पर पहुंचीं और मंदिर को तोड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों महिलाएं ईंट से मंदिर के ढांचे पर लगातार प्रहार करती रहीं, जिससे मंदिर का ढांचा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मलबा पीछे की ओर गिर गया। परिवार के लोगों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं मानी। इसके बाद तत्काल पुलिस 112 पर सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से राम अचल और उनके पुत्र द्वारा शोहरतगढ़ थाना में लिखित तहरीर दी गई। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। मंदिर निर्माण के बाद विवाद और बढ़ गया, जिसके चलते यह घटना घटित हुई। घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिस की सक्रियता से हालात सामान्य हो गया । प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की नजर बनी हुई है।

# डिप्रेशन के चलते 10वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार सदमे में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के महरौनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धवारी में शनिवार शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। बोर्ड परीक्षा के बीच 10वीं कक्षा की 16 वर्षीय छात्रा ने कथित रूप से डिप्रेशन के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मांदरी (पुत्री जानकी बुनकर) के रूप में हुई है, जो महरौनी स्थित एक विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी और इन दिनों बोर्ड परीक्षा दे रही थी। परिजनों के अनुसार, मांदरी पढ़ाई को लेकर काफी तनाव में रहती थी और परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतित थी। शनिवार शाम वह घर में अकेली थी। मां खेत पर फसल काटने गई थीं, जबकि पिता और भाई मजदूरी के लिए बाहर गए थे। शाम करीब साढ़े छह बजे जब मां घर लौटीं तो कच्चे कमरे में रस्सी के सहारे



बेटी का शव लटका देख चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी।

**पुलिस जांच में जुटी**

सूचना पर महरौनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है। गांव में मातम पसरा हुआ है। जिस घर में कुछ घंटे पहले तक परीक्षा और भविष्य की बातें हो रही थीं, वहां अब सन्नाटा और आंसुओं का सैलाब है।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार का तांडव! खड़े ट्रक से टकराई रोडवेज बस, 3 यात्रियों की मौत, 31 घायल

उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक रोडवेज बस के सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा जाने से बस में सवार तीन यात्रियों की मौत हो गई तथा 31 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, रविवार देर रात करीब ढाई बजे गहरपुरवा गांव के पास आगरा से लखनऊ जा रही उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के मथुरा डिपो की बस ने सड़क किनारे खड़े एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। उसने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार 35 में से 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को बांगरमऊ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां चिकित्सकों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में एक की पहचान 20 वर्षीय राजपूत के रूप में हुई है, जबकि दो अन्य की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# विश्वकर्मा समाज की एकजुटता का संदेश, होली मिलन समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** ग्राम कुम्हेड़ी स्थित मां अंजनी धाम परिसर में अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा द्वारा होली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बुंदेलखंड प्रभारी महेश चंद्र विश्वकर्मा, विशिष्ट अतिथि झांसी के उद्योगपति इंजीनियर अरविंद ओझा तथा अध्यक्षता नीलेश झा (जिलाध्यक्ष, झा समाज सैदपुर) ने की। शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि महासभा समाज के सम्मान, उत्थान और अधिकारों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा गांव-गांव जाकर समाज



के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बन रहे हैं। संगठन की मजबूती से समाज का मान-सम्मान बढ़ा है।

विशिष्ट अतिथि इंजीनियर अरविंद ओझा ने कहा कि विश्वकर्मा समाज कुशल इंजीनियरों का समाज है। होली मिलन जैसे आयोजन आपसी प्रेम, स्नेह और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं। रामनरेश झा (प्रधानाध्यापक, कल्याणपुरा) ने युवाओं को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष महेंद्र झा ने किया। आभार धर्मेंद्र झा (तालबेहट) व राहुल झा (ललितपुर) ने संयुक्त रूप से व्यक्त किया। अंत में सहभोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर दयाराम झा माते, रामनरेश झा कल्याणपुरा, हीरालाल झा, गौरव विश्वकर्मा (जिला अध्यक्ष, विश्वकर्मा ब्रिगेड), आशाराम झा, लालाराम झा, राहुल झा बाबा, धर्मेंद्र झा तालबेहट, विनोद झा, हरिशंकर झा, कल्लू झा, राजेश झा (जिला प्रवक्ता), जगदीश झा जाखलोंन, शिवशंकर विश्वकर्मा भौंडी, सतीश झा, विशाल झा, सौरभ झा, सुनील झा, रमाकांत झा, राजेश झा, विवेक विश्वकर्मा, सौरभ झा, चंद्रेश झा, महेश झा सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।

# होली व रमजान को लेकर महरौनी में पुलिस सतर्क, पैदल गश्त कर शांति का दिया संदेश

**●शांति भंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई – प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** होली पर्व और रमजान माह के मद्देनजर महरौनी पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार देर शाम महरौनी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजा दिनेश सिंह के नेतृत्व में नगर के मुख्य मार्गों एवं गलियों-कूचों में पैदल गश्त निकाली गई।

पुलिस टीम ने गश्त के दौरान आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए स्पष्ट किया



कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी नागरिक आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं।

मुख्य बाजार क्षेत्र में व्यापारियों से संवाद कर पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी और सहयोग की अपील की। साथ ही राहगीरों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया। इस दौरान अतिरिक्त निरीक्षक निर्भय चंद्र, उपनिरीक्षक महेश चंद, कस्बा प्रभारी निखिल मालिक, उपनिरीक्षक अभिषेक, उपनिरीक्षक अरविंदर सिंह सहित समस्त कोतवाली पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस की इस सक्रियता से नगरवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और लोगों ने भी शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली और रमजान मनाने का संकल्प लिया।


# हनुमान जयंती पर होंगे आठ दिवसीय भव्य कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति की बैठक पं. बृजेश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 2 अप्रैल को मनाए जाने वाले हनुमान जयंती महोत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। समिति द्वारा आयोजित 8 दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत 1 अप्रैल की रात्रि से श्रृंगार, श्रीसुंदरकांड पाठ एवं जन्मोत्सव के साथ होगी। 2 अप्रैल को सुबह हवन तथा सायं 5 बजे से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा सदर काटा, पानी की टंकी, रावरपुरा, महावीरपुरा, चौबयाना, नदीपुरा, आजाद चौक और वीर सावरकर चौक होते हुए तुवन मंदिर पर समापन करेगी। इसके बाद 3 व 4 अप्रैल को संगीतमय अखंड रामायण पाठ, 5 व 6 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम, 7 अप्रैल को विराट कवि सम्मेलन तथा 8 अप्रैल को सत्यनारायण कथा का आयोजन किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्यामाकांत चौबे, उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, संचालक रमेश कुमार रावत, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भारत रिछारिया, संयोजक जगदीश पाठक, के.के. साहू, शिवकुमार शर्मा, अवधेश कौशिक, शुभम कौशिक, धर्मेंद्र चौबे, कृष्णकांत तिवारी, मोनू झा, अखिलेश साडिल, रितेश सिंघाई, मुन्नालाल त्यागी, महेश नामदेव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संचालन मंत्री राकेश तामिया ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### होली पर कैमिकल रंगो से बचें, हर्बल रंगों से मनाएं पर्व : विनोद जायसवाल



नैनी क्षेत्र के हनुमान नगर निवासी समाजसेवी विनोद जायसवाल ने क्षेत्रवासियों से होली पर्व को सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली के अवसर पर कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग करने से त्वचा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं, जिससे स्किन खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। श्री जायसवाल ने लोगों से आग्रह किया कि वे प्राकृतिक और हर्बल रंगों का ही उपयोग करें, ताकि किसी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और सद्भाव का त्योहार है, जिसे आपसी मिलन और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए।उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि होली के पावन अवसर पर एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए शांति और सुरक्षित वातावरण में त्योहार

### यूपी के सरकारी स्कूलों में अब 'ऑडियो-विजुअल' सिस्टम से लैस होंगी स्मार्ट क्लासेस, पढ़ाई बनेगी और रोचक



**अलीगढ़।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक और अहम पहल की जा रही है। स्कूलों में स्थापित स्मार्ट क्लास केवल एलसीडी या प्रोजेक्टर तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि उन्हें आधुनिक ऑडियो-विजुअल सिस्टम से लैस किया जाएगा। यह प्रणाली ध्वनि व दृश्य दोनों माध्यमों के जरिए एक साथ जानकारी प्रस्तुत करने के लिए तैयार की गई है, जिससे विद्यार्थियों को विषय-वस्तु को समझने में आसानी होगी। परिषदीय स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं को बढ़ावा देने पर विशेष जोर है। उद्देश्य है कि विद्यार्थियों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण उपलब्ध कराया जाए। प्रदेश में समग्र शिक्षा कार्यक्रम में 34 हजार 533 स्मार्ट क्लासेज के संचालन को मंजूरी मिल चुकी है। बजट में भी इसकी घोषणा की गई है। अलीगढ़ के लगभग 1700 स्कूलों में से 250 से अधिक स्मार्ट क्लासों का संचालन पहले से है। इनमें स्मार्ट टीवी, एएलसीडी व वाईफाई कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध है। प्रत्येक ब्लॉक में आईसीटी लैब बनाई गई हैं। वीडियो चित्रों व एनिमेशन के जरिए बच्चों को कठिन विषयों को आकर्षक और मनोरंजक तरीके से पढ़ाया जाता है। यह व्यवस्था बच्चों की स्कूल में उपस्थिति बढ़ाने के साथ ही उनके सीखने की क्षमता को बेहतर बना रही है। सकारात्मक नतीजे सामने आने के बाद स्मार्ट क्लासेज अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित की जाएंगी। यह फैसला कुछ माह पूर्व टेक्निकल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की संस्तुति के आधार पर लिया गया है। इन संसाधनों की स्थापना के लिए समग्र शिक्षा कार्यक्रम में धन उपलब्ध कराया जाएगा। स्कूल शिक्षा महानिदेशालय को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि विद्यालयों में डिजिटल शिक्षण व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके।

**ये होंगे उपकरण**

ऑडियो-विजुअल सिस्टम में प्रत्येक स्मार्ट क्लास में प्रोजेक्टर, डिजिटल डिस्प्ले, उच्च गुणवत्ता वाले स्पीकर, माइक्रोफोन व स्ट्रीमिंग सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य बच्चों के लिए पठन-पाठन को अधिक रोचक, प्रभावी व तकनीक आधारित बनाना है। ऑडियो-विजुअल माध्यम से पढ़ाई होने पर छात्र विषयों को देखकर व सुनकर बेहतर तरीके से ग्रहण कर सकेंगे। विभाग की ओर से चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में इस नई प्रणाली को लागू करने की तैयारी की जा रही है। इस पहल से परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा।

# निगम पार्षद जगमोहन महलावत के सौजन्य से भव्य होली मिलन समारोह कार्यक्रम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत कुंज के निगम पार्षद,सनातन धर्म प्रेमी जगमोहन महलावत की ओर से कम्युनिटी सेंटर वसंत कुंज में होली के रंगारंग मनोहरी कार्यक्रम का भव्य आयोजन आगंतुकों के लिए यादगार बन गया।इस विशेष होली मिलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री एवं बृजवासन के विधायक कैलाश गहलोत, छतरपुर के विधायक करतार सिंह तंवर, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं मालवीय नगर के विधायक सतीश उपाध्याय, महरौली जिला भाजपा अध्यक्ष रविंद्र सोलंकी, दक्षिणी दिल्ली स्टैंडिंग कमेटी की चेयरपर्सन सत्या शर्मा, डिप्टी चेयरपर्सन सुरेंद्र तंवर, निगम पार्षद इंद्रजीत सहरावत के अलावा भारी संख्या में आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी एवं मसूदपुर, बसंत कुंज, किशनगढ़, मेहरौली, छतरपुर कटवारिया सराय, राजोकरी आदि आसपास के इलाकों से भारी संख्या में गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर इस रंगारंग कार्यक्रम को बेहद खास बना दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली देहात की पहचान नगाड़े की थाप से हुई। उपस्थित जनसमूह ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाए तथा फूलों की होली ने माहौल को पूरी तरह से खुशनुमा बना दिया।इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ,जिसमें ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी कविता एवं व्यंग से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। मथुरा से आए कलाकारों ने राधा रानी के मधुर संगीत से सारे वातावरण को भक्ति के रंग से सराबोर कर दिया। सभी आगंतुकों ने होली महोत्सव का भरपूर आनंद उठाया तथा इस विशेष अवसर पर बनने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों का लुफ्त उठाया। निगम पार्षद जगमोहन महलावत की अपनी खास पहचान है जो सामाजिक सरोकार से जुड़े धार्मिक एवं परंपरागत अवसरों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर क्षेत्र वासियों को एक अनुपम अवसर प्रदान करते रहे हैं। दशहरा के अवसर पर उनकी रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में भारी भीड़ जुड़ती है जो दक्षिण दिल्ली में लोगों की कोतुहलता एवं आकर्षण का हमेशा महत्वपूर्ण केंद्र रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लगी भीषण आग, आशियाना खाक





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या** खंडासा थाना क्षेत्र के टिकटी गांव अंतर्गत पूरे ओरी सराय गांव में संदिग्ध परिस्थितियों लगी भीषण आग से एक परिवार की संपूर्ण गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई, जब कि अग्निकांड में दो अन्य लोगों के गैर आवासीय छप्पर भी जलकर राख हो गए हैं। सूचना पर पहुंचे मिल्कीपुर अग्निशमन कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझाया जा सका। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूरे ओरी सराय गांव निवासी महिला सुशीला के छप्पर के मकान में सोमवार को दोपहर करीब 12 बजे अचानक आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपने आगोश में ले लिया और फूस का मकान पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। आग इतनी भीषण थी कि पड़ोस में ही स्थित श्रवण कुमार तथा जय गोविंद के पशु शाला एवं गैर आवासीय भवन को भी अपने आगोश में ले लिया और दोनों लोगों की पशु शाला एवं छप्पर में रखें भूसे सहित खाद्यान्न सामग्री भी जलकर नष्ट हो गई। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी मिल्कीपुर फायर स्टेशन को दी द्य सूचना पाकर चालक हृदय राम विश्वकर्मा एवं फायर मैन संदीप भट्ट, प्रशांत दीक्षित, विकास कुमार, सत्यम सक्सेना एवं उत्तम राजवंशी की टीम अग्निशमन यंत्र के साथ मौके पर पहुंच गए उन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझाने में सफलता प्राप्त की।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष यादव ने बताया कि घटना की जानकारी स्थानीय तहसील प्रशासन को दे दी गई है, अग्नि पीड़ित परिवारों के लिए भोजन इत्यादि की व्यवस्था कराई जा रही है।

### दादरी में शिया समुदाय का ईद बहिष्कार, खामेनेई की हत्या पर अमेरिका-इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन

**दादरी।** ईरान, इराक, इजरायल, अमेरिका, यूएई के अलावा अन्य खाड़ी देशों के बीच चल रही जंग के दौरान ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद शिया समुदाय में आक्रोश देखने को मिल रहा है। ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र के गांव छोलस जारचा नूरपुर में शिया समुदाय के लोगों ने ईद नहीं मनाने का ऐलान किया है और अमेरिका-इजरायल के विरोध में नारेबाजी की। ग्रेटर नोएडा के दादरी क्षेत्र के छोलस जारचा नूरपुर में मस्जिद इमाम रजा छोलस गढ़ी पर नमाज के बाद हजारों लोग एकत्र हुए और अमेरिका, इजरायल के खिलाफ नारे लगाते हुए इमामिया चौक पहुंचकर विरोध जताया। मौलाना फहरत अब्बास इमाम ए जुम्मा छोलस ने लोगों से कहा शिया समुदाय के लोग ईद नहीं मनाएंगे। मौलाना इरफान रजा ने कहा वे तीन दिन का शोक मनाए और काले कपड़े पहनेंगे। बता दें कि ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच लगातार हमले तेज हो रहे हैं। इसी बीच ईरान के सर्वोच्च नेता के मारे जाने की खबर आते ही ईरान, भारत, पाकिस्तान समेत कई देशों के शिया समुदाय के लोगों में मातम का माहौल देखने को मिला। जम्मू-कश्मीर में दो दिन शोक अवकाश तक घोषित कर दिया गया।

## केवल नाम का 'आदर्श गांव'! 2023-24 में 40 लाख स्वीकृत गांव सभा में लेकिन आज तक कार्य अधूरा, ज़मीनी विकास शून्य

● दरगारबंद जीपी के अंतर्गत आदर्श कृष्णनगर में ग्रामीणों का आक्रोश।

जिला प्रशासन अधिकारी मौन भूमिका में! प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः** सरकार द्वारा 'आदर्श गांव'योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, डिजिटल सेवाओं और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी धनराशि आवंटित की जाती है। लेकिन श्रीभुमि जिला के दरगारबंद ग्राम पंचायत अंतर्गत आदर्श कृष्णनगर और छनटिला गांवों में विकास कार्यों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, वर्ष 2023-24 में 40 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई थी गांव सभा के माध्यम से, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्य ज़मीन पर दिखाई नहीं दिया। इससे गांववासियों में भारी असंतोष व्याप्त है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार एक आदर्श गांव में निम्नलिखित सुविधाएँ अपेक्षित हैं:

सीसी सड़कें, उन्नत जल निकासी प्रणाली, सौर अथवा विद्युत स्ट्रीट लाइट शुद्ध पेयजल (क्ष्क्ष के माध्यम से) सार्वभौमिक शौचालय सुविधा तेज़ इंटरनेट कनेक्टिविटी ग्रामीणों का दावा है कि इनमें से अधिकांश सुविधाएँ कागज़ों तक ही सीमित हैं। स्वास्थ्य और स्वच्छता पर प्रश्न कई घरों में शौचालय नहीं हैं। नियमित कचरा संग्रहण की व्यवस्था नहीं है और स्थायी स्वास्थ्य केंद्र भी स्थापित नहीं किया गया है। इससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षा व्यवस्था प्रभावित कृष्णनगर में स्थित 155 नंबर निशिकांत एलपी स्कूल अब संचालित नहीं है, सरकार की तरफ से इसे बंद कर दिया गया है , जिससे बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। गांव में न तो आधुनिक विद्यालय है, न पुस्तकालय, न डिजिटल लैब और न ही कोई सक्रिय डिजिटल सेवा केंद्र।

**आर्थिक और सामाजिक विकास ठप**

कुटीर उद्योग, लघु उद्यम, आधुनिक कृषि प्रशिक्षण जैसी योजनाओं का भी कोई स्पष्ट प्रभाव दिखाई नहीं देता। स्थानीय बाजार व्यवस्था का विकास भी नगण्य बताया जा रहा है। खेल मैदान, सामुदायिक केंद्र और जल संरक्षण जैसे कार्य भी अधूरे हैं।

**प्रशासन की प्रतिक्रिया**

इस संबंध में जब विभागीय अधिकारियों और बीडीओ से संपर्क किया गया, तो बताया गया कि वर्ष 2023-24 के 40 लाख रुपये अभी तक प्राप्त नहीं हुए हैं। प्रशासन की इस स्थिति से ग्रामीणों में और असंतोष बढ़ गया है। ग्रामीणों ने भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र जांच और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का सीधा सवाल है



स्वीकृत 40 लाख रुपये कहां गए! विकास कार्य अब तक शुरू क्यों नहीं हुए! अब देखना यह है कि 'आदर्श गांव' की संकल्पना कागज़ों तक सीमित रहेगी या वास्तव में आदर्श कृष्णनगर और छनटिला में बदलाव की नई शुरुआत होगी। अब असली प्रश्न यही है–क्या 'आदर्श गांव' केवल सरकारी फाइलों और घोषणाओं तक सीमित रहेगा, या आदर्श कृष्णनगर और छनटिला में विकास की ठोस और पारदर्शी पहल वास्तव में दिखाई देगी?

यदि आवंटित धनराशि का सही उपयोग हो, योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो और प्रशासन जवाबदेही के साथ आगे आए, तो सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और डिजिटल सुविधाओं जैसे मूलभूत क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। लेकिन यदि निगरानी और पारदर्शिता का अभाव बना रहा, तो 'आदर्श' शब्द केवल नाम मात्र बनकर रह जाएगा। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई, जांच प्रक्रिया और विकास कार्यों की वास्तविक शुरुआत पर टिकी हैं यही तय करेगा कि यह संकल्पना प्रतीकात्मक रहेगी या परिवर्तनकारी।

## संतकबीर नगर में होली पर संवेदनशील और आबादी वाले क्षेत्रों में तैनात होगी अतिरिक्त पुलिस फोर्स, स्कने दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**संतकबीर नगर।** एसपी संदीप कुमार मीना ने गत रविवार की देर रात एएसपी सुशील कुमार सिंह, सभी सीओ,एसओ व पुलिस चौकी प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों संग ऑनलाइन मीटिंग की। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतने एवं होली को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के निर्देश दिए। होली मिलन,जुलूस व अन्य कार्यक्रम आयोजित करने वाली समितियों के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शर्तों का पालन सुनिश्चित कराएं। जनपद के चिह्नित संवेदनशील व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने, निरंतर गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए एसपी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया की लगातार मानीटरिंग करते हुए आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। नियमों का उल्लंघन आपत्तिजनक गाना बजाने वाले डीजे संचालकों पर कार्रवाई करें। डीजे संचालकों को रेड कार्ड जारी करते हुए पाबंदी की विधिक कार्यवाही पूर्ण करने को कहा। शांतिपूर्ण माहौल में होलिका दहन कराएं। विवाद की स्थिति में इसकी सूचना तुरंत उच्च अधिकारीगण को दें। यूपी-112 व अन्य आपात सेवाओं को सतर्क रखने के निर्देश दिए। होली जुलूस का परंपरागत मार्गों का चिह्नांकन कर रूट चार्ट तैयार करने व विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। सर्विलांस व स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) अफवाहों पर नजर रखें। इंटरनेट मीडिया की मानीटरिंग करते रहें शराब की दुकानों के निर्धारित समय का सख्ती से अनुपालन कराएं। ओवररेटिंग,अवैध बिक्री,बिना लाइसेंस शराब बिक्री करने,नशे में हुड़दंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने को कहा।

# होली पर बालिका गृह में खुशियों की बरसातः डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने खिलाई गोझिया, बांटे नए कपड़े

●होली पर बालिका गृह में खुशियों की बरसातः डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने खिलाई गोझिया, बांटे नए कपड़े

●'सुविधाओं में नहीं होगी कोई कमी'– 111 बच्चियों की देखभाल और शिक्षा पर प्रशासन का फोकस खेलकूद, लाइब्रेरी और बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए विशेष इंतजाम, डीएम ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** होली पर्व के पावन अवसर पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को निधरिया स्थित राजकीय बालगृह (बालिका) पहुंचकर बच्चियों के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से बच्चियों को गोझिया खिलाई और नए कपड़ों का वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। जिलाधिकारी ने बताया कि राजकीय बालिका गृह में वर्तमान में 111 बच्चियां निवास कर रही हैं। इनमें वे बालिकाएं शामिल हैं जिनके माता-पिता नहीं हैं। उनके रहने, भोजन और शिक्षा की समुचित व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बालिका गृह की किसी भी सुविधा में कमी नहीं आने दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बच्चियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और दैनिक जीवन से जुड़ी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 10 बच्चियां इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हो रही हैं, जिनके लिए किताबों और अन्य शैक्षणिक संसाधनों की विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही लाइब्रेरी और शिक्षकों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। बच्चियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेलकूद की बेहतर व्यवस्था और पार्किंग स्थल का निर्माण भी कराया जा रहा है। नाबालिग बच्चियों की सुरक्षा और देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। होली के अवसर पर जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि वे त्योहार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# होली एआई रे... रंगों से ज़्यादा फ़िल्टर का त्योहार

● होली आई रे... नहीं साहब, इस बार होली एआई रे!

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

अब न पिचकारी असली रही, न रंग असली–सब कुछ 'अपडेटेड वर्ज़न' में आ गया है। मोहल्ले की गली में अबीर-गुलाल कम और मोबाइल के कैमरे ज़्यादा उड़ते दिखाई देते हैं। पहले लोग होली पर गले मिलते थे, अब 'फेस रिकॉग्निशन' से पहचानते हैं– 'अरे तुम ही हो न? वही जो पिछले साल मेरे ऊपर पक्का रंग डालकर भाग गए थे?' अब बदला भी डिजिटल हो गया है। एआई बता देता है कि किसने किस पर कितना रंग लगाया और किसने फोटो में कितनी मुस्कान एडिट की।कहते हैं होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। भक्त प्रह्लाद की भक्ति और होलिका के दहन की कथा हम बचपन से सुनते आए हैं। पर आजकल लगता है कि असली होलिका तो हमारी प्राइवेसी है, जो हर साल सोशल मीडिया की अग्नि में स्वाहा हो जाती है।अब देखिए, पहले मथुरा-वृंदावन की होली की चर्चा होती थी, लोग मथुरा और वृंदावन जाने का सपना देखते थे। अब सपना यह होता है कि 'रील' वायरल हो जाए। रंग से ज्यादा फिक्र इस बात की होती है कि वीडियो पर कितने व्यूज़ आए। कोई गुलाल लगाने से पहले पूछता है– 'भाई, कैमरा ऑन है न? 'एआई का कमाल देखिए–अब होली की शुभकामनाएँ भी इंसान नहीं, 'चैटबॉट' लिखते हैं। एक क्लिक में सौ लोगों को एक जैसा संदेश– 'रंगों का त्योहार आपके जीवन में खुशियों की बहार लाए।' बहार तो ठीक है, पर मौलिकता का क्या?मोहल्ले के शर्मा जी ने इस बार 'स्मार्ट पिचकारी' खरीदी है। कहते हैं इसमें सेंसर लगा है–जो सामने वाले के कपड़ों की कीमत पहचानकर उसी हिसाब से रंग की मात्रा तय करता है। महंगे कपड़े पर हल्का गुलाल, सस्ते पर पूरा टैंक खाली! तकनीक का न्याय भी बड़ा विचित्र है।बच्चे अब कीचड़ में नहीं कूदते, वे 'वर्चुअल होली गेम' खेलते हैं। स्क्रीन पर रंग उड़ाते हैं और असली कपड़े साफ रखते हैं। मां-बाप भी खुश–न कपड़े धुलेंगे, न गली में शिकायत आएगी।

और नेताओं की होली? वह भी एआई-प्रूफ हो गई है। भाषण पहले से ही 'डेटा एनालिसिस' से तैयार–किस



मोहल्ले में कितनी मिठास घोलनी है, किस वर्ग पर कितना रंग डालना है, सब एल्गोरिद्म तय करता है।पर इस व्यंग्य के बीच एक सच भी छिपा है–तकनीक ने सुविधाएँ दी हैं, पर त्योहार की आत्मा अभी भी दिलों में बसती है। होली का असली रंग तब चढ़ता है जब रूठे मन मान जाते हैं, जब बिना फिल्टर की हँसी गूंजती है, जब रिश्तों की पिचकारी सच्चे स्नेह से भीगती है।तो आइए, इस बार 'होली एआई रे...' कहते हुए भी इंसानियत का रंग फीका न पड़ने दें। तकनीक का आनंद लें, पर रिश्तों को ऑफलाइन ही रखें। क्योंकि असली होली वही है, जो दिल से खेली जाए–बिना डेटा पैक और बिना एडिट के।

## आगामी पर्व होलिकोत्सव एवं होली को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूर्णतः सतर्क

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज-** कस्बा गोपीगंज में श्री आर.पी. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर एवं क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त एवं भ्रमण किया गया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। पुलिस महानिरीक्षक महोदय ने भ्रमण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता, अफवाह या अव्यवस्था को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर बल दिया–संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त व पुलिस उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी जाए। बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्कता बढ़ाई जाए। शांति समिति के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर आपसी भाईचारा कायम रखा जाए। आपात स्थिति से निपटने हेतु पुलिस बल को अलर्ट मोड पर रखा जाए। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि होली जैसे रंगों के इस पर्व को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह भी किया गया। जनपद पुलिस द्वारा यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि आगामी पर्वों को भयमुक्त, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# ट्रेन में रह गया बच्चा, आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर गिरी महिला; वीडियो हो रहा वायरल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आगरा।** अगर आप ट्रेन से सफर करने जा रहे हैं। ट्रेन में कोई सामान या फिर स्वजन छूट गया है तो ऐसे में इसकी शिकायत रेलवे अधिकारियों से की जा सकती है। रेलवे आपकी मदद करेगी लेकिन जल्दबाजी में चढ़ने का प्रयास न करें। इससे आपकी जान भी जा सकती है। सोमवार को आगरा कैंट रेलवे स्टेशन का एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। एक महिला यात्री पानी की बोतल लेने के लिए उतरी थी। इस बीच ग्रीन सिग्नल हो गया और ट्रेन चल दी। महिला का बेटा कोच में ही छूट गया। महिला ने ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। प्लेटफार्म पर गिर पड़ी। दूसरी बार में किसी तरीके से चढ़ गई। रेलवे ने जल्दबाजी में ट्रेन में न चढ़ने की अपील की है। आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से हर दिन 25 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। होली के चलते संख्या 30 हजार से अधिक पहुंच गई है। सोमवार को इंटरनेट मीडिया में एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। महिला यात्री पानी की बोतल खरीदने के लिए ट्रेन से उतरी। इस बीच ट्रेन चल दी। यह देखकर महिला घबरा गई। महिला का बच्चा ट्रेन में होने पर उसे दौड़ लगा दी। कोच में चढ़ने के लिए दरवाजे का हैंडल पकड़ा लेकिन वह छूट गया। महिला प्लेटफार्म में धड़ाम से गिर पड़ी। उसने हिम्मत नहीं हारी। ट्रेन की गति और भी बढ़ गई। यह देखकर महिला ने दोबारा दौड़ लगा दी और किसी तरीके से कोच में चढ़ गई। महिला का यह वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है। जनसंपर्क अधिकारी प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि जल्दबाजी में ट्रेन में न चढ़े। अगर कोई सामान या फिर स्वजन छूट गया है तो इसकी शिकायत रेलवे अधिकारियों या फिर रेलवे हेल्प लाइन से की जा सकती है।